www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...
राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
नई दिल्ली, बुधवार, 6 दिसम्बर, 2023 | वर्ष-16 | अंक -241 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए



जिसे परिणाम पता था उसी ने बनवाया होगा एग्जिट पोल : कमलनाथ 02
■ चोर दरवाजे से आप सरकार गिराना चाहती है केंद्र...
■ दिश में सांप्रदायिकता व ध्रुवीकरण घातक : सलीम 03
■ ब्रिटिश सरकार ने भारतीयों के लिए ब्रिटेन में काम करना...
■ पंजाब मूल का ब्रिटिश नागरिक अमृतसर में पकड़ा गया 07
ऐश्वर्या खरे ने शो में बच्चे जैसा किरदार निभाने के... 10

## सार संक्षेप

### संस्कृत संस्कृति की पहचान तथा प्रगति का आधार भी : मुर्मू



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संस्कृत भाषा को देश की संस्कृति की पहचान तथा संवाहक बताते हुए आज कहा कि यह देश की प्रगति का भी आधार है। श्रीमती मुर्मु ने मंगलवार को यहां श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के पहले दीक्षांत समारोह में कहा , संस्कृत हमारी संस्कृति की पहचान और संवाहक रही है। यह हमारे देश की प्रगति का आधार भी रही है।

### राजस्थान की करनपुर सीट का 5 जनवरी को चुनाव




**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने राजस्थान विधानसभा के करनपुर निर्वाचन क्षेत्र का चुनाव शुक्रवार पांच जनवरी 2024 को कराने की मंगलवार को घोषणा की। आयोग की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, करनपुर निर्वाचन क्षेत्र के लिए अधिसूचना 12 दिसंबर को जारी की जायेगी और नामांकन पत्र 19 दिसंबर गुरुवार तक जारी किए जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 20 दिसम्बर को की जाएगी और नामांकन पत्र 22 दिसंबर तक वापस लिए जा सकेंगे।

### श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष की हत्या



**जयपुर।** श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की मंगलवार दोपहर जयपुर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। हमलावरों ने उनके घर के बाहर उन पर फायरिंग की और फरार हो गए। सुखदेव सिंह गोगामेड़ी को मेट्रो मास अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### एनआईए की जम्मू कश्मीर में आठ जगहों पर छापेमारी



**श्रीनगर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर में आठ जगहों पर छापेमारी की। एनआईए के सूत्रों ने कहा कि ये छापे एजेंसी की आतंकी फंडिंग मामले में चल रही जांच का हिस्सा है। छापेमारी के दौरान घाटी में सात और जम्मू में एक जगह की तलाशी ली जा रही है। उन्होंने कहा, ये छापेमारी घाटी के बारामूला और शोपियां जिलों के अलावा अन्य स्थानों पर चल रही है।


### पहाड़ों पर बर्फबारी से माइनस में पहुंचा तापमान



**देहरादून।** दिसंबर का महीना शुरू होते ही ठंड का कहर बढ़ने लगा है। पहाड़ी जिलों में बर्फबारी तो मैदानी जिलो में बारिश हो रही है। केदारनाथ और बद्रीनाथ में न्यूनतम तापान माइनस 8 तक पहुंच चुका है। केदारनाथ धाम में सोमवार से बर्फबारी जारी है।

# आंध्र तट से टकराया मिचौंग तूफान, 12 की मौत

■ 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं ■ 50 से ज्यादा उड़ाने व 100 से ज्यादा ट्रेनें हुई रद्द ■ सबसे ज्यादा असर आंध्र प्रदेश व तमिलनाडु पर



**चेन्नई,** 5 दिसम्बर (एजेंसियां)। बंगाल की खाड़ी से 2 दिसंबर को उठा तूफान मिचौंग मंगलवार दोपहर आंध्र प्रदेश के तट से टकराया। मौसम विभाग के मुताबिक दोपहर ठीक 1 बजे तूफान बापटला में नेल्लोर-मछलीपट्टनम के बीच लैंडफॉल कर गया। लैंडफॉल के दौरान 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। अभी भी तेज हवाओं के साथ बारिश हो रही है। तूफान अगले दो घंटे में कमजोर होकर आगे बढ़ जाएगा। तूफान का सबसे ज्यादा असर आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में है। दोनों राज्यों में 100 से ज्यादा ट्रेनें और 50 से ज्यादा उड़ाने कर दी गई हैं। आंध्र प्रदेश के कोस्टल एरिया से 9 हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित ठिकानों पर पहुंचाया। तमिलनाडु में तूफान की वजह से रविवार से भारी बारिश हो रही है। तमिलनाडु के मुख्य सचिव ने बताया कि राज्य में 2 दिनों के भीतर 3 महीने की बारिश हो गई है। चेन्नई शहर बारिश की वजह से डूब चुका है। 12 लोगों की मौत हो चुकी है।

**जलमग्न हुआ चेन्नई शहर**

मिचौंग तूफान का असर तमिलनाडु पर सबसे ज्यादा रहा। 3 दिसंबर सुबह से अब तक चेन्नई में करीब 400-500 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। तमिलनाडु के वाटर सप्लाई मिनिस्टर के मुताबिक, शहर में 70-80 साल में पहली बार ऐसी बारिश हुई है। राज्य में एनडीआरएफ की 7 टीमें तैनात की गई हैं। इसके अलावा कोस्टल रीजन में रेड अलर्ट जारी किया गया है।

## 24 घंटे फंसे रहे आमिर खान

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान आंध्र प्रदेश तट पर बापटला के पास चक्रवात मिचौंग के आने के कारण चेन्नई की बाढ़ में फंसे हुए थे। हालांकि, 24 घंटे तक फंसे रहने के बाद एक्टर को बचा लिया गया है। तमिल एक्टर विष्णु विशाल ने मंगलवार को अपने एक्स अकाउंट से बचाव की तस्वीरें साझा की, जिसमें बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान भी दिख



रहे हैं। एक्टर ने बचाव से जुड़ी दो तस्वीरें साझा की, जिसमें वह और आमिर एक नाव पर नजर आ रहे हैं और उनके आसपास बचाव विभाग के लोग हैं।

## चक्रवात से नुकसान के आकलन के लिए केंद्रीय दल भेजा जाए

द्रमुक के नेता टीआर बालू और तेलगू देसम पार्टी (तेदेपा) के सांसद जयदेव गल्ला ने मंगलवार को केंद्र सरकार से आग्रह किया कि चक्रवात 'मिचौंग' के कारण तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में हुए नुकसान के आकलन के लिए जल्द केंद्रीय दल भेजा जाए और इन राज्यों को सहायता उपलब्ध कराई जाए। दोनों नेताओं ने लोकसभा में शून्यकाल के दौरान यह मांग उठाई।

# जम्मू कश्मीर से जुड़े दो विधेयक लोकसभा पेश

**नई दिल्ली,** 5 दिसम्बर (देशबन्धु)। लोकसभा में जम्मू और कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक 2023 और जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक 2023 को पेश किया गया। जम्मू और कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक जम्मू और कश्मीर आरक्षण अधिनियम 2004 में संशोधन करता है। यह अधिनियम अनुसूचित जाति और जनजाति तथा अन्य सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों के लोगों को नौकरियों और व्यावसायिक संस्थानों में आरक्षण प्रदान करता है। जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 में संशोधन करता है। प्रस्तावित विधेयक से विधानसभा सीटों की कुल संख्या बढ़कर 83 से बढकर 90 हो जाएगी। सदन में कल चर्चा जारी रहेगी।



■ सदन में आज भी चर्चा जारी रहेगी

## संसद मे उठा सनातन का मुद्दा

नई दिल्ली। मंगलवार को राज्यसभा में सनातन धर्म को लेकर विवादित टिप्पणी करने वाले तमिलनाडु सरकार में मंत्री उदयनिधि स्टालिन को बर्खास्त करने और उन पर मुकदमा चलाने का मामला उठा। शून्यकाल में भाजपा सांसद जीवीएल नरसिम्हा राव ने इस मामले को उठाते हुए कहाकि उदयनिधि ने सनातन और हिंदू धर्म को लेकर नफरती भाषण दिया है। जो कि बेहद आपत्तिजनक और हिंदू भावनाओं का अनादर है। इसलिए न केवल उन्हें डीएमके सरकार से बर्खास्त किया जाए बल्कि उन पर मुकदमा भी चलाया जाना चाहिए। इस दौरान उन्होंने इंडिया गठबंधन को भी निशाना बनाकर कहाकि यह सनातन धर्म को खत्म करना है। उन्होंने आरोप लगाया कि इंडिया गठबंधन का उद्देश्य भारत विरोधी एजेंडा चलाना है।

**भाजपा ने की उदयनिधि को बर्खास्त करने की मांग**

# इंडिया गठबंधन की बैठक 17 को

**नई दिल्ली,** 5 दिसम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और नीतीश कुमार की नाराजगी के बीच राष्ट्रीय जनता दल सुप्रीमो लालू यादव ने मंगलवार को कहा कि इंडिया अलांयस की बैठक 17 दिसंबर को होगी। पहले यह बैठक 6 दिसंबर को होनी थी। इसे बैठक को कांग्रेस ने बुलाया था। इस बैठक में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव सहित कई नेताओं ने शामिल होने की सहमति नहीं दी थी, जिसके बाद इसे रद्द कर दिया गया था।



■ पहले छह दिसम्बर को होनी थी बैठक

■ कई नेताओं ने व्यस्तता का दिया हवाला

सूत्रों के मुताबिक तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने तमिलनाडु में चक्रवाती तूफान मिचौंग के कारण बैठक में शामिल होने से मना कर दिया था. वहीं, नीतीश कुमार तबीयत ठीक नहीं होने की वजह से मीटिंग से दूर रहने वाले थे।

## ममता के घर में शादी का कार्यक्रम

वहीं, अगर बात करें ममता बनर्जी की को उनके घर में शादी का कार्यक्रम है, जिसकी वजह वह भी बैठक में शामिल होती। इसके अलावा अखिलेश यादव और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी बैठक में शामिल नहीं हो रहे थे।

### कांग्रेस ने किया ऐलान

# रेवंत रेड्डी होंगे तेलंगाना के नए मुख्यमंत्री

**हैदराबाद,** 5 दिसम्बर (एजेंसियां)। तेलंगाना के अगले मुख्यमंत्री प्रदेश अध्यक्ष ए. रेवंत रेड्डी होंगे। रेड्डी का शपथ ग्रहण समारोह 7 दिसंबर को होगा। इसमें कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी सहित कई नेता मौजूद रहेंगे। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने मंगलवार को कहा कि रेवंत रेड्डी पार्टी विधायक दल के नेता चुने गए हैं। उन्होंने पार्टी की ओर से प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा, 'कांग्रेस विधायक दल की बैठक हैदराबाद में हुई। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार सहित अन्य नेता मीटिंग में शामिल हुए।

■ पार्टी विधायक दल के नेता चुने गए रेवंत रेड्डी

■ 7 दिसम्बर को लेंगे शपथ, राहुल भी शामिल होंगे

**खड़गे को अधिकृत किया गया था**

उन्होंने आगे कहा, 'सीएलपी मीटिंग में दो तीन प्रस्ताव हुए। इसमें तेलंगाना के लोगों, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी का शुक्रिया किया गया। दरअसल, तेलंगाना में नवनिर्वाचित कांग्रेस विधायकों की बैठक में खड़गे को कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) का नेता नियुक्त करने के लिए अधिकृत किया गया था। इसके बाद दिल्ली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने खड़गे से उनके आवास पर मुलाकात की थी। यहां डीके शिवकुमार और तेलंगाना के कांग्रेस प्रभारी माणिकराव ठाकरे भी मौजूद थे।



## केसीआर को सत्ता से किया बाहर

तेलंगाना विधानसभा चुनाव के परिणाम में के चंद्रशेखर राव (केसीआर) को झटका लगा था। कांग्रेस ने 119 में से 64 सीटें हासिल कर भारत राष्ट्र समिति को सत्ता से बाहर कर दिया था। वहीं बीआरएस 39 सीटों पर सिमट कर रह गई थी। इसके अलावा बीजेपी ने 8 तो ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन ने 7 सीटें हासिल की थी। रेड्डी को कांग्रेस की जीत का श्रेय दिया जा रहा है।

# 'चिप वाली कोई भी मशीन की जा सकती है हैक'

### हार के बाद ईवीएम पर बोले दिग्विजय

**भोपाल,** 5 दिसम्बर (देशबन्धु)। मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने राज्य की बहुत सी सीटों पर पार्टी को मिले डाक मतपत्रों की संख्या सार्वजनिक करते हुए कहा कि वे 2003 से ईवीएम का विरोध करते आ रहे हैं और उनका मानना है कि चिप वाली कोई भी मशीन हैक की जा सकती है। श्री सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ये आंकड़े पोस्ट किए हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा , 'डाक मतपत्रों के ज़रिए कांग्रेस को वोट देनेवाले और हम पर भरोसा जतानेवाले सभी मतदाताओं का धन्यवाद! तस्वीरों के आंकड़ों में एक प्रमाण है जो यह बताता है कि पोस्टल बैलेट के ज़रिए हमें यानी कांग्रेस को 199 सीटों पर बढ़त है। जबकि इनमें से अधिकांश सीटों पर ईवीएम काउंटिंग में हमें मतदाताओं का पूर्ण विश्वास न मिल सका। यह भी कहा जा सकता है कि जब तंत्र जीतता है तो जनता (यानी लोक) हार जाती है। हमें गर्व है कि हमारे जमीनी कार्यकर्ताओं ने जी जान से कांग्रेस के लिए काम किया और लोकतंत्र के प्रति अपने विश्वास को पुख्ता किया।' एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा है कि वे 2003 से ईवीएम से वोटिंग का विरोध कर रहे हैं। कोई भी ऐसी मशीन जिसमें चिप लगी हो, वो हैक की जा सकती है। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि क्या हम अपने लोकतंत्र पर 'प्रोफेशनल हैकर्स' का नियंत्रण चाहते हैं। इस सवाल पर सभी राजनीतिक दलों को चिंतन करना होगा। मध्यप्रदेश में कांग्रेस 2003 से सत्ता से बाहर है। वर्ष 2018 में 15 महीने के लिए कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार बनी थी, लेकिन मार्च 2020 के बाद से फिर राज्य में भाजपा का शासन हो गया।



**2003 से ईवीएम से वोटिंग का कर रहा हूं विरोध**

# भारत व केन्या वन संरक्षण के क्षेत्र में करेंगे सहयोग

**नई दिल्ली,** 5 दिसम्बर (देशबन्धु)। भारत एवं केन्या ने अपने राजनयिक संबंधों की 60वीं वर्षगांठ के मौके पर पर्यावरण एवं वन संपदा के संरक्षण तथा स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में मिल कर काम करने का संकल्प लिया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्या के राष्ट्रपति विलियम सामोई रूतो के साथ यहां हैदराबाद हाउस में हुई द्विपक्षीय शिखर बैठक में ये संकल्प लिए गए। दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। श्री मोदी ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारत की विदेश नीति में अफ्रीका को हमेशा उच्च प्राथमिकता का स्थान दिया गया है। पिछले लगभग एक दशक में हमने मिशन मोड में अफ्रीका के साथ अपना सहयोग बढ़ाया है। इस वर्ष हम भारत और केन्या के राजनयिक संबंधों की साठवीं वर्षगांठ मना रहे हैं, किन्तु हमारे संबंधों का हजारों वर्ष पुराना इतिहास है। उन्होंने कहा कि भारत और केन्या के बीच आपसी व्यापार और निवेश में लगातार प्रगति हो रही है।



■ राजनयिक संबंधों की 60वीं वर्षगांठ पर लिया संकल्प

■ प्रधानमंत्री मोदी व केन्या के राष्ट्रपति ने की बैठक

# जोजिला दर्रा सड़क हादसे में 7 पर्यटकों की मौत

**श्रीनगर,** 5 दिसम्बर (एजेंसियां)। लद्दाख क्षेत्र को कश्मीर घाटी से जोड़ने वाले जोजिला दर्रा क्षेत्र में मंगलवार को एक सड़क दुर्घटना में सात पर्यटकों की मौत हो गई। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। अधिकारियों ने कहा कि पर्यटकों और चालक को ले जा रहा एक वाहन जोजिला दर्रे पर यादव मोड़ के पास चालक के नियंत्रण से बाहर हो गया और गहरी खाई में गिर गया। इस दुर्घटना में केरल के सात पर्यटकों की मौत हो गई है, जबकि वाहन चालक को गंभीर चोटें आई हैं। एक अधिकारी ने कहा, घायल ड्राइवर को विशेष उपचार के लिए शेर-ए-कश्मीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एसकेआईएमएस) श्रीनगर में स्थानांतरित कर दिया गया है।

■ मोड़ पर गहरी खाई में गिरा वाहन

**राजनीति** एडीआर ने उम्मीदवारों के शपथ पत्रों का किया विश्लेषण

# छत्तीसगढ़ के 90 विधायकों में से 17 पर आपराधिक मामले दर्ज

**नई दिल्ली,** 5 दिसम्बर (एजेंसियां)। 2023 में विश्लेषण किए गए 90 विजेता उम्मीदवारों में से 17 विजेता उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं। मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और छत्तीसगढ़ इलेक्शन वॉच ने छत्तीसगढ़ 2023 विधानसभा चुनावों में सभी 90 विजेता उम्मीदवारों के स्व-शपथ पत्रों का विश्लेषण किया।

अपनी रिपोर्ट में कहा, 2023 में विश्लेषण किए गए 90 विजेता उम्मीदवारों में से 17 (19 प्रतिशत) ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं। 2018 में 24 विधायकों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि केवल 6 विजयी उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। 2018 में 13 विधायकों ने अपने खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए थे। रिपोर्ट के अनुसार, भाजपा के 54 विजेता उम्मीदवारों में से 12 और कांग्रेस के 35 विजेता उम्मीदवारों में से 5 ने हलफनामे में अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं। जबकि, भाजपा के 54 विजयी उम्मीदवारों में से 4 और कांग्रेस के 35 विजयी उम्मीदवारों में से 2 ने अपने हलफनामे में अपने खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की है। वहीं छत्तीसगढ़ में 72 विजयी उम्मीदवार करोड़पति हैं। 2018 में 68 विधायक करोड़पति थे। रिपोर्ट के अनुसार, 90 विधायकों में से भाजपा के 54 में से 43 और कांग्रेस के 35 में से 29 ने एक करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति घोषित की है।




■ राज्य में 72 विजयी उम्मीदवार हैं करोड़पति

■ भाजपा विधायक भावना बोहरा सबसे अमीर

**विधायकों की संपत्ति का औसत 5.25 करोड़**

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 में जीतने वाले उम्मीदवारों की संपत्ति का औसत 5.25 करोड़ रुपए है। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2018 में प्रति विधायक औसत संपत्ति 11.63 करोड़ रुपए थी। भाजपा के 54 विजयी उम्मीदवारों की प्रति विजेता औसत संपत्ति 5.70 करोड़ रुपए है और कांग्रेस के 35 विजेता उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 4.70 करोड़ रुपए है।

# देश

**उवाच**

"निजी बैंक कार व मकानों के लिए काफी कम ब्याज दर पर कर्ज उपलब्ध कराते हैं जबकि किसानों से कर्ज पर 22 प्रतिशत वार्षिक दर पर ब्याज वसूल रहे हैं। उद्योगपतियों के लाखों करोड़ रुपए के कर्ज बट्टे खाते में डाल दिए गए हैं।

-जसवीर सिंह गिल,कांग्रेस नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 24.0 | 11.0 |
| मुंबई | 26.0 | 25.0 |
| कोलकाता | 24.0 | 21.0 |
| चेन्नई | 30.0 | 27.0 |

# जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराए सरकार

## संसद में विपक्ष ने की राज्य के पिछड़ों, दलितों व आदिवासियों को न्याय देने की मांग

**नई दिल्ली,** 5 दिसम्बर (एजेंसियां)। लोकसभा में विपक्ष ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के पिछड़ों, दलितों और आदिवासियों को न्याय देने के लिए वहां केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा समाप्त करके विधानसभा चुनाव कराने की मांग की ताकि सभी वर्गों को राज्य विधानसभा के माध्यम से समुचित हक मिल सके। लोकसभा में जम्मू कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक 2023 तथा जम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक 2023 पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कांग्रेस के मनीष तिवारी ने कहा कि सरकार को यह सदन को बताना चाहिए कि जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा कब दिया जा रहा है और वहां विधान सभा के चुनाव कब कराएं जाएंगे। कांग्रेस के मनीष तिवारी ने जम्मू कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक 2023 तथा जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक 2023 पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि जिस कानून की संवैधानिक वैधता को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी गई और वह न्यायालय में विचाराधीन है उसमें संशोधन कैसे लाया जा सकता है। उच्चतम न्यायालय से जब तक कोई फैसला नहीं आ जाता तब तक उस कानून में संशोधन आना ही नहीं चाहिए था। उन्होंने कहा कि पांच अगस्त को जो हुआ उसकी संविधान अनुमति ही नहीं देता है। संविधान में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कि



**सरकार को बताना चाहिए कि जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा कब दिया जा रहा है : मनीष तिवारी**

किसी राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया जाए सरकार को किसी भी राज्य के बारे में कुछ करने से पहले उस राज्य की विधानसभा से सलाह मशविरा करना चाहिए था। उन्होंने कहा कि संवैधानिक नैतिकता कहती है कि यह विधेयक इस सदन में आना ही नहीं चाहिए था।

**पिछड़े वर्ग के लोगों को सरकार पर जो भरोसा होना चाहिए था वह नहीं हुआ**

कांग्रेस के डॉ. अमर सिंह ने विधेयक का समर्थन किया लेकिन कहा कि धारा 377 हटाने के बाद जम्मू-कश्मीर के पिछड़े वर्ग के लोगों को सरकार पर जो भरोसा होना चाहिए था वह नहीं हुआ है। वहां अब भी पिछड़ा वर्ग के लिए दो प्रतिशत आरक्षण है इसलिए सरकार को बताना चाहिए कि इस विधेयक की पारित होने के बाद वहां 27 प्रतिशत आरक्षण लागू होगा। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में पंजाबियों की आबादी बड़ी है इसलिए पंजाब के लोगों को भी जम्मू कश्मीर के लिए गठित आयोग में जगह मिलनी चाहिए। द्रविड मुनेत्र कषगम के डॉ. डीएनवी सेंथिल कुमार ने कहा कि तमिलनाडु पिछड़े वर्गों को आरक्षण देने में सबसे आगे है।

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा का गठन होना चाहिए और वहां के लोगों को उन चुने हुए प्रतिनिधियों के माध्यम से न्याय मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका में अगडे वर्गों का बोलबाला है इसलिए ओबीसी को इसमें महत्व दिया जाना चाहिए। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सुप्रिया सुले ने कहा कि जम्मू कश्मीर की जातियों की तरह महाराष्ट्र में मराठा एवं धनगर समाज को भी आरक्षण दिया जाए। उन्होंने जम्मू कश्मीर के बारे में कहा कि केंद्र शासित प्रदेश के लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव आया है, लेकिन वहां जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख में चुनाव कराने की जरूरत है। श्रीनगर शहरी निकाय के चुनावों को स्थगित किया गया है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर की जीडीपी में पर्यटन का योगदान केवल सात प्रतिशत का है। कृषि एवं बागवानी के लिए सरकार के कदमों के बारे में क्या किया जा रहा है। बेरोजगारी दूर करना है। जम्मू कश्मीर में शहरों में दस दस घंटे बिजली की कटौती की जा रही है। उन्हें राष्ट्रीय ग्रिड से बिजली दी जानी चाहिए। नेशनल कांफ्रेंस के हसनैन मसूदी ने कहा कि पांच अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 एवं 35 ए के हटाने के बाद आज जिस कानून का संशोधन किया जा रहा है वह जम्मू कश्मीर विधानसभा में 2003 में बनाया गया था और आरक्षण प्रदान किया गया था। उन्होंने कहा कि कानून में संशोधन का अधिकार जम्मू कश्मीर विधानसभा का है जिसे संसद ने इस समय अपने अधिकार में ले लिया है। केन्द्र शासित प्रदेश में चुनाव कराने में क्यों देरी हो रही है। चार साल से डेढ़ करोड़ लोगों को जम्हूरी हक हासिल नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार में जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने की हिम्मत नहीं है। जिसे सामान्य स्थिति कहा जा रहा है, वह ऊपरी है।

### जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण में नहीं है आतंकवाद : तृणमूल कांग्रेस



तृणमूल कांग्रेस के सौगत राय ने कहा कि जब तक जम्मू-कश्मीर में विधानसभा का गठन नहीं होता है और राज्य के विभिन्न वर्गों के चुने हुए प्रतिनिधि अपने समाज के हित के लिए राज्य विधानसभा में आवाज नहीं उठाते तब तक राज्य के लोगों को न्याय नहीं मिल सकता। उन्होंने मोदी सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि देश के इतिहास में केंद्र शासित प्रदेश से राज्य विधानसभा में तब्दील तो हुए है लेकिन मोदी सरकार ने इसके विपरीत चलते हुए जम्मू-कश्मीर विधानसभा को खत्म कर उसे केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा दिया है। उन्होंने कहा कि 370 हटाकर मोदी सरकार भले ही वाह वाही लूटने का प्रयास कर रही हो लेकिन सच यह है कि आतंकवाद वहां नियंत्रण में नहीं है। हाल में ही आतंकवादी घटनाओं में चार सैन्य अधिकारी शहीद हुए है। वहां राज्यपाल सिर्फ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेते हैं और जनकल्याण के कार्यक्रमों में कहीं शामिल नहीं होते। इस तरह से जम्मू-कश्मीर को पर्यटकों का राज्य बना दिया गया है जबकि वह जम्मू-कश्मीर की लोगों का राज्य है। मोदी सरकार जम्मू कश्मीर में शांति बहाल करने में नाकामयाब रही है।

## संसद से

### न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 30-35 बार बैठ चुकी है समिति : नरेन्द्र तोमर

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने मंगलवार को कहा कि कृषि उत्पादों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) देने को कानूनी अधिकार का दर्जा दिए की संस्तुतियां देने संबंधी समिति की कार्यवाही चल रही है पर अभी इसकी रिपोर्ट नहीं मिली हैं। तोमर ने लोकसभा में प्रश्न काल में कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी के प्रश्न के उत्तर में बताया कि इसके लिए समिति बनाई गई थी जिसकी 30-35 बैठकें हो चुकी हैं और रिर्पोर्ट की प्रतीक्षा है। उन्होंने कहा कि स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के अनुसार किसानों को उनकी उपज का सरकारी मूल्य कृषि लागत पर कम से कम 50 प्रतिशत का मुनाफा जोड़कर निर्धारित किया जा रहा है।

### असत्य ठहराने वाले को मिला फल : ज्योति

केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने मंगलवार को लोकसभा में कहा कि तृणमूल कांग्रेस के सांसदों के एक दल से पिछले दिनों अपने मंत्रालय में समय देकर भी न मिलने के आरोप को निराधार एवं राजनीति से प्रेरित बताते हुए कहा कि यह असत्य आरोप लगाने वाले को सजा मिल गई है। साध्वी निरंजन ज्योति ने अपने मंत्रालय से संबंधित पूरक सवालों का जवाब देते हुए तृणमूल कांग्रेस के आरोपों के बारे में कहा कि वह घटना के दिन अपने कार्यालय में शाम छह बजे से रात साढ़े आठ बजे तक इंतजार करती रहीं लेकिन कोई भी सांसद उनसे मिलने नहीं आया। राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिये उनके विरुद्ध निराधार आरोप लगाये जा रहे हैं।

### संपत्ति का समान बंटवारा करने की मांग

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जान ब्रिटास ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि देश में संपत्ति का केंद्रीकरण हो रहा है जो संविधान का उल्लंघन है। ब्रिटास ने सदन में यह मामला उठाते हुए एक अध्ययन के हवाले से कहा कि देश की 40 प्रतिशत परिसंपदा एक प्रतिशत लोगों के पास है। इसके अलावा 50 प्रतिशत परिसंपदा 30 प्रतिशत आबादी के पास है। शेष आबादी के पास 10 प्रतिशत परिसंपदा है। उन्होंने संविधान के विभिन्न अनुच्छेदों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह संविधान का उल्लंघन है। संविधान आर्थिक समानता की ओर बढ़ने का निर्देश देता है। सरकार को आर्थिक समानता की दिशा की ओर बढ़ना चाहिए। भाजपा के लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने शहरों, छोटा कस्बों और गांवों में रह रहे छोटे कारीगरों सुनार, बढ़ई, लौहार, मोची आदि के समक्ष कारोबार के संकट का मामला उठाया।

### प्रत्येक पंचायत में किए जाएंगे पैक्स स्थापित

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री बी.एल.वर्मा ने कहा कि देश में केंद्र स्तर पर पहली बार सहकारिता मंत्रालय का गठन मोदी सरकार ने किया है जिसके जरिए ग्रामीणों, विशेषकर छोटे किसानों को अनेक सुविधाएं उपलब्ध करवाकर उन्हें आर्थिक शोषण से बचाने का काम किया जा रहा है। वर्मा ने लोस में प्रश्न काल के दौरान भारतीय जनता पार्टी के राम शंकर कठेरिया के प्रश्न के उत्तर में बताया कि सहकारिता मंत्रालय ने किसानों की आय बढ़ाने के लिए बहुराज्यीय आर्गनिक सोसाइटी का गठन किया है जिससे किसानों को अनेक लाभ हो रहे हैं। आर्गनिक बीज सोसाइटी का गठन करके किसानों को बीज और अन्य सुविधाएं दिलाई जा रही हैं।

### महिलाओं के लापता होने का मुद्दा उठा

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की फौजिया खान ने महिलाओं के लापता होने का का मामला मंगलवार को राज्यसभा में उठाया। उन्होंने शून्य काल के दौरान देश में महिलाओं के लापता होने का मामला उठाते हुए आशंका जताई कि इन महिलाओं को तस्करी के जरिए विदेश में पहुंचाया जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों में दस लाख से अधिक महिलाएं लापता हो गई हैं। सरकार को संबंध में जन जागरूकता अभियान चलाना चाहिए और मानव तस्करों के प्रति जागरूक किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि संगठित अपराध है और इस संबंध में सख्ती बरती जानी चाहिए। खान ने कहा कि महिलाओं की तलाश के लिए विशेष बल का गठन किया जाना चाहिए।

### अहेरिया जाति को अनुसूचित जाति श्रेणी में शामिल करने की मांग

समाजवादी पार्टी के नेता रामगोपाल यादव ने राज्यसभा में उत्तर प्रदेश की अहेरिया जाति को अनुसूचित जनजाति श्रेणी में शामिल करने की मांग की। यादव ने सदन में शून्य काल के दौरान यह मामला उठाते हुए कहा कि इस संबंध में राज्य सरकार ने केंद्र सरकार को ज्ञापन भेजा था जिसे सामान्य प्रक्रिया से अस्वीकार कर दिया गया। यह अहेरिया जाति अनुसूचित जनजाति श्रेणी में शामिल होने की पूरी पात्रता रखती है। राज्य सरकार ने संबंध में सामाजिक आर्थिक और सांस्कृतिक का अध्ययन कराया है। केंद्र सरकार इसे संज्ञान में लेना चाहिए और अहेरिया जाति को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आजादी से पहले यह जाति अनुसूचित जनजाति श्रेणी में शामिल थी।

## सार संक्षेप

### राहुल को लड़ना चाहिए आम चुनाव : विजयन

**त्रिशूर।** केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने मंगलवार को कहा कि यह कांग्रेस को तय करना है कि पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को अगले आम चुनाव में राज्य में भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ लड़ना चाहिए या फिर वाम दल के खिलाफ, लेकिन अच्छा तो यही होता कि वह भाजपा के खिलाफ चुनावी समर में उतरतें। विजयन ने कहा, चूंकि मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) भी भाजपा को टक्कर देने के लिए बनाए गए विपक्षी गठबंधन का हिस्सा है, इसलिए वायनाड से श्री गांधी का चुनाव लड़ना दो सहयोगियों के बीच लड़ाई के समान है। आदर्श रूप से, गांधी को भाजपा के खिलाफ लड़ना चाहिए, न कि माकपा के खिलाफ। विजयन ने यह भी कहा कि भाजपा त्रिशूर से चुनाव में कोई सेंध नहीं लगा पाएगी। वर्ष 2019 में गांधी ने वायनाड में वाम दल के उम्मीदवार को हराकर चार लाख से ज्यादा वोटों से जीत हासिल की थी।

### पीडीपी ने जम्मू-कश्मीर में किया संसदीय बोर्ड का गठन

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने मंगलवार को वरिष्ठ नेता मोहम्मद सरताज मदनी को अध्यक्ष नामित करके अपने संसदीय बोर्ड का गठन किया। पीडीपी के एक प्रवक्ता ने कहा कि बोर्ड के सदस्यों में वरिष्ठ नेता अब्दुल रहमान वीरी, अब्दुल हामिद चौधरी, महबूब बेग, गुलाम नबी लोन और अमरीक सिंह रीन शामिल हैं। उन्होंने कहा कि संसदीय बोर्ड को चुनावी और संसदीय निर्णयों की देखरेख, अभियानों के प्रबंधन, चुनाव प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं को संभालने वाले कार्यक्रमों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि श्री मदनी की अध्यक्षता में बोर्ड अपने-अपने क्षेत्रों में पार्टी नेताओं के प्रदर्शन और अनुशासन संबंधी गतिविधियों की निगरानी करेगा, साथ ही संगठन के भीतर संसदीय मामलों को भी देखेगा।

### असम में अपराध दर में काफी कमी आई है

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की नवीनतम रिपोर्ट ने असम में कुल अपराध में 2021 के बाद से करीब 50 प्रतिशत की कमी दिखाई है। सरमा ने कहा कि एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार, असम में प्रति लाख लोगों पर अपराध दर 2021 में 341 और 2022 में 194 थी। उन्होंने एक्स पर लिखा कि नवीनतम एनसीआरबी रिपोर्ट से पता चलता है कि 2021 के बाद से असम में कुल अपराध लगभग 50 प्रतिशत कम हो गया है। पारदर्शी भर्ती और स्मार्ट पुलिसिंग में निवेश में हमारे प्रयास सफल हो रहे हैं। हम तब तक आराम नहीं करेंगे जब तक असम अपराध मुक्त नहीं हो जाता।

## जिसे परिणाम पता था उसी ने बनवाया होगा एग्जिट पोल : कमलनाथ

**भोपाल,** 5 दिसम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने राज्य में पार्टी की करारी हार के बाद मंगलवार को बिना किसी का नाम लिए कहा कि एग्जिट पोल में भी यही परिणाम दिखाया गया था और जिसे पहले से परिणाम पता था, उन्हीं ने एग्जिट पोल बनवाया होगा। कमलनाथ ने चुनाव परिणाम पक्ष में नहीं आने पर यहां संवाददाताओं से कहा कि अभी सभी प्रत्याशियों से चर्चा की जा रही है।



पार्टी के हारे और जीते हुए, सभी उम्मीदवारों को बुलवाया गया है। उनसे चर्चा करके चुनाव परिणाम का विश्लेषण किया जाएगा। ईवीएम के संदर्भ में कमलनाथ ने कहा कि अभी वे सभी उम्मीदवारों की बात सुन कर इस संबंध में किसी फैसले पर आएंगे। इसी क्रम में हालांकि उन्होंने कहा कि उन्हें कई विधायकों ने कहा कि उनके अपने गांव में उन्हें 50 वोट नहीं मिले, ऐसा कैसे हो सकता है। उन्होंने कहा कि एग्जिट पोल में भी कुछ इसी प्रकार का रिजल्ट दिखाया गया था। एग्जिट पोल तो सिर्फ माहौल बनाने के लिए था। जिसको पहले से परिणाम पता था उसने एग्जिट पोल बनवाया होगा।

## संस्कृति की पहचान तथा प्रगति का आधार भी है संस्कृत : मुर्मू

**नई दिल्ली,** 5 दिसम्बर (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संस्कृत भाषा को देश की संस्कृति की पहचान तथा संवाहक बताते हुए कहा कि यह देश की प्रगति का भी आधार है। मुर्मू ने मंगलवार को यहां श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के पहले दीक्षांत समारोह में कहा कि संस्कृत हमारी संस्कृति की पहचान और संवाहक रही है। यह हमारे देश की प्रगति का आधार भी रही है। संस्कृत की व्याकरण इस भाषा को अद्वितीय वैज्ञानिक आधार देती है। यह मानवीय प्रतिभा की अनूठी उपलब्धि है और हमें इस पर गर्व होना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि संस्कृत आधारित शिक्षा प्रणाली में गुरु या आचार्य को अत्यधिक महत्व दिया गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के छात्र इस परंपरा का पालन करेंगे और अपने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता के साथ जीवन में आगे बढ़ेंगे और शिक्षक भी छात्रों को जीवन भर आशीर्वाद देंगे और प्रेरित करेंगे। उन्होंने छात्रों को यह ध्यान रखने की सलाह दी कि हमारी परंपराओं में जो कुछ भी वैज्ञानिक और उपयोगी है, उसे स्वीकार किया जाना चाहिए और जो कुछ भी रूढ़िवादी, अन्यायपूर्ण और उपयोगहीन है, उसे



■ लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विवि के दीक्षांत समारोह को किया संबोधित

अस्वीकार किया जाना चाहिए। विवेक को सदैव जागृत रखा जाना चाहिए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में परिकल्पना की गई है कि युवा भारतीय परंपराओं में विश्वास रखते हुए 21वीं सदी की दुनिया में अपना उचित स्थान बनाएं।

हमारे देश में नैतिकता, धार्मिक आचरण, परोपकार और सर्व-कल्याण जैसे जीवन मूल्यों पर आधारित प्रगति में ही शिक्षा को सार्थक माना जाता है। उन्होंने कहा कि इस दुनिया में उन लोगों के लिए कुछ भी हासिल करना मुश्किल नहीं है, जो हमेशा दूसरों के कल्याण में लगे रहते हैं।

## पिछड़ा-अतिपिछड़ा विरोधी है केंद्र : जदयू

**पटना,** 5 दिसम्बर (देशबन्धु)। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को पिछड़ा-अतिपिछड़ा विरोधी बताया और कहा कि यही वजह है वह बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं दे रही है। जदयू के राष्ट्रीय महासचिव राजीव रंजन ने बिहार के पिछड़े-अतिपिछड़े और दलित समाज के विकास के लिए विशेष राज्य के दर्जे की मांग को बेहद जरूरी बताते हुए मंगलवार को कहा कि जातिगत गणना के नतीजों से यह साफ हो गया है कि बिहार में पिछड़े-अतिपिछड़े और दलित समाज के लोग सर्वाधिक हैं। जाहिर है कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिलने पर राज्य की कुल जनसख्या में लगभग 80 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाले इन्हीं लोगों को सबसे अधिक लाभ मिलेगा। यह समाज तेजी से प्रगति करेंगे और इनके माथे से गरीबी का ठप्पा हट जाएगा लेकिन इस समाज के लोगों को बंधुआ मजदूर समझने वाली भाजपा इनकी प्रगति की बात सोच भी नहीं सकती।

■ बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं देन का लगाया आरोप

यही वजह है कि यह लोग बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने से मना कर रहे हैं। रंजन ने कहा कि विशेष राज्य का दर्जा देने के नियमों के मुताबिक यदि किसी राज्य की सीमा से कोई देश की सीमा लगती है तो उसे विशेष राज्य का दर्जा दिया जा सकता है। इसी तरह आर्थिक रूप से पिछड़े राज्य को भी विशेष राज्य का दर्जा देने की बात नियमों में कही गयी है। बिहार दोनों मानकों को पूरा करता है। रंजन ने कहा कि वर्तमान में 11 राज्यों को विशेष राज्य की श्रेणी में रखा गया है, जिनमें पूर्वोत्तर के सभी राज्य शामिल हैं। पहाड़ी राज्य उत्तराखंड और हिमाचल को भी विशेष राज्य का दर्जा प्राप्त है।



**बिहार में पिछड़े-अतिपिछड़े और दलित समाज के लोग सर्वाधिक हैं : राजीव रंजन**

### विशेष राज्य का दर्जा बिहार का हक

जदयू महासचिव ने कहा कि भाजपा यह जान ले कि विशेष राज्य का दर्जा बिहार का हक है और बिहारवासी इसकी मांग को बुलंद करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि वास्तव में चाहे जातिगत गणना हो, आरक्षण हो या विशेष राज्य का दर्जा भाजपा वैसे किसी भी काम का समर्थन नहीं कर सकती जिससे पिछड़े-अतिपिछड़े व दलित समाज को फायदा मिले। आज भी भाजपा की निगाह में इस समाज के लोगों का वजूद वोट बैंक से अधिक नहीं है।

## चक्रवाती तूफान से निपटने में विफल रही सरकार : नायडू

**विजयवाडा,** 5 दिसम्बर (एजेंसियां)। तेलुगु देशम पार्टी (तेदपा) के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने मंगलवार को कहा कि राज्य सरकार चक्रवात पीड़ितों को आश्रय प्रदान करने और भोजन तथा पानी आपूर्ति करने में पूरी तरह से विफल रही है। नायडू ने यहां एक बयान में कहा कि सरकार चक्रवात से होने वाले नुकसान की रोकथाम करने के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं है और उनकी ओर से बाढ़ प्रभावितों को किसी तरह की सहायता नही दी जा रही है। तेदपा अध्यक्ष नायडू ने मिचौंग तूफान के कारण बाढ़ पीड़ितों में से कुछ से फोन पर बातचीत की और उन्हें दी जा रही सहायता के बारे में पूछा, तो पीड़ितों ने उन्हें बताया कि उन्हें भोजन, पानी कुछ भी मुहैया नहीं कराया जा रहा है। इस पर सरकार की ओर से कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

नायडू ने चक्रवाती तूफान के प्रभाव पर राज्य भर के 12000 से अधिक पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ टेली कांफ्रेंस के जरिए बातचीत की और तूफान से प्रभावित क्षेत्रों की मौजूदा स्थिति के बारे में जानकारी ली। तेदपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पार्टी नेताओं और कैडर को सरकार की ओर से किसी भी मदद की प्रतीक्षा किए बिना, चक्रवात से प्रभावितों के लिए भोजन और पानी की आपूर्ति सहित हर संभव सहायता देने का निर्देश दिया। उन्होंने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से कहा, तेदपा चाहे सत्ता में हो या विपक्ष में, हमेशा लोगों के साथ खड़ी रहती है और इस संकट की घड़ी में हम सभी को प्रभावितों की मदद करनी चाहिए।

**आस्था** | *मां वैष्णो देवी यात्रा के लिए श्रद्धालुओं को अपनी ओर खिंचने के प्रयासों में जुटा श्राइन बोर्ड*

# नवम्बर माह तक 88.59 लाख श्रद्धालुओं ने लगाई हाजरी

**जम्मू, 5 दिसम्बर (देशबन्धु)। हालांकि वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड इस तीर्थस्थान पर आने वालों को अपनी ओर खिंचने के प्रयासों में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है पर वह पिछले कई सालों के दिसम्बर में आने वाले श्रद्धालुओं के रिकार्ड को लेकर चिंतित है। ऐसे में उसे लगता नहीं है कि वैष्णो देवी में श्रद्धालुओं की संख्या वर्ष 2012 का रिकार्ड तोड़ पाएगी।**

जब 1.04 करोड़ यात्री आए थे पर उन्हें वर्ष 2013 के रिकार्ड के टूटने की उम्मीद जरूर है जब 93.23 लाख श्रद्धालु आए थे। यही कारण है कि वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के अधिकारियों को इस बार आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या के नए रिकार्ड को न छू पाने का अफसोस रहेगा क्योंकि अभी तक यात्रा में 88.59 लाख श्रद्धालु शामिल हो चुके हैं जबकि पिछले कई सालों का रिकार्ड दर्शाता है कि दिसम्बर में 6.50 लाख के करीब ही श्रद्धालु वैष्णो देवी के दर्शनार्थ आते रहे हैं। इस साल मां वैष्णो देवी की यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं का उत्साह बना हुआ है। 11 माह में 88.59 लाख श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। यह आंकड़ा पिछले वर्ष के 11 महीने की तुलना में 2.96 लाख अधिक है। वर्ष 2022 में 11 माह में 85.63 लाख श्रद्धालु दरबार पहुंचे थे।



■ दिसम्बर में आने वाले श्रद्धालुओं के रिकार्ड को लेकर बोर्ड चिंतित

जिस तरह से श्रद्धालुओं का उत्साह बना हुआ है, उसे देखकर लगता है कि इस वर्ष यात्रा का आंकड़ा 2013 के आंकड़े को पार कर जाएगा। वर्ष 2013 में 93.23 लाख श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे थे। हालांकि कोरोना से मुक्ति के बाद वैष्णो देवी की यात्रा में तेजी आई थी। तभी तो वर्ष 2021 का रिकार्ड कब का टूट चुका है। वर्ष 2021 में 55.88 लाख श्रद्धालुओं ने वैष्णो देवी की पिंडियों के दर्शन किए थे। वर्ष 2021 की संख्या भी सुकून देनी वाली थी क्योंकि कोरोना के कारण वर्ष 2020 में तो सिर्फ 17.20 लाख श्रद्धालु ही आ पाए थे।

यह संख्या निराश करने वाली थी। लेकिन इस साल की शुरुआत ने श्राइन बोर्ड के अतिरिक्त कटड़ा के व्यापारियों में भी नया उत्साह भरना आरंभ किया है। इस साल अभी तक जून महीने में सबसे ज्यादा श्रद्धालु आए थे। करीब 11.29 लाख श्रद्धालुओं ने जून में जो खुशी दी थी वह अभी भी कायम है। हालंकि अधिकारियों के मुताबिक, इस साल आने वालों की संख्या वर्ष 2012 का रिकार्ड शायद ही तोड़ पाए जब 104.90 लाख श्रद्धालु आए थे लेकिन यह उम्मीद जरूर बरकरार है कि वर्ष 2013 का रिकार्ड जरूर टूटेगा जब 93.24 लाख श्रद्धालुओं ने माथा टेका था। वैसे भी अभी सर्दी और शादियों के सीजन के कारण वैष्णो देवी की यात्रा में प्रतिदिन आने वालों का आंकड़ा 10-18 हजार का ही है जिसके दूसरे पखवाड़े में 50 से 60 हजार तक पहुंचने की उम्मीद इसलिए भी दिख रही है क्योंकि कटड़ा के होटलवालों के अनुसार, दिसम्बर के अंतिम सप्ताह के लिए 90 परसेंट से अधिक बुकिंगें हो चुकी हैं।

# कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

पिता ने बेटे से कहा : लड़की वालों के सामने बड़ी-बड़ी बातें करना, लड़की वालों के आते ही बेटे ने पिता से कहा : पापा चाबी देना वो ट्रेन धूप में खड़ी है, उसे अंदर कर दूं...

# चोर दरवाजे से आप सरकार गिराना चाहती है केंद्र सरकार : गोपाल राय

**नई दिल्ली,** 5 दिसम्बर (देशबन्धु)। मैं भी केजरीवाल डोर टू डोर हस्ताक्षर अभियान पर दिल्ली सरकार में मंत्री और आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि जनता जान चुकी है कि आम आदमी पार्टी पर लगाए गए सभी आरोप झूठे हैं। इन झूठे आरोपों को लगाने का एक ही कारण है कि भाजपा को पता है कि वो चुनावों में अरविंद केजरीवाल को नहीं हरा सकती।

दिल्ली के लोग सिर्फ अरविंद केजरीवाल को ही वोट देंगे, इसीलिए मोदी सरकार साजिश रच रही है। भाजपा चोर दरवाजे से आम आदमी पार्टी की सरकार को गिराना चाहती है। हम भाजपा के षड्यंत्र को कभी भी कामयाब नहीं होने देंगे। हम भाजपा द्वारा बिछाए गए जाल में फंसने वाले नहीं हैं। भाजपा के षड्यंत्र को विफल करने के लिए हम दिल्ली के लोगों के बीच जा रहे हैं और उनसे राय शुमारी कर रहे हैं। दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने आगे कहा कि जितने



जनता जान चुकी है कि पार्टी पर लगाए गए सभी आरोप झूठे हैं : गोपाल राय

भी लोगों से हम बातचीत कर रहे हैं, उनकी राय एकदम स्पष्ट है। दिल्ली का हर एक व्यक्ति ये समझता है कि किस तरह से आम आदमी पार्टी पर झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं। दिल्ली की जनता एक सुर में कह रही है कि अरविंद केजरीवाल को हमने दिल्ली के सीएम की कुर्सी पर बिठाया है। केजरीवाल को ही दिल्ली का मुख्यमंत्री रहना चाहिए, चाहे उन्हें गिरफ्तार ही क्यों न कर लिया जाए। जनता का कहना है कि अरविंद केजरीवाल ने जनता के लिए बहुत काम किया है। इसलिए उन्हें इस्तीफा नहीं देना चाहिए और जेल से ही सरकार चलानी चाहिए। लोगों ने यह भी कहा कि ये सारी गिरफ्तारियां एक मकसद के तहत हो रही हैं। ऐसे में अरविंद केजरीवाल को इस्तीफा नहीं देना चाहिए।

## फर्जी मुकदमों में फंसा कर जेल में बंद करने का काम कर रही भाजपा : राज कुमार

उधर, मैं भी केजरीवाल हस्ताक्षर अभियान के तहत मंगलवार को आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री राज कुमार आनंद ने कार्यकर्ताओं संग अपनी विधानसभा क्षेत्र पटेल नगर के प्रेम नगर फाटक से डोर टू डोर अभियान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछले चार दिन से दिल्ली में आम आदमी पार्टी में भी केजरीवाल अभियान चला रही है। इस मुहिम के तहत आम आदमी पार्टी के सभी कार्यकर्ता एक पर्चा लेकर घर-घर जा रहे हैं और आम जनता को इस बारे में बता रहे हैं कि किस प्रकार से भारतीय जनता पार्टी, आम आदमी पार्टी के नेताओं को मनगढ़ंत और फर्जी मुकदमों में फंसा कर जेल में बंद करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इसी सन्दर्भ में भारतीय जनता पार्टी के कई बड़े नेता इस बात की धमकी भी दे चुके हैं कि अब आम आदमी पार्टी के मुखिया और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी झूठे मुकदमे में फंसा कर जेल भेजा जाएगा। राज कुमार आनंद ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को सरकार चलाने के लिए दिल्ली की जनता ने बहुमत दिया था। इसी कारण हम दिल्ली की जनता के पास जाकर उनसे उनका मत जानने के लिए यह अभियान चला रहे हैं और जनता की तरफ से जो भी प्रतिक्रिया हमें प्राप्त होती है, हमारे कार्यकर्ता उसे एक रजिस्टर में दर्ज करके पूरी दिल्ली से एक डाटा एकत्र कर रहे हैं।

## दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन ने की श्रम आयुक्त से मुलाकात

**नई दिल्ली,** 5 दिसम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन संजय गहलोत ने दिल्ली के श्रम आयुक्त आर एन शर्मा के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में ट्रेड यूनियन लीडर्स ने भी हिस्सा लिया। बैठक में सफाई कर्मचारियों के ई पी एफ एकाउंट में हो रही गड़बड़ी के बारे में लेबर कमिश्नर को अवगत कराया गया इसके साथ साथ दिल्ली सरकार के विभिन्न स्कूलों में ठेकेदारी पर कार्य कर रहे सफाई कर्मचारी एवं गार्ड्स की विभिन्न समस्यायों जिनमें ठेकेदारों द्वारा समय पर वेतन न देना, अपनी स्वेच्छा से कभी भी कर्मचारी को हटा देना और बदले में रिश्वतखोरी करना, समय से ईपीपीएफ न देना इत्यादि शामिल है इन महत्वपूर्ण एवं ज्वलंतशील मुद्दों पर गहन चर्चा की गई। श्रम आयुक्त आर एन शर्मा ने बताया कि ये सभी मामले संज्ञान में आए हैं इन पर त्वरित और सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस सन्दर्भ में संजय गहलोत ने बताया कि चूंकि दिल्ली सरकार एम सी डी और अन्य विभागों में समय पर वेतन दे रही है, यहां तक ठेकेदारों को भी दिल्ली सरकार की तरफ से समय पर वेतन वितरित किया जाता है परन्तु ठेकेदार अपने निजी स्वार्थों के चलते कर्मचारियों को नाहक परेशान कर रहे है।



## माह की पांच तारीख निकल जाने के बाद भी निगम कर्मचारियों को नहीं मिला वेतन : राजा इकबाल

**नई दिल्ली,** 5 दिसम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मेयर राजा इकबाल सिंह ने दिल्ली नगर निगम के कर्मचारियों के वेतन का भुगतान न होने पर आम आदमी पार्टी की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगाए। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि आज दिसंबर की 5 तारीख निकल जाने के बाद भी निगम कर्मचारियों के वेतन का कोई भी अता पता नहीं है। श्री राजा इकबाल सिंह ने कहा कि एक दो महीने समय पर वेतन का भुगतान करके प्रेस कांफ्रेंस करके अपनी पीठ थपथपाने वाली दिल्ली की मेयर साहिबा एवं आप पार्टी के ने नेता अब गायब हो गए हैं। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि पिछले महीने भी निगम कर्मचारियों को दीपावली निकल जाने के बाद वेतन का भुगतान हुआ था और कर्मचारियों को बिना वेतन के काली दिवाली मनाने पर मजबूर होना पड़ा था। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि आप पार्टी कर्मचारियों से झूठे वादे करके निगम की सत्ता पर तो काबिज हो गई है किंतु कर्मचारियों के वेतन एवं बकाया एरियर के भुगतान की समस्या जस की तस है। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री को सामने आकर निगम कर्मचारियों के वेतन भुगतान की स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर निगम कर्मचारियों के वेतन का भुगतान जल्द से जल्द नही किया तो भारतीय जनता पार्टी आंदोलन करेगी।



## सार संक्षेप

### रोजगार तलाश रहे लोगों के लिए वर्क इंडिया ने लॉन्च किया नया फीचर

**नई दिल्ली।** भारत के अग्रणी ब्लू कॉलर टेक रिक्रूटमेंट प्लेटफॉर्म वर्कइंडिया ने टियर 3 और टियर 4 शहरों में रोजगार तलाश रहे लोगों के सामने आने वाली चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए नया फीचर लॉन्च किया है। वर्कइंडिया के नए फीचर से अलग-अलग जगहों पर रहने वालों के लिए जॉब सर्च की प्रक्रिया ज्यादा सरल हो सकेगी। प्लेटफॉर्म पर रोजगार की तलाश करने वाले करीब 40 प्रतिशत लोग छोटे कस्बों से होते हैं। इसे ध्यान में रखकर ही नया फीचर लॉन्च किया गया है। वर्कइंडिया इस फीचर को दिसम्बर के आखिर तक भारत के 570 से ज्यादा शहरों में उपलब्ध कराने की योजना बना रहा है। इस मौके पर वर्क इंडिया के सीईओ नीलेश डुंगरवाल ने कहा कि वर्कइंडिया में हमारा मिशन हमेशा हर रोजगार चाहने वाले को सशक्त करना रहा है, चाहे वह कहीं से भी हो। इस नए फीचर के साथ हमारा लक्ष्य टियर 3 और टियर 4 शहरों के उम्मीदवारों को ज्यादा अवसर प्रदान करते हुए अंतर को कम करना है। हम ऐसे समाधान देने में विश्वास करते हैं, जिनसे लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़े। यह फीचर इसी दिशा में हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

### दिल्ली-एनसीआर में पैनाटोनी पार्क का फेज एक लॉन्च

**नई दिल्ली।** दुनिया के एक सबसे बड़े इंडस्ट्रीयल रियल एस्टेट डेवलपर पैनाटोनी ने भारत में अपने पहले प्रोजेक्ट की घोषणा करते हुए दिल्ली एनसीआर में पैनाटोनी पार्क एनएच-71 का फेज 1 लॉन्च किया है। पैनाटोनी इंडिया का यह अत्याधुनिक और पर्यावरण के प्रति सचेत ग्रेड ए वेयरहाउस पार्क भारत के बाजार में कंपनी का प्रवेश दिखाता है। एक संस्थागत निवेशक के साथ भागीदारी में पैनाटोनी ने प्रोजेक्ट के पहले फेज में 110 करोड़ रुपए का निवेश किया है। अगले एक वर्ष में अपने कई निवेश भागीदारों के साथ मिलकर पैनाटोनी ने देशभर में विभिन्न प्रोजेक्ट्स में 100 मिलियन यूरो का निवेश करने की योजना बनाई है। निर्माण-कार्य मार्च 2024 से शुरू होगा और वित्त-वर्ष 25 की चौथी तिमाही के अंत तक इसे पूरा किया जाएगा। यह पार्क दिल्ली-एनसीआर के व्यस्त क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 352 पर स्थित है और वेयरहाउसिंग के एक मजबूत क्लस्टर से घिरा है। क्लस्टर के एक ओर लुहारी और फारुखनगर हैं और पार्क को बड़े रिटेलर्स, 3 पीएल, ई-कॉमर्स तथा औद्योगिक जगह लेने वालों के एक बड़े समूह से अपनी निकटता का फायदा मिलता है।

### दिल्ली नगर निगम ने संपत्ति कर में छूट के लिए संपत्ति की जियोटैगिंग को अनिवार्य किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम ने संपत्ति कर में छूट का लाभ उठाने के लिए सभी प्रकार की संपत्तियों की जियोटैगिंग को अनिवार्य कर दिया है। यदि कोई करदाता 31 जनवरी 2024 तक अपनी संपत्तियों को जियो-टैग करने में विफल रहता है, तो वे 30 जून तक अगले वित्तीय वर्ष यानी 2024-25 में कर के एकमुश्त अग्रिम भुगतान पर 10 प्रतिशत छूट का लाभ नहीं उठा पाएंगे। संपत्ति मालिकों से अपील करते हुए कहा है कि वे अपनी संपत्ति की जियो-टैगिंग की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करें और दिल्ली के विकास में योगदान दें। गैर-आवासीय संपत्तियों के कई मामलों में, निगम अधिकारी खुद भी जियो-टैगिंग कर रहे हैं, हालांकि, यह करदाताओं को सुनिश्चित करना है कि उनकी संपत्ति की जियो-टैगिंग हो जाए। यदि किसी संपत्ति को एमसीडी अधिकारियों द्वारा पहले ही जियो-टैग किया जा चुका है, तो उसे दोबारा जियो-टैग करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

# इनोवेशन के साथ भारत के भविष्य के विकास को आगे बढ़ाएंगे युवा मस्तिष्क : जितेंद्र सिंह

**नई दिल्ली,** 5 दिसम्बर (देशबन्धु)। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने मंगलवार को एनडीसीसी कन्वेंशन सेंटर में नई दिल्ली नगरपालिका परिषद विद्यालयों के वार्षिक विज्ञान मेले का उद्घाटन किया। विज्ञान मेले का उद्घाटन करने के बाद, केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि युवा दिमाग विज्ञान और प्रौद्योगिकी और इनोवेशन के साथ भारत के भविष्य के विकास को आगे बढ़ाएंगे। आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में भारत की वैज्ञानिक क्षमता की बहुत बड़ी भूमिका होने वाली है। डॉ. जितेंद्र सिंह ने यह भी कहा कि हमारी सबसे बड़ी संपत्ति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं, जिनकी न केवल विज्ञान के प्रति स्वाभाविक रुचि है, बल्कि वे विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी आधारित पहलों और परियोजनाओं को समर्थन और बढ़ावा देने में भी आगे आ रहे हैं।

इस अवसर पर, पालिका परिषद के अध्यक्ष अमित यादव, उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय, सदस्य एनडीएमसी विशाखा शैलानी, अन्य वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षक और अभिभावक भी उपस्थित थे। एनडीएमसी विद्यार्थियों की वैज्ञानिक रचनात्मकता को प्रदर्शित करने के लिए 5 से 6 दिसंबर, 2023 को सुबह 08:30 बजे से दोपहर 03.00 बजे तक एनडीसीसी कन्वेंशन सेंटर, जय सिंह रोड, नई दिल्ली में दो दिवसीय एनडीएमसी स्कूलों के वार्षिक विज्ञान मेले का आयोजन कर रही है। इसमें अपने स्कूलों के उभरते वैज्ञानिकों द्वारा मॉडल और चार्ट के रूप में इस मेले का आयोजन किया गया है। इस विज्ञान मेले का विषय प्रौद्योगिकी और खिलौने है। एनडीएमसी स्कूलों के अलावा इसमें इस वर्ष सेंट कोलंबस, सेंट थॉमस, मॉडर्न स्कूल, सरदार पटेल सहित कुछ पब्लिक स्कूल, नेशनल साइंस सेंटर, साइंस मैगजीन–साइंस रिपोर्टर और अविष्कार जैसी पत्रिकाएं विज्ञान मेले में भाग लेने वालों में से है। विज्ञान खेल, प्रश्नोत्तरी, वाद–विवाद, स्वास्थ्य मेला, विज्ञान खिलौने आदि भी इस विज्ञान मेले के मुख्य आकर्षण हैं।



■ नई दिल्ली में एनडीएमसी विद्यालयों के वार्षिक विज्ञान मेले का उद्घाटन किया

## लोकसभा चुनाव का सेमीफाइनल है तीन राज्यों की जीत : चरणजीत मल्होत्रा

**नई दिल्ली,** 5 दिसम्बर (देशबन्धु)। राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों में बीजेपी की प्रचंड जीत पर प्रमुख समाजसेवी चरणजीत मल्हौत्रा ने कहा कि लोकप्रिय प्रधानमंत्री मोदी का विकास सर्वोपरि है, इसलिए मोदी जी के विकास पर जनता ने मुहर लगा दी। उन्होंने कहा की देश की जनता ने कांग्रेस को करारा जवाब दिया है। कांग्रेस और उसके गठबंधन के दलों को ऐसा ही जवाब 2024 के लोकसभा चुनाव में भी मिलेगा और जनता मोदी को लगातार तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाएगी। राजस्थान तिजारा विधानसभा सीट से बाबा बालकनाथ की ऐतिहासिक जीत पर चरणजीत मल्हौत्रा ने खुशी जाहीर करते हुए कहा कि हमने बाबा बालकनाथ के लिए तिजारा विधानसभा में जाकर प्रचार किया व लोगों को प्रधानमंत्री की योजनाओं के बारे में बताया। आज हमारी मेहनत रंग लाई, इसके लिए राजस्थान के योगी बाबा बालकनाथ और उनके सभी मतदाताओं, कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को प्रचंड जीत पर बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि जिस तरह उत्तर प्रदेश में योगी है उसी प्रकार अब राजस्थान को भी योगी बाबा की जरूरत है। उन्होंने कहा कि तीन राज्यों की जीत लोकसभा चुनाव की सेमीफाईनल है इससे साफ हो गया है कि लोकसभा के साथ–साथ दिल्ली विधानसभा में भी यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मैजिक चलेगा और दिल्ली में भी कमल खिलेगा।



## दिल्ली सरकार ने डीजेबी को बनाया भ्रष्टाचार का अड्डा : वीरेंद्र

**नई दिल्ली,** 5 दिसम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है भाजपा द्वारा लगाए गए 5000 करोड़ रुपए से अधिक के दो घोटाले के आरोपों पर अरविंद केजरीवाल सरकार की चुप्पी अपराध की स्वस्वीकृति है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि केजरीवाल सरकार ने डीजेबी को भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया है, जहां से सरकारी खजाने का 70000 करोड़ रुपये गायब हो गया है और पिछले 8 वर्षों से डीजेबी द्वारा कोई बैलेंस शीट तैयार नहीं की गई है। सचदेवा ने कहा है कि 10 एसटीपी टेंडर का मामला जिसमे अनुमानित लागत 1200 करोड़ रुपए के टेंडर को डीजेबी मंत्री एवं अधिकारियों और निविदाकारों के बीच चर्चा के दौरान बढ़ा कर 1938 करोड़ रुपए का कर दिया गया। यह भ्रष्टाचार का एक स्पष्ट मामला है। यह वाकई शर्मनाक है कि केजरीवाल सरकार ने एसटीपी टेंडर जारी करने के लिए तेजी से यमुना की सफाई को बहाना बनाकर भ्रष्टाचार किया है और आज तक काम पूरा नहीं किया है। दिल्ली भाजपा के नेता जल्द ही उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से मिलेंगे और उनसे डीजेबी के उन घोटालों की जांच में तेजी लाने का आग्रह करेंगे, जिसकी शिकायत हमने सौंपी है।



■ एलजी से करेंगे डीजेबी घोटालों की जांच में तेजी लाने का आग्रह

## देश में सांप्रदायिकता व ध्रुवीकरण घातक : सलीम

**नई दिल्ली,** 5 दिसम्बर (देशबन्धु)। हाल में हुए विधानसभा चुनाव में हिंदी पट्टी के तीन प्रमुख राज्यों राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भाजपा सत्ता में आई है। वहीं, तेलंगाना की सत्ता पर कांग्रेस काबिज हुई है। अब चुनाव परिणामों पर अलग–अलग राजनीतिक दलों और संगठन के बयान आ रहे हैं। इसी कड़ी में जमात–ए–इस्लामी हिंद ने भी विधानसभा चुनाव परिणाम पर अपनी प्रतिक्रिया दी है जमात–ए–इस्लामी हिंद के उपाध्यक्ष इंजीनियर सलीम ने कहा कि राष्ट्रीय राजनीति जिस दिशा में आगे बढ़ रही है, ऐसे समय में हमको एकजुट होना होगा। हम इन चुनावों के जीतने और हारने वालों दोनों को गंभीरता से आत्मनिरीक्षण करने और विचार करने के लिए आमंत्रित करते हैं। इस बात पर विचार करते हैं कि हमारा देश किस दिशा में जा रहा है और इसका हमारे संवैधानिक मूल्यों पर क्या प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे में मुसलमानों को एकजुट रहना चाहिए और मानवता के लिए आदर्श बनने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि जिस तरह से हिंदी पट्टी में सांप्रदायिक और ध्रुवीकरण की रणनीति अपनाई गई वह गंभीर चिंता का विषय है। इन राज्यों में चुनाव जीतने वाली पार्टी ने किसी



■ जमात-ए-इस्लामी हिंद ने विस चुनाव परिणाम पर जताई चिंता

### हिंदी पट्टी में विपक्षी दल की हार से सीखें सबक

हिंदी पट्टी में विपक्षी दल की हार और तेलंगाना में उनकी प्रचंड जीत दोनों से कई सबक सीखे जा सकते हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि विपक्ष तब तक लोगों का विश्वास नहीं जीत सकता जब तक वह धर्मनिरपेक्षता और समान व्यवहार के संवैधानिक मूल्यों और सभी धार्मिक और जाति समूहों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता नहीं प्रदर्शित करेगा. विपक्ष को उपयोगी सीट समायोजन और सीट साझाकरण पर पहुंचने में अपनी विफलता पर भी विचार करना चाहिए।

**आयोजन** जनजातीय गौरव दिवस सम्मान समारोह आयोजित

## आदिवासी समाज के लिए हो रहे अच्छा कार्य : तिवारी

नई दिल्ली, 5 दिसम्बर (देशबन्धु)। बिरसा मुंडा जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में जनजातीय गौरव दिवस सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। ये आयोजन मशाल सोशल वेल्फेयर सोसाईटी मोहन बड़ाईक राष्ट्रीय अध्यक्ष के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा सांसद एवं भाजपा दिल्ली प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष मनोज तिवारी एवं राज्यसभा सांसद सह भाजपा राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति मोर्चा के अध्यक्ष समीर उरांव शामिल हुए। वहीं बतौर विशिष्ट अतिथि वैज्ञानिक मृत्युंजय सिन्हा, डॉ. ए. कच्छप, प्रोफेसर डॉक्टर बिकास शर्मा, अभिषेक राठौर, युवराज बोध, प्रदीप कन्नौजिया, सनमुगन नारायणन।

■ बिरसा मुंडा के जन्मदिन के उपलक्ष्य में किया गया आयोजन

नरेन्द्र कश्यप, तोताराम भील, सौदानी आदिवासी सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए। सांसद मनोज तिवारी ने मशाल सोशल वेलफेयर सोसायटी व मोहन बड़ाईक का धन्यवाद देते हुए कहा कि मशाल सोशल वेलफेयर सोसाइटी आदिवासी समाज के लिए बहुत ही अच्छा कार्य कर रही है जो कि समाज में अच्छे कार्यों को करने वालों को सम्मान के साथ साथ प्रोत्साहित भी करती है, जो कि एक सराहनीय कार्य है।

सांसद समीर ओरांव ने कहा कि बिरसा मुंडा भले ही हमारे देश के लिए पहले स्वतंत्रता सेनानी है लेकिन वो हमारे जनजातीय समाज के लिये भगवान है हम उनको अपना भगवान मानते हैं और उनके बताए हुए रास्ते पर चलते हैं। मशाल सोसाइटी राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन बड़ाईक ने बताया कि जनजातीय समाज इस कार्यक्रम को अपने घर व प्रदेश में तो 15 नवम्बर को मनाते आ रही है विगत वर्ष प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भगवान बिरसा मुंडा जी के जन्मदिन 15 नवम्बर को यादगार दिवस मनाने के लिए इसे जनजातीय गौरव दिवस के नाम पर घोषणा किया और आज हम जनजातीय गौरव दिवस के रूप में हम सम्पूर्ण देश में इस कार्यक्रम को मना रहे हैं।




## जाफरपुर कलां में डीटीसी व स्कूल बस की टक्कर

**नई दिल्ली,** 5 दिसम्बर (देशबन्धु)। राजधानी दिल्ली के जाफरपुर कलां इलाके में स्कूल बस और डीटीसी की इलेक्ट्रिक बस में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दो बच्चों समेत छह लोग घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक बच्चों को मामूली चोटें आई हैं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि हादसे के बाद दोनों बस क्षतिग्रस्त हो गईं। टक्कर के बाद बच्चों में चीख–पुकार मच गई। पुलिस और लोगों की सहायता से उन्हें बाहर निकलवाया गया। पुलिस घटना की जांच कर लापरवाही बरतने वाले चालक की पहचान करने में जुटी हुई है।

हादसे में दो बच्चों समेत छह लोग घायल



भारतीय रेल

"सार्वजनिक अधिसूचना"

रेलवे लाइन और परिसरों के सभी उपभोक्ताओं को एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि रेलवे के निम्नलिखित खंड पर 25000 वोल्टस 50 हर्ट्स ऐसी शिरोपरी कर्षण तारों को खंड के सामने विनिर्दिष्ट तारीख को या बाद उर्जित किया जायेगा। उस तारीख पर और उस तारीख से शिरोपरी कर्षण लाइन को सब समय विद्युतमय माना जायेगा और कोई अनधिकृत व्यक्ति उस शिरोपरी लाइन की समीप्यता में दाखिल होने या काम करने नहीं जायेगा।

| खंड | तारीख |
|---|---|
| दिल्ली – रोहतक खंड के शकूरबस्ती यार्ड में आईबीएल लाइन नंबर–1 और 2, एसबीएल लाइन नंबर–1 और 2, टैंडम व्हील लेथ लाइन, शंटिंग लाइन, वर्कशॉप शेड लाइन नंबर–1 और 2 | 10.12.2023 |

(आत्मजीत सिंह)
वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता / कर्षण वितरण
उत्तर रेलवे, नई दिल्ली

3812/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

उवाच "

नोएडा प्राधिकरण में किसानों को दिए गए मुआवजे की जांच एसआईटी कर रही है। लेकिन किसानों से भूमि अधिग्रहण करते समय नोएडा प्राधिकरण ने किसानों से करार किया था की आपकी भूमि अर्जित करने के बाद सभी किसानों को 10 प्रतिशत के प्लॉट दिए जाएंगे लेकिन नोएडा प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव के किसानों को 10 प्रतिशत के प्लॉट नहीं दिए जा रहे हैं।

**अशोक चौहान, किसान नेता**

# 12 घंटे से प्राधिकरण में डेरा जमाए एसआईटी

**नोएडा,** 5 दिसम्बर (देशबन्धु)। नोएडा में बीते 12 घंटों से एसआईटी की टीम फाइलों को खंगालने का काम कर रही है। फाइलों पर वित्त नियंत्रक एसके गुप्ता, एसीईओ संजय खत्री व सीईओ लोकेश एम जवाब दे रहे है। मंगलवार को भी सुबह करीब साढ़े 11 बजे के आसपास बोर्ड ऑफ रेवेन्यू के चेयरमैन एवं एसआईटी के हेड हेमंत राव, मेरठ मंडल की कमिश्नर सेल्वा कुमारी जे और

- **अब तक 700 ज्यादा फाइलों को खंगाला गया**
- **2015-16 में सबसे ज्यादा बरती अनियमितता**

एडीजी मेरठ राजीव सभरवाल पहुंचे। बोर्ड रूम में हेमंत राव खुल फाइलों को देख रहे है। अब तक करीब 700 से ज्यादा फाइलों के दस्तावेजों को खंगाला गया। इसकी एक सूची तैयार की गई और जमीन अधिग्रहण, आपसी समझौते और न्यायालय के आदेश पर कितना मुआवजा दिया गया। इसका मिलान प्राधिकरण की सालाना बैलेंस शीट से कराया जा रहा है।



ये बैलेंस शीट प्राधिकरण की वित्तीय बैठक में प्रस्तुत की जाती है। इसमें साल भर का प्राप्तियां और आय व्यय, मुआवजा का विवरण होता है। कुछ कमियां निकलकर सामने आई है। हालांकि एसआईटी की टीम जनवरी 2015-2016 की फाइलों पर ज्यादा ध्यान दे रही है। क्योंकि सुप्रीम कोर्ट में जो मामला गया है वह इन्हीं तरीखों में किया गया घोटाला है। इस दौरान 15 मामलों में करीब 100 करोड़ रुपए अतिरिक्त बांटा गया था। तत्कालीन सीईओ से लेकर भू लेख विभाग, वित्त, नियोजन विभाग के अधिकारियों के हस्ताक्षरों का मिलान भी किया जा रहा है। इन सभी को नोटिस जारी किया जा सकता है। बता दे इस मामले में प्राधिकरण ने एक एफआईआर 8 अक्टूबर को की थी। जिसमें 11 प्रकरणों का जिक्र करते हुए कुल 82 करोड़ रुपए राजस्व हानि की जानकारी दी गई। इसमें किसान दलीप सिंह, भुल्लड़, गोपी, विद्यावति, सोहनलाल, रामरिख, महेंद्र, रामे, हंसराज, राम रतन और हो राम है। इन सभी की फाइलों को खंगाला जा रहा है। इनके वारिसनों से रकम वापस लाने के लिए प्राधिकरण आरसी जारी की है। इसके अलावा उच्च न्यायालय में लंबित और जिन फाइलों पर आदेश हुए उन सभी प्रकरणों को सूचि बद्ध करते हुए जांच की जा रही है।

### इन तिथियों में बांटा गया किसानों को अतिरिक्त मुआवाजा, फाइलों में पकड़ी गई थी अनियमिता

| तिथि | अतिरिक्त मुआवजा राशि रुपए में |
|---|---|
| 5 नवम्बर 2015 | 33,42,825 |
| 9,17,12,426 | 9 अक्टूबर 2015 |
| 7 जनवरी 2016 | 1,07,61,110 |
| 7,26,80,427 | 11जनवरी 2016 |
| 3 नवम्बर 2015 | 1,99,66,711 |
| 2,15,82,527 | 7 जनवरी 2016 |
| 10 अगस्त 2015 | 3,80,66,690 |
| 4,16,39,607 | 19 अक्टूबर 2016 |
| 10 अगस्त 2015 | 96,41,365 |
| 1,53,50,397 | 10 अगसत 2015 |
| 4 सितम्बर 2015 | 6,70,33,662 |
| 2,38,99,744 | 24 अप्रैल 2015 |
| 9 सितम्बर 2015 | 31,07,86,836 |
| 19,40,26,437 | 24 अप्रैल 2015 |
| 2 नवम्बर 2015 | 8,11,90,568 |

# इसलिए है नोएडा प्राधिकरण भ्रष्टाचार में लिप्त

**नोएडा,** 5 दिसम्बर (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण में सीएजी, आयकर, विजिलेंस, एसआईटी के अलावा भी नोएडा में विभागीय स्तर पर 43 जांच चल रही है। इससे अलग शासन स्तर पर 15 जांच की जा रही है। पांच सालों में करीब 170 से ज्यादा अधिकारियों कर्मचारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि और सात अधिकारियों कर्मचारियों को सस्पेंड किया जा चुका है। ये सभी प्राधिकरण की कार्य शैली को प्रभावित कर रहे है। वर्तमान में नोएडा में मुआवजा वितरण घोटाले की जांच SIT कर रही है। जिसमें करीब 1000 करोड़ रुपए ज्यादा की वित्तीय अनियमितिता सामने आ सकती है।

1976 में नोएडा प्राधिकरण का गठन औद्योगिक विकास को बढ़ावा देन के लिए किया गया। पूर्व के शासन कॉल में यहां घोटालों की नींव रखी गई। अरबों रुपए के राजस्व का नुकासन किया गया। इस भरपाई तो नहीं हो पाई लेकिन प्राधिकरण की छवि लगातार धूमिल होती चली गई। यही वहज है कि विगत पांच साल में 170 को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई। हाल ही में सीईओ लोकेश एम इस छवि को सुधारने का प्रयास कर रहे है। नतीजन उनको भी अधिकारियों का वेतन रोकना पड़ रहा है। लगातार कार्यलय में छापेमारी करनी पड़ रही है।

**अब बात उन घोटालों की करते है जिनसे प्राधिकरण की छवि हुई धूमिल**

**नोएडा क्रिकेट स्टेडियम घोटाला :** साल 2010-11 में सेक्टर-21 ए स्थित नोएडा स्टेडियम में नोएडा क्रिकेट पवेलियन सहित बनाने के लिए नोएडा प्राधिकरण की ओर से 60 करोड़ रुपए का टेंडर जारी किया था। इसके निर्माण को पूरा करने में 300 करोड़ रुपए खर्च किया गया, लेकिन वर्ष 2015 में जब तीनों प्राधिकरण के इंजीनियर इन चीफ यादव सिंह के खिलाफ सीबीआई ने अंडर ग्राउंड केबलिंग की जांच शुरू की। क्रिकेट स्टेडियम जांच के प्रथम चरण की कार्रवाई में टेंडर जारी करने में भारी अनियमितताएं मिली थी।

- **5 सालों में 170 प्रतिकूल प्रविष्टि, 7 से ज्यादा सस्पेंड, करोड़ों का राजस्व नुकसान**

**भूमि आवंटन घोटाला :** बाजार मूल्य को नजरअंदाज करते हुए करीब 16 हजार करोड़ रुपए की आवासीय भूमि कुछ चुने हुए बिल्डर्स को मात्र 8131 करोड़ रुपए में सौंप दी गई। 23 माह की अवधि में 73 आवास भूखंड बेचे गए। बोली का केवल 5 प्रतिशत पैसा ही जमा कराया गया। इसमें कई हजार करोड़ रुपए का राजस्व हानि हुई।

**फार्म हाउस घोटाला :** 2009 में फॉर्म हाउस घोटाला की शुरुआत हुई थी। इस दौरान आवंटन प्रक्रिया में गड़बड़ी करते हुए कई गांवों की जमीन अंधिग्रहीत करके उन्हें कम दाम पर बांट दिए गए थे। करीब 150 फॉर्म हाउस आवंटित किए गए थे। इससे तकरीबन एक हजार करोड़ रुपए के नुकसान होने का आंकलन किया गया था।

**होटल आवंटन घोटाला :** 22 मई 206 को पर्यटन विभाग ने पर्यटन नीति के तहत होटलों को उद्योग का दर्जा दिया था। इसे आधार बनाते हुए नोएडा प्राधिकरण ने पांच जून, 2006 को अपनी 135वीं बोर्ड बैठक में 25 होटल की योजना को मंजूरी देते हुए एक योजना जारी की थी। योजना में 7400 रुपए प्रति वर्ग मीटर की दर पर तीन सितारा होटल के लिए तीन, 12500 रुपए प्रति वर्ग मीटर की दर पर चार सितारा होटल के लिए दो और 24000 रुपए प्रति वर्ग मीटर की दर से पांच सितारा होटल के लिए नौ भूखंड आवंटित किए गए थे। मकसद था राष्ट्रमंडल खेलों से पहले इन होटलों का निर्माण कर शहर को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाना। इसके बाद सूबे में सत्ता बदली और जुलाई 2007 में प्राधिकरण ने सभी 14 होटल के भूखंड आवंटन निरस्त कर दिए।

**अंडरग्राउंड केबलिंग घोटाला :** यादव सिंह प्रकरण की शुरुआत की इस घोटाले के साथ हुई थी। 954 करोड़ रुपए की अंडरग्राउंड केबलिंग का कॉन्ट्रैक्ट यादव सिंह ने अवॉर्ड किया था। उस दौरान असिस्टेंट प्रोजेक्ट इंजीनियर (एपीई) होने के बावजूद रामेंद्र प्राधिकरण के इलेक्ट्रिकल एंड मेंटिनेंस डिपार्टमेंट के पीई थे। एसपी सरकार के आने पर तत्कालीन चेयरमैन राकेश बहादुर और सीईओ संजीव सरन ने जून 2012 में 954 करोड़ रुपए के कॉन्ट्रैक्ट में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं के चलते यादव सिंह के साथ-साथ रामेंद्र को भी सस्पेंड कर दिया था।

**इन अधिकारियों के खिलाफ गिर चुकी है गाज :** विरेंद्र सिंह नागर तत्कालीन विधि अधिकारी सस्पेंड, दिनेश सिंह तत्कालीन विधि सलाहकार, डीजीएम सिविल श्री पाल भाटी, मैनेजर मुकेश गोयल, नोएडा प्राधिकरण की प्लानिंग असिस्टेंट विमला सिंह, प्लानिंग असिस्टेंट अनीता व जीएम प्लानिंग ऋतुराज हैं।

## सार संक्षेप

### नियोजन विभाग का किया औचक निरीक्षण, रिकार्ड मिले अस्त व्यस्त

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम ने मंगलवार को नियोजन विभाग का औचक निरीक्षण किया। यहां पर उनको रिकॉर्ड अस्त-व्यस्त मिला। वर्ष 1980 तक से फाइलें धूल से लदी हुईं थीं। लापरवाही मिलने पर सीईओ ने एसीईओ को एक सप्ताह में व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश दिए। प्राधिकरण के सेक्टर-6 स्थित मुख्य प्रशासनिक कार्यालय स्थित नियोजन विभाग के निरीक्षण में सीईओ ने देखा कि गैलरी में अनुपयोगी प्रिंटर एवं कम्प्यूटर आदि का सामान और टूटी कुर्सियां मुख्य द्वार से लेकर रिकॉर्ड रूम तक अस्त-व्यस्त पड़ी हैं। रिकॉर्ड रूम में पत्रावलियां बिना टैग के तथा नामांकन स्लिप के रैक्स में खुले में रखी हुई हैं। इस पर सीईओ ने निर्देश दिया कि सभी पत्रावलियों को व्यवस्थित करके प्लास्टिक ट्रान्सपेरेन्ट फाइबर बॉक्स में रखकर रैक में सेक्टरवार रखी जाएं। वर्ष 1980 से प्राधिकरण बोर्ड की बैठक में प्रस्तुत प्रस्तावों एवं निर्णयों की प्रतियों पर धूल जमा थीं। इनको साफ कराकर व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। बाथरूम को साफ सुथरा कर उसके बाहर व्यवस्था बेहतर करने के लिए कहा। नियोजन विभाग में बिजली के पैनल अस्त-व्यस्त हो रखे थे जिसको ठीक करने के निर्देश दिए गए। विभाग के सामने लगे वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को चालू कर बैठने के लिए ठीक बेंच लगाने के लिए कहा। सीईओ ने एसीईओ सतीश पाल को निर्देश दिया कि हर सप्ताह एक बार पटलवार विभाग का निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि पत्रावलियों के सृजन एवं मूवमेंट के लिए मास्टर रजिस्टर बनाया जाए तथा पत्रावलियों का ठीक ढंग से रखरखाव किया जाए।

### शहर में अलग-अलग स्थानों पर बनाए जाएंगे 15 गजीबो हट

**नोएडा।** अलग-अलग स्थानों पर 15 से अधिक गजीबो हट बनाए जाएंगे। पहले चरण में शहर के बड़े पार्कों में ये बनाए जाएंगे। शहर में छोटे-बड़े मिलाकर 700 से अधिक पार्क हैं। इन पार्क में रोजाना हजारों की संख्या में लोग सुबह-शाम घूमने आते हैं। काफी पार्क में बच्चे खेलते भी हैं। घूमने आने वाले लोगों के लिए काफी पार्क में बैठने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। पार्क में बेंच बनी लगी हुई हैं लेकिन वह भी टूटी हुई हैं। अब शहर के पार्कों को और सुंदर बनाने के लिए प्राधिकरण ने बेहतर गजीबो हट बनाने का निर्णय लिया है। इन हट में बैठने वालों को बारिश व तेज धूंप से बचाने के लिए सुविधाओं से लैस गजीबो हट बनाए जाएंगे। इस बारे में नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ वंदना त्रिपाठी ने बताया कि पहले चरण में करीब 15 जगह गजीबो हट बनाए जाएंगे। एक हट बनाने में कम से कम करीब 7-8 लाख रुपए का खर्चा आएगा। हट बनाने को लेकर कुछ कंपनियों में प्रस्तुतीकरण दिया गया है। जल्द ही कंपनी फाइनल कर दी जाएगी।

### सर्वर न आने से उपभोक्ता परेशान

**बुलंदशहर।** चोला चौराहे स्थित प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक में दो दिन से सर्वर न होने की वजह से उपभोक्ता परेशान हैं। उपभोक्ताओं को रूपए लेन-देन में परेशानी हो रही है। विवाह शादी के सीजन में रूपयों का लेन-देन न होने से लोग परेशान हैं। खाता धारक कालीचरण, राम रतन, स्वरूप, आकाश शर्मा आदि ने बताया कि सोमवार को भी पूरे दिन नेटवर्क नहीं आने की बात कही गई। जबकि उन्हें रुपए की बहुत आवश्यकता है। उनकी समस्या का कोई समाधान नहीं हो रहा है। शाखा प्रबंधक अखिलेश झा ने बताया कि कनेक्टिविटी नहीं है। कनेक्टिविटी होते ही कार्य सुचारू कर दिया जाएगा।

# नोएडा के 81 गांव के किसानों में नोएडा प्राधिकरण की कार्य शैली से भारी रोष

**नोएडा,** 5 दिसम्बर (देशबन्धु)। प्राधिकरण की वादा खिलाफी से परेशान होकर भारतीय किसान यूनियन (मंच) पुलिस कमिश्नरेट ऑफिस पहुंचे। यहां उन्होंने पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन दिया। इसके बाद सुरजपुर में जिलाधिकारी के नाम एक ज्ञापन अपर जिला अधिकारी नितिन मदान को दिया। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर चौहान ने दोनों अधिकारियों को बताया कि नोएडा प्राधिकरण किसानों के साथ बार-बार लिखित समझौते करता है। किसानों की समस्या के समाधान में सहयोग करने का आश्वासन दिया था। उनके सहयोग से ही लखनऊ में नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन से बैठक कराई। उन्होंने बताया कि 2 सितम्बर 2023 को नोएडा प्राधिकरण की 212वीं बोर्ड बैठक में किसानों को 10 प्रतिशत प्लॉट या धनराशि देने का निर्णय बोर्ड बैठक में रखा। लेकिन इसमें भी शब्दों का खेल नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने किया। किसान नेता अशोक चौहान ने बताया कि नोएडा प्राधिकरण में किसानों को दिए गए मुआवजे की जांच एसआईटी कर रही है। लेकिन किसानों से भूमि अधिग्रहण करते समय नोएडा प्राधिकरण ने किसानों से करार किया था की आपकी भूमि अर्जित करने के बाद सभी किसानों को 10 प्रतिशत के प्लॉट दिए जाएंगे लेकिन नोएडा प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव के किसानों को 10 प्रतिशत के प्लॉट नहीं दिए जा रहे हैं। यह भी नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों का महा घोटाला है, भारतीय किसान यूनियन मंच के युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आशीष चौहान ने बताया कि नोएडा प्राधिकरण ने 29 दिसम्बर 2021 को नोएडा प्राधिकरण पुलिस अधिकारियों सांसद डॉ. महेश शर्मा एवं नोएडा विधायक पंकज सिंह की उपस्थिति में नोएडा प्राधिकरण के अंतर्गत आने वाले 81 गांवों के किसानों के साथ लिखित समझौता किया। जिसमें नोएडा प्राधिकरण ने लिखा था कि 15 दिन से लेकर 6 माह के अंदर सभी मांगों पर कार्य किया जाएगा। लेकिन धरातल पर कोई भी कार्य अमल में नहीं लाया गया है।



# नगर निगम मुख्यालय में हुआ जनसुनवाई का आयोजन

**गाजियाबाद,** 5 दिसम्बर (देशबन्धु)। नगर आयुक्त द्वारा सम्भव के दौरान प्राप्त शिकायतों एवं प्रार्थना पत्रों पर तत्काल कार्रवाई करने हेतु अधिकारियों को दिए निर्देश।

नगर निगम अधिकारियों की उपस्थिति में गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय में संभव-जनसुनवाई का आयोजन हुआ जिसमें 20 संदर्भ/शिकायत प्राप्त हुए जिनमें निर्माण विभाग की 2, स्वास्थ्य विभाग की 4, संपत्ति कर विभाग की 3, जलकल विभागी की 3, उद्यान विभाग की 2, अतिक्रमण से संबंधित 3, डूडा विभाग की 2 तथा पथ प्रकाश विभाग की 1 शिकायत प्राप्त हुई। सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को शिकायतों पर गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करने एवं तत्काल जन-शिकायतों को निस्तारित करने हेतु निर्देश दिए गए।

संभव-जनसुनवाई में प्राप्त शिकायत/प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में संयुक्त नगर आयुक्त ओमप्रकाश को संबंधित विभागीय अधिकारियों से कार्यवाही कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए दिये निर्देश। संभव-जनसुनवाई के मौके पर अपर नगर आयुक्त अरूण कुमार यादव, संयुक्त नगर आयुक्त ओमप्रकाश, सहायक नगर आयुक्त पल्लवी सिंह, मुख्य अभियंता निर्माण एन.के.चौधरी, मुख्य कारण निर्धारण अधिकारी डॉ. संजीव सिन्हा, डॉ. अनुज कुमार सिंह प्रभारी उद्यान/ उप मुख्य पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी, डॉ. आशीष त्रिपाठी मुख्य पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी, का0 महाप्रन्धक जल एवं प्रकाश प्रभारी आस कुमार व अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।



# आज दलित प्रेरणा स्थल के आसपास रहेगा डायवर्जन

**नोएडा,** 5 दिसम्बर (देशबन्धु)। दलित प्रेरणा स्थल सेक्टर-95 में बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर का परिनिर्वाण दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यहां आवश्यकता पड़ने पर यातायात डायवर्जन किया जाएगा। यातायात पुलिस ने डायवर्जन प्लान के साथ एक हेल्पलाइन नंबर 9971009001 भी जारी किया है। बता दे आज होने वाले इस कार्यक्रम में गाजियाबाद, मेरठ, बुलंदशहर से भी लोगों के आने की उम्मीद है। इसलिए पार्किंग की व्यवस्था के साथ सुरक्षा के कड़े इनतजाम किए गए है।

- **पार्किंग के लिए स्थान किया गया तय**
- **बाबा साहेब का मनाया जाएगा परिनिर्वाण दिवस**

**इन रास्तों पर रहेगा डायवर्जन**

- नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे पर ग्रेटर नोएडा से नोएडा की ओर आने वाले मार्ग पर दलित प्रेरणा स्थल पर यातायात दबाव होने की स्थिति में महामाया फ्लाई ओवर से सेक्टर 37 की ओर यातायात का डायवर्ट किया जाएगा। यह यातायात सेक्टर 37 से अटटापीर चौक, रजनीगंधा चौक, सेक्टर 15 गोलचक्कर चौक से गंतव्य को जा सकेगा।
- नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे पर ग्रेटर नोएडा से नोएडा की ओर आने वाले मार्ग पर दलित प्रेरणा स्थल गेट नं0-04 पर यातायात दबाव होने की स्थिति में फिल्मसिटी फ्लाई ओवर से सेक्टर 18 की ओर यातायात का डायवर्ट किया जाएगा। यह यातायात सेक्टर 18 से रजनीगंधा चौक, सेक्टर-15 गोलचक्कर चौक व सेक्टर-18 अण्डरपास से एलीवेटेड होकर गंतव्य को जा सकेगा।
- नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे पर नोएडा से ग्रेटर नोएडा की ओर आने वाले मार्ग पर डीएनडी, फिल्मसिटी फ्लाई ओवर के पास यातायात दबाव होने की स्थिति में सैक्टर 14ए फ्लाई ओवर से सैक्टर 15 गोलचक्कर की ओर यातायात का डायवर्ट किया जाएगा। यह यातायात सेक्टर 15 गोलचक्कर चौक से रजनीगंधा चौक, अटटापीर चौक, सेक्टर 37 होकर गंतव्य को जा सकेगा।

**यहा रहेगी पार्किंग व्यवस्था**

- कार्यक्रम में आने वाले सभी यात्री बसों की पार्किंग डीएनडी टोल के पास बांये ओर मार्ग के किनारे होगी।
- कार्यक्रम में परीचौक, सेक्टर 37, ग्रेटर नोएडा वेस्ट की ओर से आने वाले हल्के वाहनों की पार्किंग दलित प्रेरणा स्थल के गेट नं0-01 के अन्दर होगी।
- दिल्ली की ओर से कार्यक्रम में आने वाले हल्के वाहनों की पार्किंग फिल्मसिटी के अन्दर बनी मल्टीलेवल पार्किंग में होगी।
- कालिन्दी कुंज की ओर से आने वाले हल्के वाहनों की पार्किंग सैक्टर 95 गंदानाला के पास बनी दलित प्रेरणा स्थल पार्किंग की अण्डरग्राउण्ड पार्किंग में होगी।

# नोएडा में नहीं मिली अतीक व 9 लोगों की संपत्ति

- **प्राधिकरण ने प्रयागराज कमिश्नरेट को भेजा पत्र**
- **आशंका किसी अन्य के नाम से ली गई है प्रॉपर्टी**

**नोएडा,** 5 दिसम्बर (देशबन्धु)। माफिया अतीक अहमद ने कितनी प्रॉपर्टी बनाई थी? ये सवाल अब भी कायम है। क्योंकि प्राधिकरण की जांच में नोएडा में अतीक की संपत्ति का विवरण नहीं मिला है। अधिकारियों को शक है कि अतीक और उसके परिवार के नाम पर यहां संपत्ति न होकर किसी और नाम से ली गई हो सकती है। इसके लिए प्रयास किए जा रहे है। हालांकि प्रयागराज कमिश्नरेट को नोएडा प्राधिकरण की ओर से जवाब भेज दिया गया है। प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालि अधिकारी संजय खत्री ने बताया कि प्रयागराज कमिश्नरेट की ओर से जारी पत्र के अनुसार प्राधिकरण के लैंड, ग्रुप हाउसिंग, इंडस्ट्री, कमर्शियल में अतीक और उससे जुड़े 9 लोगों की संपत्ति का विवरण तलाश किया गया। करीब 10 दिन तक फाइलों को खंगाला गया। लेकिन एक भी संपत्ति का विवरण इनसे रिलेटिड नहीं मिला। हालांकि वह इस बात से इंकार नहीं कर रहे कि इन लोगों से जुड़ी संपत्ति नोएडा में नहीं है। हो सकता है वह किसी और नाम से ली गई हो। इसलिए प्रयास अब भी जारी है।

**ये है मामला जिसका प्राधिकरण ने भेजा जवाब**

इस साल अप्रैल में भाई अशरफ संग अतीक के मारे जाने के बाद अतीक का परिवार इन बची हुई संपत्तियों को मैनेज करने के लिए परेशान है। पता चला है कि पिछले कुछ समय से परिवार नोएडा की प्रॉपर्टी बेचने की फिराक में है। अतीक के बेटों के दोस्त सौदा तय कर रहे हैं। कई रिश्तेदार भी इसमें लगे हैं। उधर, पुलिस अवैध रूप से अर्जित करोड़ों की जमीन की तलाश में है। इस क्रम में ये पत्र नोएडा प्राधिकरण को भेजा गया था। पत्र में स्पष्ट था कि अतीक समेत कुल 9 लोगों के खिलाफ गैंगस्टर 14 (आई) एक्ट के तहत कार्यवाही की जा रही है।

इस क्रम में अतीक अहमद, अशरफ अतीक की पत्नी शाइस्ता, अशरफ की पत्नी जैनम और अतीक के पुत्र अली, उमर, असद, एहजम और आबान की संपत्ति का विवरण तलाशने के लिए कहा गया था। बता दे अतीक और उसके गैंग आईएस-227 से जुड़े गैंग मेंबरों की अवैध तरीके से अर्जित नामी-बेनामी संपत्ति जब्त करने का सिलसिला जारी है। पुलिस, ईडी ने अब तक अतीक, अशरफ और उसके परिवार की 12 हजार करोड़ की संपत्ति को चिन्हित कर कार्रवाई की है। अतीक की ज्यादातर संपत्ति दूसरे के नामों पर रही हैं। अब परिवार के लोग चुपके से उस जमीन को बेच रुपए अर्जित करने में लगे हैं ताकि करोड़ों की इस जमीन को भी कुर्क न कर लिया जाए।

# आईपीएल के लिए तैयार होगा नोएडा का क्रिकेट स्टेडियम

**नोएडा,** 5 दिसम्बर (देशबन्धु)। सेक्टर-21ए स्थित नोएडा क्रिकेट स्टेडियम को आईपीएल के लिए तैयार किया जा रहा है। इस बार नहीं लेकिन अगले साल होने वाले आईपीएल के लिए स्टेडियम पूरी तरह से तैयार होगा। स्टेडियम को बीसीसीआई और आईसीसी के मानको के अनुसार बदला जाएगा। इसमें फ्लड लाइट लगाई जाएंगी। जिससे डे-नाइट मुकाबले यहां हो सकेंगे। इसके अलावा 30 हजार कुर्सियों के साथ 15 वीआइपी बाक्स लगाए जाएंगे। प्रैक्टिस पिच समेत अन्य सुविधाओं पर भी काम होगा। इसका टेंडर हो चुका है। दिसम्बर लास्ट या जनवरी पर काम शुरू हो जाएगा। नोएडा में स्टेडियम 40 हजार दर्शकों की क्षमता वाले नोएडा क्रिकेट स्टेडियम का इंफ्रास्ट्रक्चर अंतरराष्ट्रीय मैचों को देखते हुए तैयार किया गया था। लेकिन फ्लड लाइट सबसे बड़ी बाधा थी। इसके चलते यहा इंटरनेशनल मुकाबले कराने के लिए नोएडा प्राधिकरण आगे नहीं आ रहा था। अब स्टेडियम में फ्लड लाइट लगाई जाएंगी।

## आयोजन

**मेवाड़ में 'गांव के राष्ट्रशिल्पी' पुस्तक का लोकार्पण समारोह आयोजित**

# गांवों से ही निर्मित होगा आत्मनिर्भर भारत : प्रो. अरुण कुमार

गाजियाबाद, 5 दिसम्बर (देशबन्धु)। वरिष्ठ पत्रकार नीलम गुप्ता की नवीनतम प्रकाशित पुस्तक 'गांव के राष्ट्रशिल्पी' के लोकार्पण समारोह में जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी के पूर्व अर्थशास्त्री प्रोफेसर अरुण कुमार ने कहा कि आज हम जिस आत्मनिर्भर भारत की बात कर रहे हैं वह आत्मनिर्भर भारत गांवों से ही निर्मित हो सकेगा। निर्माण की इस प्रक्रिया में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के ग्रामशिल्पी कार्यक्रम और ग्रामशिल्पी भूमिका दोनों पुस्तक ने उसके केन्द्र में ला खड़े किये हैं। लोकार्पण समारोह वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के विवेकानंद सभागार में आयोजित किया गया।

विशिष्ट वक्ता वरिष्ठ पत्रकार राम बहादुर राय ने कहा कि अब गांव भी शहरों जैसे सम्पन्न हो चुके हैं। सड़कों का जाल गांवों तक फैल चुका है। अब गांव विकास की नई राह पर हैं। ऐसे में ग्रामशिल्पी का स्वप्न साकार होता दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि तकनीक के बदलते युग ने गांवों की परिभाषा भी बदली है। वरिष्ठ पत्रकार जय प्रकाश पांडेय ने कहा कि अपनी तमाम सीमाओं के बावजूद ग्रामशिल्पी एक हद तक लोकशक्ति को जगाने में कामयाब रहे। इससे पता चलता है कि सौ साल बाद भी गांधी की आत्मा गुजरात विद्यापीठ में जीवंत है और वहां आने वालों को प्रभावित करती है। नीलम गुप्ता की पुस्तक में इस बात का बखूबी उल्लेख किया गया है। ग्रामशिल्पी राधा कृष्ण ने आगरा जिले के एक गांव में ग्रामशिल्प के किये जा रहे अपने सामाजिक कार्यों का उल्लेख किया और नौजवानों को गांवों में श्रमदान करने की बात पर जोर दिया। उन्होंने ग्रामशिल्पियों पर पुस्तक लाने पर नीलम गुप्ता का आभार भी व्यक्त किया। विशिष्ट वक्ता मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया ने मेवाड़ यूनिवर्सिटी और मेवाड़ गर्ल्स कॉलेज में ग्रामीण युवाओं व युवतियों के लिए किये जा रहे रोजगारपरक एवं शिक्षाप्रद कार्यों को ग्रामशिल्प का अनूठा उदाहरण बताया। साथ ही गांवों से शहरी नौजवानों को जोड़ने की बात कही। उन्होंने कहा कि नौजवानों को साथ लेकर गांवों में विकास कार्यक्रम चलाने की आज महती आवश्यकता है। गुजरात विद्यापीठ के पूर्व कुलनायक प्रोफेसर राजेन्द्र खिमाणी ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि पढ़े-लिखे युवा गांवों में जाएं और ग्रामशिल्पी बनें। अपने जीवन को सादगीपूर्ण ढंग से जिएं। गुजरात विद्यापीठ द्वारा संचालित ग्राम बंधु कार्यक्रम से भी नौजवान जुड़ें। उन्होंने नीलम गुप्ता की पुस्तक में ग्रामशिल्पियों के मुद्दे उठाने की सराहना की। नीलम गुप्ता ने पुस्तक लोकार्पण से पूर्व अपनी पुस्तक के बारे में संक्षेप में बताया। उन्होंने बताया कि पुस्तक में महात्मा गांधी के गुजरात विद्यापीठ के दृढ़ संकल्पी कार्यों का विस्तृत और सूक्ष्म आकलन किया गया है। इसमें बताया गया है कि कैसे नौजवान लोकशक्ति को जगाकर गांवों को आत्मनिर्भरता एवं स्वराज की ओर ले जा सकते हैं।



- **अब गांव विकास की नई राह पर : रामबहादुर राय**

समारोह में पत्रकार मनोज मिश्र, वरिष्ठ पत्रकार प्रभाष जोशी की धर्मपत्नी उषा जोशी, बजाज साहब समेत मेवाड़ परिवार के सदस्य एवं विद्यार्थी मौजूद थे। मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। संचालन की कमान अमित पाराशर ने संभाली।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के सहयोगार्थ संगठन कसेगा कमर

**गाजियाबाद,** 5 दिसम्बर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नवम्बर में झारखंड से शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा अन्य राज्यों से शुरुवात के साथ साथ उत्तर प्रदेश में चल रही है। इस यात्रा को सफल बनाने के लिए सरकार द्वारा भव्य रूप से इसका संचालन चल रहा है। अब भाजपा शीर्ष नेतृत्व के निर्णयानुसार यात्रा के पूर्ण स्वरूप को पूर्ण गति के साथ भाजपा संभालेगी। जिसके लिए गाजियाबाद महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के मित्र तुम्हें एक कामकाजी बैठक का आयोजन किया। बैठक में प्रदेश संगठन की ओर से कानपुर के एमएलसी और गाजियाबाद जिला महानगर के प्रभारी मानवेंद्र सिंह चौहान मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे। बैठक के दौरान प्रभारी मानवेंद्र सिंह ने बताया विकसित भारत संकल्प यात्रा को उत्सव की तरह सरकार आयोजित कर रही है, जिसके माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसके साथ जोड़ा जा रहा है। हमारे लिए खास बात ये है विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए संगठन कार्यकर्ता को भी कार्य करने का अवसर मिलेगा। महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने बताया कि यात्रा के लिए महानगर से अपने सभी 20 मंडलों के हिसाब से पूर्व में तय रूट के अनुसार कार्यकर्ताओं की 15-15 की टोली बनाकर तय कर ली है। भाजपा संगठन की ओर से 6 दिसम्बर से यात्रा के शुभारंभ स्वरूप स्वच्छता अभियान से आगाज करेगी। 6 दिसम्बर को विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोदी की गारंटी की वैन लाभार्थियों के सीधे ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए सुबह 10 बजे से 12 बजे तक शंभू दयाल कॉलेज में और दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक एमएमएच कॉलेज में उपलब्ध रहेगी।



उवाच "

236 करोड़ रूपए की जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ खैर कोतवाली में मामला भी दर्ज कराया जा रहा है। सीईओ ने बताया कि प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में अवैध निर्माण के खिलाफ लगातार अभियान जारी रहेगा। **डॉक्टर अरूणवीर सिंह, यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी**



# गाजियाबाद से ग्रेनो वेस्ट होकर नोएडा एयरपोर्ट तक चलेगी रैपिड ट्रेन

**ग्रेटर नोएडा,** 5 दिसम्बर (देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशनल जेवर एयरपोर्ट से गाजियाबाद तक हाई स्पीड रैपिड ट्रेन से चलेगी। नेशनल कैपिटल रीजन ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन (एनसीआरटीसी) ने इसका फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार कर लिया है। प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा की अध्यक्षता में हुई बैठक रैपिड ट्रेन के फिजिबिलिटी रिपोर्ट को मंजूरी दे दी है। एनसीआरटीसी दो माह में इसका डिटेल प्रोजेक्ट तैयार करेगा। प्रदेश सरकार ने बैठक में गाजियाबाद से ग्रेटर नोएडा वेस्ट, नॉलेज पार्क पांच, सूरजपुर, कासना, ग्रेटर नोएडा के इकोटेक छह से होकर यमुना एक्सप्रेस वे के आवासीय सेक्टर 18 व 20, जेवर में बन रहे नोएडा एयरपोर्ट तक रैपिड ट्रेन के रूट को मंजूरी दी है। रैपिड ट्रेन के निर्माण पर होने वाले खर्च को केंद्र सरकार, प्रदेश सरकार ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण, यमुना एक्सप्रेस वे और नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड वहन करेंगे। हालांकि नोएडा एयरपोर्ट से यमुना एक्सप्रेस वे होकर सराय कालेखां तक भी रैपिड ट्रेन सरकार ने गाजियाबाद से नोएडा एयरपोर्ट तक 72.2 किमी लंबे कॉरिडोर में रैपिड रेल चलाने की मंजूरी दे दी है। इसे दो चरणों में बनाया जाएगा। इस पर करीब 16,189 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसकी डीपीआर एनसीआरटीसी बनाएगा।

कनेक्टिवटी को लेकर सोमवार को प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने प्राधिकरणों के साथ ऑनलाइन बैठक की थी। इस बैठक में गाजियाबाद से नोएडा एयरपोर्ट तक रैपिड रेल चलाने की मंजूरी दे दी गई। एनसीआरटीसी की फिजिबिलिटी रिपोर्ट को पास कर दिया गया। गाजियाबाद आरआरटीएस स्टेशन से ग्रेटर नोएडा वेस्ट और परी चौक के माध्यम से नोएडा एयरपोर्ट तक रैपिड रेलमार्ग को मंजूरी दे दी गई है। 72.2 किमी लंबे कॉरिडोर में 12 स्टेशन होंगे। इसका निर्माण दो चरणों में होगा। पहले चरण में गाजियाबाद और इकोटेक-6 (कासना) के बीच कॉरिडोर बनेगा। दूसरा चरण इकोटेक-6 से नोएडा एयरपोर्ट तक का कॉरिडोर बनेगा। एनसीआरटीसी दो महीने में डीपीआर तैयार करेगा। पहले चरण में 9798 करोड़ और दूसरे चरण में 6391 करोड़ खर्च होंगे। केंद्र सरकार लागत का 20 प्रतिशत वहन करेगी। जबकि 50 प्रतिशत लागत राज्य सरकार देगा। बाकी बचा हुआ पैसा प्राधिकरण वहन करेगा। बताया जाता है कि गाजियाबाद आरआरटीएस, गाजियाबाद साउथ, ग्रेटर नोएडा वेस्ट (सेक्टर 4), ग्रेटर नोएडा (सेक्टर 2), नॉलेज पार्क 5, सूरजपुर, परी चौक, इकोटेक-5, दनकौर, यीडा नॉर्थ (सेक्टर-18), यीडा सेंट्रल (सेक्टर-21, 35) और नोएडा एयरपोर्ट में स्टेशन बनाए जाएंगे।



- **प्रदेश सरकार ने नोएडा एयरपोर्ट तक रैपिड ट्रेन के फिजिबिलिटी रिपोर्ट को दी मंजूरी**
- **गाजियाबाद से नोएडा एयरपोर्ट तक 72.26 किमी एलिवेटेड ट्रैक पर दौड़े रैपिड ट्रेन**
- **गाजियाबाद से नोएडा एयरपोर्ट तक होंगे 11 स्टेशन, दो माह तैयार होगा डीपीआर**

## नोएडा एयरपोर्ट से गाजियाबाद व नोएडा के बीच चलेगी इलेक्ट्रिक बसें

**ग्रेटर नोएडा।** एनसीआरटीसी नोएडा एयरपोर्ट से तीन मार्गों पर इलेक्ट्रिक बसें चलाएगा। दिसम्बर 2024 तक बस सेवा शुरू करने की तैयारी है। शुरुआत में तीन मार्गों पर 31 इलेक्ट्रिक बसें चलेंगी। बाद में इनकी संख्या बढ़ेगी। कनेक्टिविटी को लेकर सोमवार को हुई बैठक में मुख्य सचिव ने नोएडा एयरपोर्ट से नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद के लिए इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू करने की मंजूरी दे दी। तीन मार्गों पर बस सेवा शुरू करने के लिए एनसीआटीसी डीपीआर बनाएगा। दो महीने में डीपीआर बनने की उम्मीद है। योजना के मुताबिक, शुरुआत में 31 बसें चलाई जाएंगी। यात्रियों के बढ़ने के साथ ही इसकी संख्या में इजाफा किया जाएगा। योजना के मुताबिक, एनसीआरटीसी दिसम्बर 2024 तक नोएडा एयरपोर्ट से तीन मार्गों पर इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू करेगा। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नियाल) बस सेवा की लागत वहन करेगा। जबकि बसों की खरीद एनसीआरटीसी करेगा। इन बसों के चलने से नोएडा एयरपोर्ट तक पहुंचना आसान हो जाएगा। आसपास के लोगों को भी बेहतर परिवहन सुविधा मिल सकेगी। बस रूट के लिए तीन मार्ग प्रस्तावित किए गए हैं। पहला रूट नोएडा एयरपोर्ट से परी चौक होगा। यह रूट 34.6 किमी लंबा है। दूसरा रूट नोएडा एयरपोर्ट से नोएडा सेक्टर-51 वाया बिसरख और सूरजपुर-कासना रोड होगा। यह रूट करीब 61.2 किमी लंबा होगा। तीसरा रूट नोएडा एयरपोर्ट से से गाजियाबाद वाया ग्रेटर नोएडा लिंक रोड होगा। यह रूट 71.1 किमी लंबा होगा। इसी डीपीआर रैपिड रेल परियोजना के साथ बन जाएगी।

## उत्तर प्रदेश की पहचान अब विकास से हो रही है : जितिन प्रसाद



- **गौतम बुद्ध नगर जिला प्रदेश की प्राथमिकताओं में है शामिल**
- **लोक निर्माण विभाग मंत्री जितिन प्रसाद ने दादरी में 35 करोड़ से अधिक की परियोजानों का किया शिलान्यास**

**ग्रेटर नोएडा,** 5 दिसम्बर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग मंत्री जितिन प्रसाद ने दादरी विधान सभा के आनंदपुर गांव में 35 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से बनने जा रही सड़क का शिलान्यास करने पहुंचे। कार्यक्रम में लोक निर्माण राज्य मंत्री कुंवर बृजेश सिंह सहित सांसद व विधायक मौजूद रहे। इस अवसर पर जितिन प्रसाद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सभी को साथ लेकर चलती है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी ने पूरे विश्व में अपनी अलग पहचान बनाई है इस पहचान को कायम रखने का जिम्मा हमारे पास है। आज के समय में उत्तर प्रदेश पूरे देश में विकास की दृष्टि से जाना जा रहा है। उन्होंने कहा कि गौतमबुद्ध नगर जिले में दो बड़ी महत्वाकांक्षी योजनाओं का शिलान्यास करते हुए कहा कि यह जनपद की खास प्राथमिकताओं में हैं, जिसको लेकर प्रदेश सरकार काम कर रही है। इस दौरान 3514.68 करोड़ रुपए की परियोजानाओं जिसमें 12 किमी जिसकी लागत 2,302.74 लाख और 8 किमी की लागत 1,211.94 लाख से सड़कों का निर्माण किया जाना है। जिसमें दादरी विधान सभा क्षेत्र में जीटी रोड से गांवों की सड़कों को जोड़ा जाएगा। ये सड़क अब 105 मीटर चौड़ी होंगी। गांवों की सड़क को जीटी रोड़ से जुड़ने के बाद ग्रेटर नोएडा आने-जाने में ग्रामीणों का काफी आसानी होगी। एक प्रोजेक्ट में दादरी जारचा मार्ग से वीरपुरा, खंडेरा, जीटी रोड कोट के पुल से नहर पटरी पर चक्रपुर कैमराला और मढैया चक्रसेनपुर तक रोड के चौड़ीकरण का काम किया जाना है।

दूसरे में दादरी जारचा मार्ग से फूलपुर, नई बस्ती, बील और रामगढ़ होते हुए अजायबपुर रेलवे स्टेशन तक रोड का चौडीकरण होना है। कार्यक्रम में सांसद महेश शर्मा, दादरी विधायक तेजपाल नागर, क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र शिशोदिया, विधान परिषद सदस्य नरेंद्र सिंह भाटी, विधान परिषद सदस्य श्रीचंद्र शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, नगर पालिका परिषद चेयरमैन गीता पंडित सहित कई भजापा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# टप्पल में 12 हेक्टेयर जमीन पर बने अवैध निर्माण को यमुना प्राधिकरण ने किया ध्वस्त

**ग्रेटर नोएडा,** 5 दिसम्बर (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने मंगलवार अलीगढ़ के टप्पल में अवैध रूप से बन रही कॉलोनियों पर बुलडोजर लगाकर ध्वस्त कर दिया। करीब चार घंटे तक चले अभियान के दौरान प्राधिकरण ने 11.7954 हेक्टेयर जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। मुक्त कराई गई जमीन की कीमत करीब 236 करोड़ रूपए आंकी गई है।






यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण ने अलीगढ़ के टप्पल में करीब 700 हेक्टेयर जमीन को लॉजिस्टिक हब के लिए चिन्हित कर रखा है। कॉलोनाइजर प्राधिकरण की अधिसूचित जमीन पर आनंद विहार, सिंहवाल सिटी, मेट्रो सिटी के नाम से कॉलोनी काट कर बेच रहे थे। प्राधिकरण की तरफ से अवैध कॉलोनी काटने वाले कॉलोनाइजरों को नोटिस जारी कर अवैध निर्माण ध्वस्त करने की चेतावनी दी गई थी। प्राधिकरण के नोटिस देने के बाद भी कॉलोनाइजरों कॉलोनी काट कर बेच रहे थे। यमुना प्राधिकरण के ओएसडी शैलेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को अलीगढ़ के खैर कोतवाली पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंची। करीब चार बुलडोजर लगाकर प्राधिकरण की टीम ने अवैध निर्माण को ध्वस्त करना शुरू किया। इस दौरान कुछ लोगों ने विरोध करने का प्रयास किया लेकिन भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद होने के कारण विरोध करने वालों को खदेड़ दिया गया। यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉक्टर अरूणवीर सिंह ने बताया कि 236 करोड़ रूपए की जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ खैर कोतवाली में मामला भी दर्ज कराया जा रहा है। सीईओ ने बताया कि प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में अवैध निर्माण के खिलाफ लगातार अभियान जारी रहेगा।

- **अलीगढ़ के टप्पल में लॉजिस्टिक हब के लिए चिन्हित जमीन पर चल रहा था अवैध निर्माण**
- **प्राधिकरण ने 236 करोड़ रूपए की जमीन को अवैध निर्माण से कराया मुक्त**

## आर्य प्रतिनिधि सभा ने दादरी रेलवे रोड़ को गड्ढ़ा मुक्त कराए जाने की मांग की

**ग्रेटर नोएडा,** 5 दिसम्बर (देशबन्धु)। आर्य प्रतिनिधि सभा के उपाध्यक्ष डॉ. आनन्द आर्य ने जिला प्रभारी मंत्री व लोकनिर्माण मंत्रई बृजेश सिंह से मांग की है कि दादरी की सड़कें लोकनिर्माण विभाग के अंतर्गत आती हैं, सड़कों पर गड्ढ़ा की वजह से आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं। दादरी रोड़ को शीघ्र गड्ढ़ा मुक्त कराया जाए ताकि दुर्घटनाएं पर लगाम लगाया जा सके। डा. आनन्द आर्य ने बताया कि पहले ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण सड़क की मरम्मत कराता था, उन्होंने कहां की है कि दादरी रेलवे रोड़ को गड्ढ़ा मुक्त कराया जाए।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ भव्य स्वागत

**जेवर,** 5 दिसम्बर (देशबन्धु)। कस्बे मे मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का भव्य स्वागत किया गया तथा नगर पंचायत परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी विभागों के द्वारा अपने अपने स्टॉल लगाकर लोगों को अधिकारियों द्वारा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाये गए मकानों की चाबी मकान मालिकों को सौंपी गई। जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार की हर योजना का लाभ हर वर्ग को मिले इस उद्देश्य के साथ केंद्र सरकार की ओर से विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत की गई है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के कस्बे मे पहुंचने पर बीजेपी कार्यकर्ताओं व नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण माहेश्वरी व सभासदों ने फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। नगर पंचायत परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पशुपालन विभाग, शिक्षा विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, बैंकिग विभाग, स्वंय सहायता समूह, खाद्य एवं रसद विभाग, डूडा, सहकारिता विभाग, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, आयुष्मान भारत आदि विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। जिसमे केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं की जानकारी दी गयी। विधायक धीरेन्द्र सिंह व नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण माहेश्वरी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनवाये गए 550 मकानों की चाबी मकान मालिकों सौंपी।



इस मौके पर मिथलेश, सरोज आदि ने चाबी पाकर खुशी का इजहार किया। प्रज्ञान स्कूल के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। इस मौके पर उपजिलाधिकारी अभय कुमार सिंह, एसीपी रूद्र प्रताप सिंह, नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी सतीश कुमार, मौजज्म अली, नीरज गोयल, प्रिंस भारद्वाज, हरीश कुमार शर्मा व नगर पंचायत के सभासद मौजूद रहे।

## जिला प्रशासन ने शीत लहर व ठंड से बचने के लिए जारी किया एडवाइजरी

**ग्रेटर नोएडा,** 5 दिसम्बर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण भारत सरकार व जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार ने जिला आपदा विशेषज्ञ ओमकार चतुर्वेदी ने बताया कि जनपदवासियों को शीत लहर/ठंड के समय में क्या करें क्या-न करें को लेकर जिला प्रशासन की ओर से एडवाइजरी जारी की जा रही है, जिसका समस्त जनपद वासी पालन करते हुए अपने आप को शीत लहर एवं ठंड के समय में सुरक्षित बनाए रखें। उन्होंने बताया कि रेडियो सुनें यह जानने के लिए कि क्या शीतलहर आने वाली है, स्थानीय मौसम पूर्वानुमान के लिए टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें। सर्दियों के कपड़ों का पर्याप्त स्टॉक रखें। कपड़ों की कई परतें अधिक सहायक होती हैं। फ्लू बहती/बंद नाक या नाक से खून आने जैसी विभिन्न बीमारियों की संभावना बढ़ जाती है, जो आमतौर पर ठंड के लबे समय तक संपर्क में रहने के कारण विकसित होती है। या बढ़ जाती है। इस तरह के लक्षणों के लिए डॉक्टर से सलाह लें। मौसम की जानकारी और आपातकालीन प्रक्रिया की जानकारी का बारीकी से पालन करें, और सलाह के अनुसार कार्य करें। शीत लहर के गंभीर संपर्क से हाइपोथर्मिया हो सकता हैं, शरीर के तापमान में कमी जिससे कपकपीं, बोलने में कठिनाई, नींद आना, मांसपेशियों में अकड़न, भारी सांस लेना, कमजोरी और ध्यान चेतना की हानि हो सकती हैं, हाइपोथर्मिया एक चिकित्सीय आपात स्थिति हैं, जिसके लिए तत्काल चिकित्सा ध्यान देनें की आवश्कता होती हैं।

## किसानों ने मुख्यमंत्री योगी से वार्ता कराए जाने की मांग उठाई

**ग्रेटर नोएडा,** 5 दिसम्बर(देशबन्धु)। असंल बिल्डर के खिलाफलगातार धरना दे रहे किसानों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ से वार्ता करने की मांग उठाई है। बता दें कि मुख्यमंत्री आठ दिसम्बर को ग्रेटर नोएडा एक निजी विश्वविद्यालय में आ रहे है। संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में अंसल बिल्डर से प्रभावित किसानों को ग्रेटर नोएडा की तर्ज पर एक समान नीति और नए भूमि अधिग्रहण कानून के सभी लाभ दिए जाने की मांग को लेकर गांव रामगढ़ गांव में चल रहा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन मंगलवार को 52 वें दिन भी जारी रहा, किसान और महिलाएं धरने में मौजूद रहे। किसानों ने ऐलान किया है की उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ से 8 दिसम्बर को ग्रेटर नोएड़ा निजी विश्वविद्यालय में आ रहे हैं उनसे किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए संयुक्त किसान मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल मिलना चाहता है। ज्ञात हो कि 18 वर्ष से डिफाल्टर अंसल बिल्डर किसानों के ऊपर प्रदेश सरकार की मिलीभगत से बुलंदशहर विकास प्राधिकरण ने थोप रखा है न ही तो लम्बे समय से बिल्डर अपने प्रोजेक्ट को पूर्ण रूप से संचालित कर पाया है और प्रभावित किसानों के साथ भी छल कर रहा है, सोमवार को बुलंदशहर विकास प्राधिकरण में सीईओ के साथ हुई वार्ता में सीईओ ने दो दिन के अन्दर सर्वोत्तम बिल्डर के सभी बोर्डों को हटा फैकने का निर्देश जारी किया था। धरने में किसान नेता सुनील फौजी,यशपाल बीडीसी, जितेन्द्र भाटी, विजयपाल भाटी प्रवक्ता, सुरेन्द्र मास्टर, लाला चेयरमैन, कुलदीप प्रधान, जगदीश फौजी, देवेन्द्र भाटी, धर्मवीर भाटी, मीना चौधरी शीला, पूनम आदि महिलाएं शामिल रही। धरना स्थल पर वरिष्ठ किसान नेता और पश्चिम प्रदेश निर्माण मोर्चा के बड़े नेता मां. राधाचरण भाटी, वरिष्ठ नेता देवेंद्र खटाना, राष्ट्रीय कवि और गायक शीशपाल भाटी तथा देवेंद्र भाटी नई बस्ती ने टीम के साथ पहुंचकर समर्थन दिया।



- **मुख्यमंत्री आठ दिसम्बर को ग्रेटर नोएडा आने पर आंदोलनरत किसान वार्ता पर अड़े**

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## आईईए ने एमएसएमई मंत्रालय के साथ मिलकर डिजिटल मार्केटिंग पर शुरू की कार्यशाला



**ग्रेटर नोएडा,** 5 दिसम्बर (देशबन्धु)। इंडस्ट्रियल इंटरप्रिन्योर एसोसिएशन ने एमएसएमई मंत्रालय के साथ मिलकर उद्यमियों के लिए लॉएड इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी कैंपस में डिजिटल मार्केटिंग विषय पर पांच दिन की वर्कशॉप की शुरुआत की। राज्य वस्तु एवं सेवा कर के जॉइंट कमिश्नर संजय कुशवाहा ने दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुवात की। इस अवसर पर उन्होंने जीएसटी विभाग से सम्बंधित जानकारी भी उद्यमियों को दी। एमएसएमई से सहायक निदेशक बी.पी. सिंह एवं सुनील कुमार ने एमएसएमई की सरकार की योजनाओं के विषय में जानकारी दी। लॉएड इंस्टीट्यूट के वरिष्ठ निदेशक डॉक्टर राजीव अग्रवाल ने उद्योग एवं अकेडमिया को साथ मिलकर काम करने पर जोर दिया। आईईए के कोषाध्यक्ष अभिषेक जैन ने डिजिटल मार्केटिंग की ट्रेनिंग मिलने से उद्यमियों को होने वाले फायदे साझा किए। उन्होंने कहा कि आज का समय व्यापार के लिए डिजिटल मार्केटिंग के बगैर अधूरा है। संस्था के महासचिव संजीव शर्मा ने सभी अतिथियों का कार्यक्रम में पहुंचने पर धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष विशाल गोयल, उपाध्यक्ष महेंद्र शुक्ला, पी. एस. मुखर्जी, एच. एन. शुक्ला, महिपाल सिंह, सुनील दत्त, हरबीर सिंह, सुशील शर्मा, शैलेन्द्र शुक्ला, राकेश अग्रवाल, अंकुर गर्ग, नरेश शर्मा, अर्णब, विपुल, क्षितिज, विनीता, अनमोल, सिद्धान्त, शिवानी, निधि आदि लोग मौजूद रहे।

## जैन समाज ने निकाली जन्म कल्याणक रथयात्रा, लोगों ने किया जगह-जगह स्वागत

**ग्रेटर नोएडा,** 5 दिसम्बर (देशबन्धु)। श्री दिगंबर जैन मंदिर बीटा-2, ग्रेटर नोएडा में पंच कल्याण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत मंगलवार को जन्म कल्याणक रथयात्रा निकाली गई, यह जन्म कल्याणक रथ यात्रा बीटा-2 जैन मंदिर से शुरु हुई जो गामा-एक में पहुंचने पर रथयात्रा का भव्य स्वागत सुरेश चन्द, मुकेश, सुरेश जैन एकता जैन, सुषमा जैन के परिवार द्वारा किया गया, उसके बाद जगत फार्म, बीटा-वन, रेयान गोल चक्कर से होते हुए जैन मंदिर पर वापस पहुंची। बीटा-2 में 3 से 8 दिसम्बर तक पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया गया है। समिति के मीडिया प्रभारी प्रमोद जैन ने बताया कि सुबह से ही श्रावक श्राविकाओं ने भगवान के कार्यक्रम किया गया। दूसरे दिन जन्म कल्याणक के महत्व को बताते हुए आचार्य 108श्री निर्भय सागर महाराज ने तीर्थकरों के जन्म का महत्व को बताया। जन्म कल्याणक के अवसर पर पंचकल्याण विधान किया तथा विश्व शांति के लिए महायज्ञ किया गया। शाम को महाआरती का सौभाग्य सौंधर्म इन्द्र निकेश अंजलि जैन ने परिवार को मिला और सौंधर्म इन्द्र द्वारा ताण्डव नृत्य किया गया। तीर्थंकर बालक को पालने में झुलाया गया। अष्ट कुमारियों एवं 56 कुमारियों ने तीर्थकर की माता के श्रृंगार किया। कार्यक्रम में अमित जैन अध्यक्ष, निकेश जैन कोषाध्यक्ष, अंकुर जैन -पंचकल्याणक संयोजक, प्रमोद जैन मीडिया प्रभारी, लोकेश जैन, शैलेन्द्र, प्रतिक जैन, अक्षय जैन, संजीव जैन, चक्रेश जैन, विजय जैन, संदीप जैन, अरुण जैन, सुनील जैन, दीपक जैन, सीमा जैन, शिल्पी जैन, अंजू जैन, मधु जैन, निशु जैन, रीता सरोज जैन एवं अन्य लोग शामिल रहे।



### ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा
जिला गौतमबुद्ध नगर, उ0प्र0

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि Flat No. A-1104, 12th Floor, Tower-A, Area-82.22 Sqm., Spring Meadows, GH-07A, Sector Techzone-IV, Greater Noida जो कि Mrs. Meera Gupta & Sh. Ram Chandra Gupta निवासी 33-B Block, Swarn Park, Ashok Vihar Phase-III, Delhi के नाम पर उप निबंधन कार्यालय, सदर गौतमबुद्धनगर में दिनांक-24.03.2022 को पंजीकृत है। Sh. Ram Chandra Gupta की मृत्यु के उपरान्त उनकी पत्नी Mrs. Meera Gupta ने उक्त भूखण्ड/भवन में अपने पति के भाग का नामांतरण अपने पक्ष में करने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये है। अतः इस म्यूटेशन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में Mrs. Meera Gupta W/o Late Sh. Ram Chandra Gupta के नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (बिल्डर्स )
ग्रेटर नोएडा औ0 वि0 प्राधिकरण

### ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्लॉट न0-01, सेक्टर-के0पी0-04, ग्रेटर नौएडा सिटी
जिला- गौतमबुद्ध नगर

**सार्वजनिक सुचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि AWHO, Gurjinder Vihar भूखण्ड संख्या-01, पॉकेट-05, सैक्टर-Chi-I, Builder's Area, Greater Noida के माध्यम से आवंटित भवन/भूखण्ड संख्या-4-P-703, क्षेत्रफल-224.91 वर्ग मीटर, Brig. Vineet Rastogi S/o Mr. J.N.Rastogi & Mrs. Aparna Rastogi W/o Brig. Vineet Rastogi & Mrs. Sushila Devi Rastogi W/o Mr. J.N.Rastogi के पक्ष में आवंटित/पंजीकृत है। सह आवंटी Mrs. Sushila Devi Rastogi W/o Mr. J.N.Rastogi की मृत्यु दिनांक-09.08.2023 को हो जाने के कारण उक्त भवन में उनका भाग उनके पुत्र (Brig. Vineet Rastogi S/o Mr. J.N.Rastogi) ने उक्त भवन को अपने पक्ष मे नामान्तरण कराने हेतु आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में सह आवंटी Mrs. Sushila Devi Rastogi W/o Mr. J.N Rastogi के भाग को वसीयत के आधार पर उनके पुत्र Brig. Vineet Rastogi S/o Mr. J.N.Rastogi के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा एवं उक्त सम्पत्ति में Mrs. Aparna Rastogi W/o Brig. Vineet Rastogi का नाम यथावत रहेगा।

महाप्रबन्धक (ग्रुप हाउसिंग)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

देशबन्धु

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, बुधवार 6 दिसम्बर 2023

संस्थापक-सम्पादक : स्व. मायाराम सुरजन



## राजस्थान के भाजपायी विधायक एक्शन में

जिन पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजे निकले हैं, उनमें से एक राजस्थान भी है जहां भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पर जीत हासिल की है। अभी वहां न तो सरकार बनी है और न ही मुख्यमंत्री चुने गये हैं, परन्तु उसके विधायक सक्रिय हो गये हैं। उनके एक विधायक कह रहे हैं कि वे माफियाओं को ढूंढ़-ढूंढकर नाश्ते में खायेंगे, तो एक अन्य विधायक अपने विधानसभा क्षेत्र के सभी नॉन वेज दुकानों को तत्काल प्रभाव से बंद करने के लिये पुलिस अधिकारियों को फरमान जारी कर रहे हैं। विकास की बजाय उदयपुर के कन्हैयालाल की मौत के आधार पर भाजपा के पक्ष में जनादेश का सम्भवत: यही साइड इफेक्ट हो सकता है। भाजपा की जीत का यह तत्काल प्रभाव भी कहा जा सकता है। अगर भाजपा के विधायक और नेता अपनी सरकार बनने से ताकत पाकर अभी से ऐसी हरकतें कर रहे हैं तो आने वाले समय में और भी कई उदाहरण देखने को मिल सकते हैं। कहा जा सकता है कि पार्टी तो अभी शुरू हुई है, लेकिन ऐसे बयानों के चलते राज्य का सामाजिक माहौल कैसा बनेगा, उसकी सहज ही कल्पना की जा सकती है।

जयपुर के हवामहल से महज़ 600 वोटों से जीतने वाले बालमुकुंद आचार्य ने विधायक पद की शपथ लिये बिना ही सोमवार को स्थानीय पुलिस को आदेश दे दिया कि शाम तक उनके क्षेत्र के नॉन वेज के सारे ठेले हटाये जायें। उन्होंने पुलिस से कहा कि उनके लाइसेंसों की जांच की जाये और उन्हें दिखलाया जाये। आचार्य ने पुलिस अधिकारियों से यह भी पूछा कि वे स्वयं रिपोर्ट देंगे या उन्हें पुलिस स्टेशन आना पड़ेगा? राजस्थान मिली-जुली संस्कृति का प्रदेश है जहां सभी धर्मों के लोग रहते हैं। जाहिर है कि उनकी जीवन शैलियों में भी भिन्नता है। खान-पान सम्बन्धी रुचियां भी अलग-अलग हैं। चाहे शाकाहार हो या मांसाहार- सभी धर्मों के लोगों की जीवन पद्धति में दोनों ही तरह के भोजन शामिल हैं।

धाम पीठाधिश्वर कहे जाने वाले बालमुकुंद आचार्य का एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमें वे अपने मोबाइल पर किसी अधिकारी को निर्देश देते हुए दिखाई दे रहे हैं कि चांदी की टकसाल रोड पर मांसाहार की दुकानें हटा दी जायें। इस सड़क पर जितने भी ठेले खुले में नॉन वेज पदार्थ बिक रहे हैं, वे दिखने नहीं चाहिये। इस वीडियो के वायरल होने के बाद उन्होंने सफाई दी कि वे किसी को धमका नहीं रहे हैं बल्कि निवेदन कर रहे हैं। फिर भी उन्होंने साफ किया कि उन्हें विधायक बनने का सर्टिफिकेट मिल गया है और अब वे किसी मुहूर्त का इंतज़ार नहीं करेंगे। उनका यह भी आरोप था कि कांग्रेस शासन में अधिकारी टालमटोल करते थे परन्तु वे इस बात को बर्दाश्त नहीं करेंगे। उनका कहना था कि उनके क्षेत्र के लोग खुले में मांस का व्यवसाय होते देखना पसंद नहीं करेंगे। उनकी शिकायत थी कि इसकी आड़ में गोमांस का भी कारोबार होता है।

बालमुकुंद आचार्य अखिल भारतीय संत समाज की राजस्थान शाखा के प्रमुख हैं। वे हर ऐसे मामले में हिन्दुओं का पक्ष लेने पहुंचते हैं जहां किसी भी प्रकार का साम्प्रदायिक टकराव होता है। पिछले दिनों वे अपने एक और बयान के लिये चर्चा में आये थे जिसमें उन्होंने कहा था कि जयपुर के परकोटा क्षेत्र में बड़ी तादाद में मंदिर थे जिन्हें नष्ट किया जा चुका है। उन्होंने ऐसे सैकड़ों मंदिरों के उनके पास प्रमाण होने का भी दावा किया था। उन्होंने यह भी कहा कि अब वे हर रोज ऐसे ही एक मंदिर में जायेंगे जिन्हें ध्वस्त कर दिया गया है। इन मंदिरों के पुनर्निर्माण या जीर्णोद्धार का भी उन्होंने संकल्प ले रखा है। देखना यह होगा कि विधायक बनने के बाद अपने बढ़े हुए रसूख व शक्तियों के साथ वे अपने अभियान को कैसा और किस तरह से अंजाम देते हैं। अब तो सरकार भी उनकी है और यह भी सम्भव है कि वहां बाबा बालकनाथ को मुख्यमंत्री बना दिया जाये। फिर तो उनका संकल्प पूरा होकर ही रहेगा।

उधर दूसरी तरफ जयपुर की ही झोटवाड़ा सीट पर जीते भाजपा नेता कर्नल (सेवानिवृत्त) राज्यवर्धन राठौड़ ने चेतावनी जारी कर दी है कि वे अब माफियाओं को ढूंढ़-ढूंढकर निकालेंगे और नाश्ते में खाएंगे। उनका भी एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमें वे कहते हैं- 'मैं माफियाओं को नाश्ते में खाता हूं। जितने माफिया हैं वे कान खोलकर सुन लें कि अगर वे मुझको रोक सकते हैं तो रोक लें। अगर नहीं रोक सकते तो मैं माफियाओं को ढूंढ़-ढूंढकर निकालूंगा, नाश्ते में खाऊंगा। हिम्मत है तो मुझे रोककर दिखा दो।'

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस की निवर्तमान अशोक गहलोत सरकार ने लोगों के पक्ष में अनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू की थीं। राज्य के लोगों के लिये 450 रुपये में रसोई गैस का सिलेंडर दिया जा रहा था। साथ ही अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोलने का भी ऐलान हुआ था। उनके द्वारा चिरंजीवी स्वास्थ्य योजना भी लाई गई थी जिसके अंतर्गत किसी भी तरह की बीमारी का 50 लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त किया जा रहा था। पहले यह राशि 25 लाख रुपये तक थी जिसे बाद में बढ़कर 50 लाख किया गया था। इसके मुकाबले भाजपा ने कन्हैयालाल नामक व्यक्ति की हत्या को प्रमुख मुद्दा बनाया था। साम्प्रदायिकता व ध्रुवीकरण को राजस्थान की जनता ने अपनी पसंद बतलाकर भाजपा के पक्ष में बड़ा समर्थन दिया। बड़ी बात नहीं अगर पहले दिन से ही भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक ऐसे बयान दे रहे हैं; क्योंकि वे जनता की पसंद को समझ गये हैं। फिर उन्हें अगला चुनाव भी तो जीतना है।

# सकारात्मकता का पाठ सिखाते मोदी

पांच में से तीन राज्यों के विधानसभा चुनावों में रविवार को मिली छप्पर फाड़ जीत से गदगद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब अगले ही दिन संसद के शीतकालीन सत्र में हिस्सा लेने पहुंचे, तो वे उत्साह से इस कदर लबरेज़ थे कि उन्होंने संसद के द्वार पर विपक्ष को 'सकारात्मकता' का संदेश दिया और 'नफरत का भाव' त्यागने की भी सलाह दी। उन्होंने विपक्ष को समझाया कि 'ऐसा करने से देश का उनके प्रति नज़रिया बदलेगा जिसका उन्हें (प्रतिपक्ष को) इसलिये राजनैतिक लाभ भी मिलेगा क्योंकि जनता उनसे (विरोधी दलों से) मोहब्बत करने लगेगी।' प्रधानमंत्री की उन्हें यह भी सलाह थी कि वे विरोध के लिये विरोध छोड़ें। तीन राज्यों में मिली 'पराजय का गुस्सा छोड़कर' विपक्ष को चर्चा में भाग लेने के प्रति आगाह करते हुए पीएम ने उनसे सरकार की कमियों पर सलाह देने के लिये भी आमंत्रित किया। उन्होंने यह भी इशारा किया कि विपक्षी दलों का यह रवैया पिछले नौ वर्षों से चला आ रहा है। जाहिर है कि वे इन शब्दों में अपने ही कार्यकाल का उल्लेख कर रहे थे। एक 'मजबूत एवं सामर्थ्यवान विपक्ष' की ज़रूरत बतलाकर मोदी ने सबको चकित भी कर दिया।

प्रधानमंत्री के ये परामर्श ऊपरी तौर पर तो बेहद नेक नज़र आते हैं और कोई भी यह नहीं कह सकता कि इस सीख को विरोधी नेताओं को नहीं अपनाना चाहिये। सवाल तो यह है कि क्या स्वयं मोदी इस कथित नकारात्मकता के भाव से ऊपर उठ चुके हैं? क्या उनमें विरोधी दलों एवं उनके नेताओं के प्रति नफरत का भाव कूट-कूटकर नहीं भरा हुआ है? सकारात्मकता का काढ़ा पिलाने की कोशिश करने वाले मोदी अगर ईमानदारी से अपने इन विचारों और खुद के आचरण पर ही गौर फरमाएं तो पाएंगे कि उनकी कथनी और करनी में धरती-आकाश सा फासला है। फिर भी, क्या ही अच्छा होता कि इस सलाह पर अमल की शुरुआत अगर उन्हीं से होती।

जिन नौ वर्षों के दौरान के विपक्ष के रवैये से मोदी व्यथित नज़र आये, उसे अगर उन्हीं के बरक्स देखें तो उनका यह वक्तव्य एक बड़े विरोधाभास से कतई कम नज़र नहीं आता। अमूनन मीडिया से भागने वाले मोदी अब संसद का सत्र प्रारम्भ होने पर इस तरह से मीडिया के समक्ष संक्षिप्त से उद्बोधन के लिये नमूदार होने लगे हैं। कम से कम इसका स्वागत तो किया ही जा सकता है। और भी बेहतर होता अगर वे पिछले सभी प्रधानमंत्रियों की परम्परा का निर्वाह करते हुए सत्र की शुरुआत के वक्त प्रेस कांफ्रेंस करते। पत्रकारों से सवाल आमंत्रित करते और उनके जवाब देते। अपने दो कार्यकालों के दौरान यह शायद चौथा या पांचवा मौका रहा होगा जब वे मीडिया के सामने आये। एक ओर तो वे पत्रकारों से बात ही नहीं करते, तो वहीं दूसरी ओर संसद में उनकी उपस्थिति बहुत कम होती है। संसदीय परम्परा के ही अनुसरण में सारे पूर्व प्रधानमंत्री पूरे समय संसद के दोनों सदनों में हाज़िर रहा करते थे। मोदी संसद के सत्रों के दौरान सदन के बाहर सभाएं या रैलियां करते फिरते हैं। शून्य काल या प्रश्न काल में वे नज़र ही नहीं आते। अक्सर चर्चा खत्म होने के बाद वे आते भी हैं तो उनके भाषणों में विपक्ष के सवालों के सिलसिलेवार या तार्किक जवाब नहीं होते और न ही देश की चिंताओं को वे एड्रेस करते नज़र आते हैं। तमाम महत्वपूर्ण विधेयक वे चर्चा के बगैर पास कराते हैं। कोई अगर सवाल करे तो वे या तो उस पर बात ही नहीं करते या फिर ऐसे मुखर सदस्यों की आवाज़ को अपने सांसदों के शोर-गुल में दबवा देते हैं। इस पर भी उनके लिये उठाये जाने वाले अड़चन भरे सवालों या बयानों को संसदीय कार्यवाही से विलोपित कर दिया जाता है या सदस्यों को ही निलम्बित करा दिया जाता है। इस पर भी मन न भरे तो उनके यहां केन्द्रीय जांच एजेंसियां दस्तक देने लगती हैं। सर्वदलीय बैठक जूनियर मंत्रियों के हवाले कर वे स्वयं बाहर सभाएं करते हैं।

सरकार की त्रुटियों पर विपक्ष के विचार आमंत्रित करने का औदार्य दिखलाने वाले ये वही मोदी हैं जो अपनी आलोचना को विरोधियों द्वारा गालियां देना भी बतलाते रहे हैं। ऐसा वे संसद के बाहर व भीतर दोनों जगहों पर करते हैं। उनके कारोबारी मित्र गौतम अदानी या फिर चीन की भारतीय सीमा में घुसपैठ की बात की जाये तो वे इसे देश पर हमला बतलाने लगते हैं; और अगर नोटबन्दी या जीएसटी की असफलताओं पर विपक्ष बात करे तो उसे देशविरोधी करार दिया जाता है। पिछले 70 वर्षों का बिला नागा रोज हिसाब मांगने वाले मोदी से सम्बन्धित कोई सवाल अगर हो तो वे उन्हें मिलने वाली गालियों की संख्या बतलाने लगते हैं। या वे इस बात का रोना रोते हैं कि उन्हें क्या-क्या कहकर और कितने किलो गालियां दी गईं। अगर प्रधानमंत्री खुली चर्चा के इतने ही हिमायती हैं तो उन्हें अपने सांसदों, पार्टी प्रवक्ताओं, आईटी सेल, ट्रोल आर्मी से कहकर विपक्ष की आवाज दबाने के लिये चलाए जा रहे अभियानों को रुकवाना चाहिये। सब जानते हैं कि ऐसा होना सम्भव नहीं है क्योंकि यह मोदी व उनकी भारतीय जनता पार्टी का विपक्ष के खिलाफ एक बेहद अलोकतांत्रिक अभियान का हिस्सा है। मजबूत प्रतिपक्ष की वकालत कर उसे खुली चर्चा का न्यौता ऐसा कोई व्यक्ति दे ही नहीं सकता जो देश को उसकी सबसे पुरानी और आजादी के आंदोलन में प्रमुख भूमिका निभाने वाली कांग्रेस से ही मुक्त होने का न केवल सपना दिखाए बल्कि उसका नारा भी दे और ऐसा करने के तमाम अलोकतांत्रिक कदम उठाये। खुद मोदी कांग्रेस एवं सम्पूर्ण विपक्ष को अनेक प्रकार से बदनाम करने के अभियानों का (सफल) नेतृत्व करते आये हैं।

वैसे जब प्रधानमंत्री संसद भवन को 'लोकतंत्र का मंदिर' बतलाते हुए विपक्ष को ज्ञान दे रहे थे तो उनकी भाव-भंगिमा में विनम्रता व सहजता नहीं थी। सम्भवत: वे कांग्रेस पर खास तौर पर तंज कसने और उसका मखौल उड़ाने के लिये प्रकट हुए थे। ऐसा उन्होंने पहली बार नहीं किया। संसद के दस्तावेज़ों में उनके ऐसे अनेक भाषण संरक्षित होने चाहिये जो विपक्ष एवं राष्ट्र निर्माताओं के लिये अपमानसूचक शब्दों से भरे पड़े हैं। उनका यही रवैया सदन के बाहर दिये जाने वाले भाषणों में भी रहता है। बहुत पीछे जाकर उनके पुराने वक्तव्यों को उद्धृत करने की बजाये हाल के उनके कुछ बयानों को देखें तो उनका व्यवहार उनकी इस ताज़ा सीख से एकदम अलग है। पुरानी संसद से नये भवन में जाने के पहले उन्होंने इसी जगह पर कहा था कि 'विपक्ष रोना-धोना छोड़कर नयी शुरुआत करे।' रोने-धोने से उनका आशय वही था जो इस बार की नकारात्मकता से है। यानी उन्हें असहज करने वाले प्रश्न न पूछे जायें और सरकार की हां में हां मिलाई जाये। मोदी की सकारात्मकता का यही आशय है। फिर, सवाल पूछने वाले उनके लिये 'मूर्खों के सरदार' भी हो जाते हैं।

अधिक पीछे गये बगैर मोदी के पिछले नौ वर्षों के राजनैतिक सफर को देखें तो कह सकते हैं कि सकारात्मकता अपनाने का जो संदेश वे दे रहे हैं उसकी शुरुआत उन्हीं से किये जाने की सख्त ज़रूरत है। आजाद मुल्क के गौरवशाली संसदीय इतिहास व लोकतांत्रिक विरासत को हमेशा गरियाने और विपक्ष विहीन भारत का नारा बुलन्द करने वाले मोदी ने जो बातें सोमवार को संसद भवन की दहलीज पर कीं, उसके एक छोटे से हिस्से पर भी वे अमल करें तो देश का न केवल लोकतंत्र बचा रहेगा वरन देश भी बच जायेगा।

**(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)**



डॉ. दीपक पाचपोर

**सरकार की त्रुटियों पर विपक्ष के विचार आमंत्रित करने का औदार्य दिखलाने वाले ये वही मोदी हैं जो अपनी आलोचना को विरोधियों द्वारा गालियां देना भी बतलाते रहे हैं। ऐसा वे संसद के बाहर व भीतर दोनों जगहों पर करते हैं। उनके कारोबारी मित्र गौतम अदानी या फिर चीन की भारतीय सीमा में घुसपैठ की बात की जाये तो वे इसे देश पर हमला बतलाने लगते हैं; और अगर नोटबन्दी या जीएसटी की असफलताओं पर विपक्ष बात करे तो उसे देशविरोधी करार दिया जाता है।**

# इंडिया ब्लॉक को विधानसभा चुनाव नतीजों से उचित सबक लेना होगा

■ नित्य चक्रवर्ती

पांच राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव परिणाम अप्रैल/मई 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों से ठीक चार महीने पहले भाजपा विरोधी विपक्ष को अशुभ संकेत भेज रहे हैं। तीन उत्तर भारतीय राज्यों- मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में अपने मुख्य प्रतिद्वंद्वी भाजपा के हाथों कांग्रेस की हार एक आपदा है। भाजपा की इस भारी जीत का प्रभाव राष्ट्रीय फलक पर बीआरएस को हराकर तेलंगाना में कांग्रेस की जीत को बेअसर कर देगा।

राज्य विधानसभा चुनावों के नतीजों से कई सबक मिलते हैं। सबसे महत्वपूर्ण है देश के इन तीन प्रमुख राज्यों में मतदाताओं के राजनीतिक मूड में भाजपा के पक्ष में स्पष्ट बदलाव। यह सीमांत नहीं है, यह बहुत अधिक है। चुनाव प्रचार के अंतिम समय तक यह धारणा थी कि इस साल मई में हिमाचल और इससे भी अधिक कर्नाटक में जीत के बाद कांग्रेस को चुनावी लड़ाई में बढ़त मिल रही है। 3 दिसंबर के नतीजों से पता चला है कि हवा भाजपा के पक्ष में बदल गई है और इससे हिंदी भाषी राज्यों में 2024 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस के पलटवार की संभावना कम हो गई है।

आइए इन तीन राज्यों में पिछले लोकसभा चुनाव के नतीजों पर नजर डालते हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में कुल 65 सीटों में से भाजपा को 61 सीटें मिली थीं, जबकि कांग्रेस को मात्र 3 सीटें ही मिली थीं। यह परिणाम 2018 के विधानसभा चुनावों के बाद आया था जिसमें कांग्रेस ने तीनों राज्यों में भाजपा को हरा दिया था। 2019 के लोकसभा नतीजों को कई लोगों ने नरेंद्र मोदी फैक्टर का जिक्र करके समझाया। अब लोकसभा चुनाव की पूर्वसंध्या पर इन तीनों राज्यों में से किसी में भी कांग्रेस की सरकार नहीं है। मोदी फैक्टर को छोड़ दें, केवल राज्य चुनाव प्रचार के आधार पर, कांग्रेस के पास इन तीन राज्यों में मतदाताओं को देने के लिए कुछ भी नया नहीं होगा।

2024 के चुनावों में हिंदी भाषी राज्यों में बदलाव कांग्रेस पार्टी के लिए अपनी लोकसभा सीटों को वर्तमान 52 से बढ़ाकर 120 से अधिक करने के लिए महत्वपूर्ण है, जो कि प्रमुख विपक्षी दल के लिए भारत ब्लॉक में प्रमुख भूमिका निभाने के लिए न्यूनतम है, यदि भाजपा को केन्द्र की सत्ता से बेदखल करना है तो। 2003 के विधानसभा चुनावों में सभी राज्यों में हार के बावजूद, 2004 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस ने इन तीन राज्यों में अच्छा प्रदर्शन किया। वह बीस साल पहले की बात है और प्रधानमंत्री के रूप में कोई नरेंद्र मोदी नहीं थे। कांग्रेस को गंभीरता से आत्मनिरीक्षण करना होगा और देखना होगा कि अगले कुछ महीनों में धारणा को कैसे बदला जा सकता है।

3 दिसंबर के नतीजे मतदाताओं के मूड में एक स्पष्ट दक्षिण-उत्तर विभाजन का संकेत देते हैं। आम तौर पर, पिछला इतिहास बताता है कि एक बार जब कांग्रेस को किसी क्षेत्रीय पार्टी सत्ता से हटाती है, तो सबसे पुरानी पार्टी कभी भी अपने दम पर सत्ता में वापस नहीं आती। तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, झारखंड और यहां तक कि बिहार के साथ भी यही स्थिति रही है। तेलंगाना में, यह प्रवृत्ति उलट गई है और इससे कांग्रेस आलाकमान को दक्षिण भारतीय राज्यों, विशेष रूप से आंध्र प्रदेश और केरल में अधिक महत्वाकांक्षी लक्ष्य मिल सकते हैं।

कांग्रेस पार्टी के लिए दिक्कत यह है कि दक्षिणी राज्यों से उसे लोकसभा में ज्यादा सीटें मिलने की गुंजाइश कम है। पार्टी को सबसे ज्यादा फायदा हिंदी भाषी राज्यों से होना है क्योंकि 2019 के लोकसभा चुनाव में इन राज्यों में प्रदर्शन सबसे निचले स्तर पर था। मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के अलावा, अन्य हिंदी भाषी राज्य बिहार, झारखंड, हरियाणा और उत्तर प्रदेश हैं। बिहार और झारखंड में कांग्रेस पहले से ही गठबंधन सरकार का हिस्सा है। ताजा नतीजे इन गठबंधन राज्यों में अपने सहयोगियों से अधिक लोकसभा सीटों के लिए कांग्रेस की सौदेबाजी की शक्ति को कम कर देंगे।

जहां तक इंडिया गठबंधन के सहयोगियों का सवाल है, नतीजों ने खतरा भी पैदा किया है और कुछ अवसर भी। कांग्रेस विधानसभा चुनावों में अच्छी जीत की उम्मीद कर रही थी और उस आधार पर, 2024 के चुनावों के लिए सीट बंटवारे के संबंध में बेहतर सौदेबाजी की शक्ति के साथ आगामी विपक्षी गठबंधन बैठक में भाग लेने की योजना बना रही थी। वह लाभ अब नहीं रहेगा। अपमानित और निराश कांग्रेस नेतृत्व सीट बंटवारे के फॉर्मूले सहित विधानसभा चुनाव के बाद की रणनीति पर चर्चा करने के लिए 6 दिसंबर को इंडिया ब्लॉक की बैठक में भाग लेगा।

बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश में सहयोगियों के लिए भाजपा की चुनौती कड़ी होगी। खासकर बिहार में यह अपने चरम पर पहुंचेगा जहां भाजपा के सभी हमलों के केंद्र में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार होंगे। भाजपा यह सोचकर कि जाति जनगणना की मांग को तीन राज्यों में मतदाताओं ने खारिज कर दिया है, आने वाले महीनों में नरेंद्र मोदी की गारंटी के आधार पर जोरदार प्रचार करेगी। जद(यू) और राजद दोनों स्थिति की समीक्षा कर सकते हैं। कांग्रेस को राज्य चुनाव से पहले अपने पहले के अनुमानों के विपरीत कम संख्या में सीटों से संतोष करना पड़ सकता है।

उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव का होगा इंडिया गठबंधन के सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे पर अंतिम फैसला। हाल के हफ्तों में यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने सभी 80 सीटों पर चुनाव लड़ने की बात कही थी। यह इस विश्वास का परिणाम था कि पार्टी विधानसभा चुनावों में अच्छा प्रदर्शन करेगी। अब, अखिलेश कांग्रेस पर अपनी शर्तें थोप सकते हैं, तथा अन्य सहयोगी निश्चित रूप से उनका समर्थन करेंगे। अखिलेश इस बात से भी चिंतित हैं कि हिंदी पट्टी में भाजपा की जीत निश्चित रूप से राज्य भाजपा को उत्साहित करेगी जो 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के कारण पहले से ही लाभप्रद स्थिति में है। संक्षेप में, हिंदी भाषी राजनीतिक परिदृश्य इंडिया गुट के लिए अनुकूल नहीं हैं।

जो पार्टियां विधानसभा चुनाव नतीजों से थोड़ी भी अछूती रहीं, उनमें तृणमूल कांग्रेस, वामपंथी दल और डीएमके शामिल हैं। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी निश्चित रूप से राज्य की राजनीति में पुनरुत्थान वाली भाजपा का सामना करेगी, लेकिन उन्होंने यह सुनिश्चित किया है कि उनका संगठन बिखरी हुई भाजपा के खिलाफ लोकसभा चुनावों के लिए अच्छी तरह से तैयार है। वह हमेशा चाहती थीं कि सीट बंटवारे पर बातचीत सितंबर में शुरू हो लेकिन कांग्रेस ने नतीजों की घोषणा तक इसमें देरी की। अब जब सीट बंटवारे पर बातचीत शुरू होगी, तो टीएमसी सुप्रीमो कमजोर कांग्रेस से निपटेंगी, अगर कांग्रेस अंतत: टीएमसी के साथ गठबंधन करने का फैसला करती है।

जहां तक दो वामपंथी दलों, सीपीआई और सीपीआई (एम) का संबंध है, सीपीआई को कांग्रेस के साथ गठबंधन के परिणामस्वरूप तेलंगाना में एक सीट मिली। कांग्रेस के साथ सीपीआई (एम) की गठबंधन वार्ता टूट गई। पार्टी ने कुछ सीटों पर चुनाव लड़ा लेकिन उसे कोई सीट नहीं मिली। सीपीआई (एम) ने राजस्थान में अपनी दो सीटें खो दीं। यह पार्टी के लिए बड़ा नुकसान है क्योंकि किसान आंदोलनों के जरिए पार्टी राजस्थान में अच्छा आधार बनाने में सफल रही है। लेकिन लोकसभा चुनाव में सीपीआई (एम) के लिए सबसे चुनौतीपूर्ण काम केरल से होगा। कुल 20 सीटों में से सीपीआई (एम) के पास अब केवल एक सीट है। कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ को अन्य 19 सीटें मिली हैं। यह दोनों मोर्चों एलडीएफ और यूडीएफ की संबंधित ताकत के अनुपात से अधिक है। सीपीआई और सीपीआई (एम) दोनों के पास 2024 के लोकसभा चुनावों में यूडीएफ सहयोगियों से सीटें हासिल करने का अच्छा अवसर है। केरल से अधिक सीटें जीतकर ही वाम दल अपनी संख्या मौजूदा पांच से बढ़ा सकते हैं। कांग्रेस को लगता है कि कर्नाटक और तेलंगाना चुनाव के बाद दक्षिण में उसकी स्वीकार्यता बढ़ी है। पार्टी केरल में अपनी सीटें बरकरार रखने की पूरी कोशिश करेगी।

कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक में उसके सहयोगियों को लोकसभा चुनावों में राजनीतिक चुनौतियों पर समग्र रूप से विचार करना होगा। सहयोगियों को याद रखना होगा कि कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा से मुकाबला करने की स्थिति में है। कांग्रेस का कमजोर होना विपक्ष के हित में नहीं है। वहीं, कांग्रेस को यह भी देखना होगा कि संयुक्त विपक्ष की अधिकतम ताकत का इस्तेमाल भाजपा के खिलाफ लड़ाई में किया जा सके। इंडिया ब्लॉक के साझेदारों को इसे ध्यान में रखते हुए 6 दिसंबर की चर्चा में भाग लेना चाहिए। उन्हें यह ध्यान में रखना चाहिए कि प्रधानमंत्री उत्साहित मूड में हैं और वह 22 जनवरी को राम मंदिर उद्घाटन के तुरंत बाद राष्ट्रीय चुनावों की घोषणा कर सकते हैं। उन्हें उससे पहले सीट साझा करने की व्यवस्था और अभियान कार्यक्रमों के साथ तैयार रहना चाहिए।

**जहां तक इंडिया गठबंधन के सहयोगियों का सवाल है, नतीजों ने खतरा भी पैदा किया है और कुछ अवसर भी। कांग्रेस विधानसभा चुनावों में अच्छी जीत की उम्मीद कर रही थी और उस आधार पर, 2024 के चुनावों के लिए सीट बंटवारे के संबंध में बेहतर सौदेबाजी की शक्ति के साथ आगामी विपक्षी गठबंधन बैठक में भाग लेने की योजना बना रही थी। वह लाभ अब नहीं रहेगा।**

## पावन प्रसंग

### सेवा का अवसर न जाने दें

स्वामीजी का प्रवचन समाप्त हुआ। अपने प्रवचन में उन्होंने सेवाधर्म की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला और अंत में यह निवेदन भी किया कि जो इस राह पर चलने के इच्छुक हों, वे मेरे कार्य में सहयोगी हो सकते हैं। सभा विसर्जन के समय दो व्यक्तियों ने आगे बढ़कर अपने नाम लिखाए। स्वामीजी ने दूसरे दिन आने का आदेश दिया। सभा का विसर्जन हो गया, लोग इधर-उधर बिखर गए। दूसरे दिन सड़क के किनारे खड़ी थी एक महिला, पास में रखा था घास का भारी ढेर। प्रतीक्षा थी किसी राहगीर की। आए और उठवा दे उसका बोझा। एक आदमी आया, मजदूरनी ने अनुनय विनय की, पर उसने उपेक्षा की दृष्टि से देखा और बोला- अभी मुझे समय नहीं है, मैं बहुत महत्वपूर्ण कार्य को संपन्न करने जा रहा हूं। इतना कहकर आगे बढ़ गया। थोड़ी सी दूर पर एक बैलगाड़ी दलदल में फंसी खड़ी थी। गाड़ीवान बैलों पर डंडे बरसा रहा था. पर बैल एक कदम भी आगे न बढ़ पा रहे थे। यदि पीछे से कोई गाड़ी के पहियों को धक्का देकर आगे बढ़ा दे तो बैल उसे खींचकर दलदल से बाहर निकाल सकते थे। गाड़ीवान ने कहा- भैया! आज तो मैं मुसीबत में फंस गया हूं थोड़ी सहायता करो मेरी।

राहगीर बोला- मैं इससे भी बड़ी सेवा करने स्वामीजी के पास जा रहा हूं, फिर बिना कीचड़ में घुसे धक्का देना भी संभव नहीं। अत: कौन खराब करे अपने कपड़े। इतना कहकर वह आगे बढ़ गया। और आगे चलने पर मिली उसे एक नेत्रहीन वृद्धा, जो अपनी लकड़ी सड़क पर खटखट कर दयनीय स्वर से कह रही थी- कोई है क्या? मुझे सड़क की बाईं ओर वाली उस झोंपड़ी तक पहुंचा दो भगवान भला करे। बड़ा एहसान होगा मुझ पर। वह व्यक्ति कुड़कुड़ाया, क्षमा करो मां। क्यों बिगाड़ती हो। तुम शायद नहीं जानतीं मैं बड़ा आदमी बनने जा रहा हूं। मुझे जल्दी पहुंचना है। उस सेवाव्रती राहगीर ने सभी अवसर ठुकरा दिए, जबकि दूसरे अगले सेवाव्रती ने उस मजदूरनी का बोझा उठाया, वृद्धा को उसकी झोपड़ी तक पहुंचाया। बैलगाड़ी को दलदल से निकालने में मदद की। इस तरह उन सबकी सहायता की और स्वामीजी के पास देर से पहुंचने का कारण बताया। स्वामीजी की परीक्षा में सेवा-सहायता करने वाला व्रती उत्तीर्ण हुआ।

सेवाभावी नेतृत्व-सेवा का नेतृत्व का अर्थ है- वह वर्चस्व जिसके सहारे परिचितों और अपरिचितों को अंकुश में रखा जा सके,अनुशासन में चलाया जा सके। आमतौर से मनुष्य अनगढ़ होते हैं। छोटे बच्चे जागने से लेकर सोने तक ऐसे ही उछल-कूद करते रहते हैं। उनकी भाग-दौड़ का न कोई प्रयोजन होता है और न लाभ। मनमर्जी चलाने में उन्हें मजा आता है। इशारे से समझाने पर मानते नहीं। उन्हें काबू में रखना, शिष्टाचार बरतने के लिए सहमत करना, पढ़ने जैसे किसी उपयोगी काम में लगाना तभी संभव होता है, जब उनके पीछे व्यवहारकुशल अध्यापक या अभिभावक लगें। यही नेतृत्व है।

आत्मानुभूति यह भी होनी चाहिए कि सबसे बड़ी पदवी इस संसार में मार्गदर्शक की है। नाविक और अध्यापक जो स्नेह, सम्मान पाते हैं, अगणितों को कृतज्ञ बनाते और पार लगाते हैं, वह साधारण नहीं, असाधारण बात है। उतना कर पाना आत्मसंतोष के लिए सबसे बड़ा आधार है। लोकश्रद्धा इसी के सहारे अर्जित होती है। संसार में जो भी महामानवों की श्रेणी में पहुंचे हैं, उन सभी को जनसमर्थन- जन सहयोग निश्चित रूप से मिला है। यह किस प्रकार सुलभ-संभव है, उसकी विद्या अनुभव- अभ्यास में उतार लेना महती सफलताओं में एक गिनी जा सकती है।

अपने दुर्गुण, कुविचारों एवं हेय कार्यों पर कड़ी नजर रखी जाए. उनका विरोध- असहयोग जारी रखा जाए तो कोई कारण नहीं कि जीवन को उच्चस्तरीय बनाने वाली सत्प्रवृत्ति अपने अभ्यास में न उतार सके। यह बहुत बड़ी बात है। नम्रता, सज्जनता, शिष्टता, उदारता, सेवा भावना के बलबूते कोई भी व्यक्ति लोकप्रिय एवं श्रद्धास्पद बन सकता है साथ ही उस समर्थन के कारण हर क्षेत्र में प्रगति के लिए अवसर मिलते रहने का सिलसिला अनायास ही चल पड़ता है।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

### स्त्री की बुनियादी भूमिका और अधिकारों के मूल्यांकन की आवश्यकता

आज स्त्री के संदर्भ में सारी पुरातन अवधारणाओं को बदलने का समय आ गया है। नारी अब घर में पूज्या तो है ही साथ ही वह समाज में अपनी अहमियत की दस्तक देकर देश की सीमा सुरक्षा में भी अपना योगदान दे रही है। राष्ट्र निर्माण में नारी की शिक्षा एवं उनकी सहभागिता भारत का शक्तिशाली भविष्य है, अत: नारी की शिक्षा देश के लिए अति महत्वपूर्ण मुद्दा बन गई है। इनके अधिकारों और नई भूमिका के सही मूल्यांकन महती जरूरत है। वह समय चला गया जब किसी घर में कन्या के पैदा होने से पूरे परिवार में मातम छा जाता था अब भारत में धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश में लिंग भेद बदलने लगा है। स्थिति यह है कि शिक्षित परिवार केवल एक संतान ही पैदा करना चाहती है चाहे वह कन्या हो या पुत्र। अब परिवार में कन्या पैदा होने से खुशियां मनाई जाती है और पुरातन सोच अब धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश को मस्तिष्क के मूल्यांकन के साथ बदलते जा रही है। पुरुष प्रधान समाज में नारी को पूज्या कह कर बहला दिया जाता था और उसे घर की चहारदीवारी में सीमित कर दिया गया था। यही कारण था कि वे पुरुषों की बराबरी में ना आकर बहुत पिछड़ गई और देश की समग्र विकास की स्थिति एकांगी हो गई थी। समाज यह भूल गया था कि जिन हाथों में कोमल चूड़ियां पहनी जाती हैं वही हाथ तलवार भी उठा कर युद्ध में एक वीरांगना की भूमिका निभाती है, इसकी सर्वश्रेष्ठ उदाहरण रजिया बेगम और रानी लक्ष्मीबाई रही हैं। मनुस्मृति पर यदि आप नजर डालेंगे तो पाएंगे कि उसमें स्पष्ट कहा गया है कि जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवताओं का वास होता है। प्राचीन भारत में नारी शिक्षा का काफी प्रचार प्रसार किया गया था इसके कई प्रमाण भी हैं कि वेद की रिचाओं का ज्ञान नारियों को था इसमें कुछ महत्वपूर्ण नारियां समाज के लिए एक उदाहरण बन गई थी उनमें मैत्री, गार्गी, अनुसूया, सावित्री, आदि उल्लेखनीय हैं। वैदिक काल के विद्वान मुंडन मिश्र की पत्नी उदय भारती ने प्रकांड पंडित विश्व विजयी आदि शंकराचार्य को भी शास्त्रार्थ में भरी सभा में पराजित किया था। इसीलिए वेदों और पुराणों में भी उल्लेखित है की बालिका शिक्षा समाज के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला होता है। नारी के उत्थान में कई कुप्रथा कुठाराघात करती रही हैं, जो नारी के विकास में बाधा बनकर सामने आई थी इनमें बाल विवाह सबसे बड़ा अवरोध बना था और इसी का प्रतिफल है कि नारी पुरुष के समाज में काफी पिछड़ गई थी। महादेवी वर्मा ने नारी शिक्षा को पुरुष शिक्षा से ज्यादा महत्वपूर्ण बताया था उन्होंने कहा था स्त्री को शिक्षित बनाना एक पुरुष को शिक्षित बनाने से ज्यादा आवश्यक और महत्वपूर्ण है यदि एक पुरुष शिक्षित -प्रशिक्षित होता है तो उससे एक ही व्यक्ति को लाभ होता है किंतु यदि स्त्री शिक्षित होती है तो उससे संपूर्ण परिवार शिक्षित हो जाता है। उन्होंने बहुत महत्वपूर्ण बात कही नारी को अशिक्षित रखना समाज के लिए अपराध के समान है। समय के परिवर्तन के साथ साथ नारी का महत्व अब पूरे तौर पर समझा जा रहा है। आज समाज तथा देश में नारियां सर्वोत्कृष्ट कार्य कर रही है। समाज हो या विज्ञान या राजनीति अथवा समाज सेवा संपूर्ण क्षेत्र में आज नारियां पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर सर्वश्रेष्ठ कार्य कर रही है। महात्मा गांधी ने स्वयं कहा है कि जब तक भारत की महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में काम नहीं करेगी तब तक भारत का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है।

**संजीव ठाकुर**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770

ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

## पाकिस्तान में स्कूल के बाहर विस्फोट, सात घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मंगलवार को एक स्कूल के बाहर हुए विस्फोट में चार बच्चों सहित सात लोग घायल हो गए। बचाव दल ने यह जानकारी दी। जिला आपातकालीन अधिकारी नवीद अख्तर ने बताया कि यह घटना प्रांतीय राजधानी पेशावर में हुई, जहां आज एक स्कूल के पास सड़क के किनारे विस्फोट हो गया। इसमें सात लोग घायल हो गए। घायलों को शहर के लेडी रीडिंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# देश विदेश

# गाजा में फिलिस्तीनी मृतकों की संख्या बढ़कर 15,899 हुई

**गाजा,** 5 दिसम्बर (एजेंसियां)। हमास संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि 07 अक्टूबर से गाजा पट्टी पर इजरायली हमले के परिणामस्वरूप मरने वालों फिलिस्तीनियों की संख्या बढ़कर 15,899 हो गई है। यह जानकारी सिन्हुआ ने मंगलवार को दी। स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल-केदरा ने गाजा पट्टी के दक्षिण में खान यूनिस में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि घायलो की संख्या 42,000 से ज्यादा है, जिसमें 70 प्रतिशत पीड़ित बच्चे और महिलाएं हैं।

**घायलों की संख्या 42,000 से ज्यादा**



अल-केदरा ने इजरायल पर अस्पतालों और स्वास्थ्य सुविधाओं को निशाना बनाने का आरोप लगाया और कहा कि उसने 56 स्वास्थ्य संस्थानों को नष्ट कर दिया, 35 चिकित्सा कर्मियों को गिरफ्तार किया और गाजा पट्टी में स्वास्थ्य प्रणाली को पूरी तरह से अक्षम कर दिया। अल-केदरा ने संयुक्त राष्ट्र और विश्व स्वास्थ्य संगठन से अस्पतालों और स्वास्थ्य एवं मानवीय टीमों की रक्षा करने और चिकित्सा और ईंधन की आपूर्ति और घायलों के बाहर निकलने के लिए सुरक्षित मार्ग प्रदान करने का आह्वान किया। इस बीच, इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा कि हमास ने जानबूझकर खुद को नागरिकों के बीच समाहित कर लिया है जिससे गाजा के लोग हमास अत्याचारों के परिणामों को भुगत सकें। आईडीएफ ने कहा कि हमारी लड़ाई हमास के खिलाफ है, गाजा के लोगों के खिलाफ नहीं। आईडीएफ ने सोमवार शाम को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हम उन नागरिकों को नुकसान को कम करने की कोशिश कर रहे हैं, जिन्हें हमास ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहा है। हमास द्वारा 07 अक्टूबर को इजरायली शहरों पर अभूतपूर्व हमला करने के बाद से इजरायल ने उसके खिलाफ बड़े पैमाने पर युद्ध छेड़ रखा है।

## डब्ल्यूएचओ ने कहा, गाजा में स्वास्थ्य क्षेत्र पर 200 से ज्यादा हमले दर्ज किए गए

**गाजा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने मंगलवार को कहा कि गाजा पट्टी में 07 अक्टूबर से 28 नवंबर तक चिकित्सा सुविधाओं और स्वास्थ्य कर्मियों पर हमलों की संख्या 203 हो चुकी है। डब्ल्यूएचओ ने एक्स पर लिखा कि 07 अक्टूबर से 28 नवंबर तक, स्वास्थ्य देखभाल पर हमलों की एक अभूतपूर्व संख्या दर्ज की गई, अस्पतालों, एम्बुलेंस, चिकित्सा आपूर्ति पर 203 हमले, और स्वास्थ्य देखभाल कार्यकर्ताओं को हिरासत में रखना। यह अस्वीकार्य है, एकमात्र समाधान सतत युद्धविराम है। 07 अक्टूबर को हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया। इजरायल ने जवाबी हमला शुरू किया और गाजा की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया, जिससे पानी, भोजन और ईंधन की आपूर्ति बंद हो गई। 27 अक्टूबर को, इजरायल ने हमास के लड़ाकों को खत्म करने और बंधकों को बचाने के घोषित लक्ष्य के साथ गाजा पट्टी में एक जमीनी घुसपैठ शुरू की। 24 नवंबर को, कतर ने इजरायल और हमास के बीच एक अस्थायी संघर्ष विराम और कुछ कैदियों और बंधकों के आदान-प्रदान के साथ-साथ गाजा पट्टी में मानवीय सहायता के वितरण पर एक समझौते की मध्यस्थता की।

## रूस ने गाजा में 288 टन से अधिक मानवीय सहायता भेजी

**मॉस्को।** रूस ने 07 अक्टूबर को इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष शुरू होने के बाद से गाजा पट्टी के निवासियों के लिए 288 टन से अधिक मानवीय सहायता पहुंचाई है। यह जानकारी आपातकालीन मंत्रालय के सूचना नीति विभाग के निदेशक रोमन ओखोटेंको ने सोमवार को दी। श्री ओखोटेंको ने कहा कि कुल मिलाकर, रूसी आपात मंत्रालय की 12 उड़ानों ने पहले ही गाजा के निवासियों के लिए अरीश शहर में 288 टन से अधिक मानवीय सहायता पहुंचाई है। 07 अक्टूबर को हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया। इजरायल ने जवाबी हमला शुरू किया और गाजा की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया, जिससे पानी, भोजन और ईंधन की आपूर्ति बंद हो गई। 27 अक्टूबर को, इजरायल ने हमास के लड़ाकों को खत्म करने और बंधकों को बचाने के घोषित लक्ष्य के साथ गाजा पट्टी में एक जमीनी घुसपैठ शुरू की। 24 नवंबर को, कतर ने इजरायल और हमास के बीच एक अस्थायी संघर्ष विराम और कुछ कैदियों और बंधकों के आदान-प्रदान के साथ-साथ गाजा पट्टी में मानवीय सहायता के वितरण पर एक समझौते की मध्यस्थता की। संघर्ष विराम को कई बार बढ़ाया गया, जो कि पिछले शुक्रवार को समाप्त हो गया, जब इजरायली सेना ने गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ लड़ाई फिर से शुरू की, यह कहते हुए कि हमास ने मानवीय विराम का उल्लंघन किया है।

## सुडोकू 6397

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 3 | | | | 8 | | 6 |
| | | | | 3 | 8 | | 7 | |
| 5 | 8 | | | 9 | | | | |
| 9 | 7 | | 3 | | 1 | | 4 | 8 |
| 4 | | | | | | | | 5 |
| 6 | 1 | | 8 | | 9 | | 2 | 3 |
| | | | | 7 | | | 5 | 4 |
| | 5 | | 2 | 8 | | | | |
| 7 | | 4 | | | | 3 | | 9 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : बुधवार 6 दिसम्बर, 2023 अगहन कृष्ण पक्ष 9

### राशिफल

मेष - साहित्य और कला में रुचि रखने वालों के लिए आज का दिन शुभ है। स्नेहीजन के साथ हुई भेंट से आप का मन खुश रहेगा। दोपहर के बाद घर में शांतिपूर्ण वातावरण बना रहेगा। विरोधियों से आज वाद-विवाद हो सकता है।

वृषभ - आज माता के स्वास्थ्य के विषय में चिंता बनी रहेगी। स्थायी संपत्ति के काम आज टालें। नकारात्मक विचारों से दूर रहें। दोपहर के बाद आप के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होगा।

मिथुन - आज का दिन सुख- शांतिपूर्वक गुजरेगा। भाइयों के साथ रखे मेल-जोल से आपको लाभ होगा। मित्रों और स्वजनों से भी आज मुलाकात होगी। दोपहर के बाद नकारात्मक विचारों से मन में किसी बात की चिंता हो सकती है।

कर्क - आज आप के लिए लाभ के कई अवसर मिलने वाले हैं। परिजनों का साथ मिलेगा। वाणी की सुंदर शैली से अपना काम आसानी से बना पाएंगे। दोपहर के बाद प्रवास या पर्यटन का कार्यक्रम बन सकता है।

सिंह - आज आप दृढ़शक्ति के साथ सभी काम कर पाएंगे। घर के बड़ों से आप को लाभ होगा। मैरीड कपल के बीच प्यार ज्यादा रहेगा। आज दोपहर बाद वाणी में उग्रता हो सकती है। पारिवारिक वातावरण में भी मेल-जोल रहेगा।

कन्या - मन को आज भावना के प्रवाह में न बहने दें। किसी बात की उलझन हो, तो आज उसे किसी भी तरह दूर करने का प्रयास करें। किसी के साथ उग्र चर्चा और झगड़े में न पड़ें।

तुला - नए काम आज शुरू ना करें। आज बहुत सोच-विचार में रहने वाले हैं। इससे मनोबल में कमी आएगी। मित्रों से आप को विशेष लाभ होगा। व्यापार में भी लाभ होगा, लेकिन दोपहर के बाद इमोशनल रहेंगे।

वृश्चिक - व्यापार में आज आपकी प्रतिभा की बहुत प्रशंसा होगी। काम बहुत सरलता से पूरे होंगे। स्थायी संपत्ति के मामलों के लिए समय अच्छा है। सरकारी काम से लाभ होगा। गृहस्थ जीवन में मधुरता रहेगी।

धनु - आज आप के स्वभाव में उग्रता रहेगी। साथ में स्वास्थ्य कुछ कमजोर भी रहेगा। धार्मिक यात्रा की भी संभावना है। व्यापार में विवाद होने की आशंका बनी रहेगी, परंतु दोपहर के बाद काम में कुछ सुधार होगा।

मकर - आज बीमारी पर खर्च अधिक होगा। आकस्मिक खर्च भी हो सकता है। पारिवारिक सदस्यों के साथ उग्र बहस न हो जाएं, इसका ध्यान रखें। बाहर के खाने-पीने से आज परहेज करें। गलत कामों से आप दूर रहें।

कुंभ - आज व्यापार में भागीदारों के साथ वाद-विवाद हो सकता है। वैवाहिक जीवन में मनदु:ख के प्रसंग बनेंगे। विद्यार्थियों का विद्याभ्यास में प्रदर्शन अच्छा रहेगा। घर का वातावरण शांतिमय रहेगा।

मीन - आज का आप का दिन मध्यम फलदायी है। परिवार के सदस्यों के साथ आज मेल-जोल बने रहेंगे। दैनिक कामों में विलंब होंगे। ऑफिस में साथियों का सहयोग कम मिलेगा। जीवनसाथी के साथ मनमुटाव हो सकता है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## लीबिया ने 147 अवैध प्रवासियों को नाइजीरिया वापस भेजा

**त्रिपोली,** 5 दिसम्बर (एजेंसियां)। लीबिया के अवैध प्रवासन नियंत्रण विभाग ने सोमवार को कहा कि उसने 147 अवैध प्रवासियों को नाइजीरिया वापस भेज दिया है। यह जानकारी सिन्हुआ ने मंगलवार को दी। विभाग के सूचना एवं दस्तावेज कार्यालय के प्रमुख फथी श्नेब्बूने कहा, नाइजीरिया के 147 अवैध प्रवासियों के एक समूह को त्रिपोली मिटिगा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उनके देश भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि निर्वासित प्रवासियों में 122 महिलाएं और 25 पुरुष शामिल हैं। श्री श्नेब्बू ने कहा कि वे प्रवासी आपराधिक समूहों में शामिल थे और मादक पदार्थों की तस्करी, आग्नेयास्त्रों की तस्करी और वेश्यावृत्ति को अंजाम देते थे। 2011 में दिवंगत नेता मुअम्मर अल-गद्दाफ़ी के शासन का पतन होने के बाद से देश में अस्थिरता और अराजकता की स्थिति हो गई जिसके कारण कई प्रवासियों, अधिकांश अफ्रीकियों, ने लीबिया से यूरोपीय तटों तक भूमध्य सागर पार करने का विकल्प चुना। अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन के अनुसार, इस वर्ष अब तक कुल 15,057 अवैध प्रवासियों को बचाया गया है और लीबिया में वापस लाया गया है।

## ब्रिटिश सरकार ने भारतीयों के लिए ब्रिटेन में काम करना किया मुश्किल



**लंदन,** 5 दिसंबर (एजेंसियां)। ब्रिटिश सरकार द्वारा कुशल श्रमिक वीजा के लिए सीमा बढ़ाए जाने से लगभग 300,000 गैर ब्रिटेन के लोग प्रभावित होंगे, जिनमें से कई भारतीय भी हैं। एक आवेदक का अब न्यूनतम वेतन 26,000 पाउंड से बढ़कर 38,700 पाउंड होना चाहिए।

**300,000 गैर ब्रिटेन के लोग प्रभावित होंगे**

हाउस ऑफ कॉमन्स में गृह सचिव जेम्स क्लेवरली ने कहा, बहुत हो गया। उन्होंने कहा, यह नीति यूके में नेट माइग्रेशन (शुद्ध प्रवासन) को कम करने के लिए डिजाइन की गई है। ब्रिटेन में रहने के लिए आने वाले लोगों और छोड़ने वाले लोगों की संख्या के बीच शुद्ध प्रवासन का अंतर 2022 में 745,000 था और यह पूरे ब्रिटेन के लोगों के बीच बेहद अलोकप्रिय हो गया है।

यूरोपीय संघ (ईयू) से बाहर निकलने के लिए मुख्य तर्कों में से एक आप्रवासन को नियंत्रित करना था जिसे यूरोपीय संघ में लोगों की अनिवार्य मुक्त आवाजाही को रोका नहीं जा सकता था। इसे भारत सहित दुनिया के अन्य हिस्सों से ब्रिटेन में आने वाले लोगों ने हराया है।

हालांकि स्वास्थ्य और सामाजिक देखभाल वीजा पर आने वाले ज्यादातर नर्सों को उच्च वेतन सीमा से छूट दी जाएगी। उन्हें अपने आश्रितों अर्थात् अपने साथियों और बच्चों को अपने साथ लाने की अनुमति नहीं होगी। जेम्स क्लेवरली ने कहा कि इससे स्वास्थ्य और देखभाल वीजा का दुरुपयोग बंद हो जाएगा। यूके में नर्सें भारत के साथ-साथ एशिया अफ्रीका और वेस्ट इंडीज के अन्य हिस्सों से भी आती हैं। जेम्स क्लेवरली ने कहा, %%सितंबर 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष में 100,000 देखभाल कर्मियों और वरिष्ठ देखभाल कर्मियों के साथ लगभग 120,000 आश्रित थे।

## वर्ग पहेली 6397

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायेंसे दायें:-**
१. विदूषक, हँसी-मजाक करने वाला परिहास प्रिय (उर्दू)
३. तिरस्कृत, बेइज्जत
५. मुग्ध करने वाला
६. जलयानों के रुकने-ठहरने की जगह
७. जिसे वरदान प्राप्त हो
९. पात्रता, काबिलियत
१०. दूसरे के अधीन, परतंत्र
१२. बहुत अधिक
१३. विशेष बौद्धिक शक्ति, चमक
१४. पूंजी, व्यापार आदि में लगाया गया धन
१६. अंगूठी, कंकण, दो-दो पंक्तियों की सैनिक स्थिति, घेरा
१८. बधिर, जिसके कानों में सुनाई न दे
२०. जलपान
२१. नाश करने वाला
२३. रूढ़िवादी (उर्दू)

**ऊपरसे नीचे:-**
१. कलाई
२. सावधान, सचेत
३. बेचैनी
४. बेजान
५. मोह का बंधन
८. सूर्यपुत्र
१०. प्रारंभ, शुरुआत
११. बखान
१२. कमी, न होने का भाव
१३. बहाव
१४. मूल्य निर्धारण
१५. साधुवाद, कृतज्ञता प्रकाश, वाहवाही
१७. तीव्र लालसा
१८. श्रेष्ठ, उत्तम
१९. असुर, दैत्य
२२. काटा-छांटा या बदला गया, निरस्त, बेकार, निकम्मा (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6396

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ च | टु | २ ला | ल | ३ स | ■ | ४ व | क्ष | ५ स्थ | ल |
| र्म | ■ | भ | ■ | ६ म | वे | शी | ■ | गि | ■ |
| ७ का | रिं | दा | ■ | झ | ■ | ८ क | ल्प | त | ९ रू |
| र | ■ | य | ■ | १० दा | य | र | ■ | ■ | प |
| ■ | ११ मि | क | १२ सा | र | ■ | ■ | १३ ब | ढ़ि | या |
| ■ | लिं | ■ | खि | ■ | १४ वि | द्रो | ह | ■ | पै |
| १५ ब | द | १६ हा | ल | ■ | वा | ■ | १७ स | १८ ह | सा |
| र | ■ | स्य | ■ | १९ वा | ह | २० क | ■ | ल | ■ |
| २१ सा | रं | गी | ■ | सू | ■ | २२ जा | य | फ | २३ ल |
| त | ■ | २४ त | त्प | र | ता | ■ | ■ | ■ | ज |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## पंजाब मूल का ब्रिटिश नागरिक अमृतसर में पकड़ा गया



■ **आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप**

**चंडीगढ़,** 5 दिसम्बर (एजेंसियां)। पंजाब पुलिस की स्पेशल ऑपरेशन सेल ने अमृतसर के श्री गुरु राम दास हवाई अड्डे से पाकिस्तान स्थित आतंकवादी लखबीर रोडे के करीबी सहयोगी परमजीत सिंह उर्फ पंजाब सिंह को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही पुलिस ने आतंकवादी भर्ती, फंडिंग और सहायता मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने मंगलवार को ये जानकारी दी। परमजीत सिंह एक ब्रिटिश नागरिक है और इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन का संस्थापक सदस्य है। 1990 के दशक की शुरुआत में पंजाब में आतंकवादी गतिविधियों में शामिल था और बाद में उसे 2003 में गिरफ्तार किया गया और आतंकवादी गतिविधियों से संबंधित मामलों में दोषी ठहराया गया। अपनी सजा पूरी होने के बाद, आरोपी ब्रिटेन लौट गया, लेकिन ब्रिटेन और अन्य यूरोपीय देशों में संगठन के लिए भर्तीकर्ता और धन जुटाने वाले के रूप में काम कर आईएसवाईएफ में अपनी गतिविधियां जारी रखीं। डीजीपी ने कहा कि 2021 में विशिष्ट लोगों को लक्षित करने के लिए धन और आतंकवादी हार्डवेयर की व्यवस्था कर पंजाब में आईएसवाईएफ कैडर के पुनर्गठन में शामिल होने के लिए उसका नाम सामने आया था। आतंकी मॉड्यूल के लिए उसकी गिरफ्तारी को एक और बड़ा झटका बताते हुए डीजीपी ने कहा कि पूरे आतंकवादी नेटवर्क का पता लगाने और उसे बेनकाब करने के लिए जांच जारी है। अधिक जानकारी साझा करते हुए, सहायक महानिरीक्षक सुखमिंदर सिंह मान ने कहा कि आरोपी को सोमवार को हवाई अड्डे पर आव्रजन अधिकारियों द्वारा हिरासत में लिया गया, जब वह पंजाब सिंह के नाम पर ब्रिटिश पासपोर्ट पर ब्रिटेन जाने के लिए विमान में चढ़ने जा रहा था।

## थाईलैंड बस दुर्घटना में 14 लोगों की मौत

**बैंकॉक,** 5 दिसम्बर (एजेंसियां)। थाईलैंड में एक अनियंत्रित बस पेड़ से जा टकरायी। इस हादसे में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। मंगलवार को राज्य के स्वामित्व वाली उद्यम ट्रांसपोर्ट कंपनी लिमिटेड ने अपने बयान में यह जानकारी दी।



समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बयान के हवाले से बताया कि यह दुर्घटना मंगलवार सुबह करीब 12.30 बजे प्रचुआप खिरी खान प्रांत में हुई। पहले, स्थानीय मीडिया ने 14 लोगों की मौत और 35 लोगों के घायल होने की खबर दी थी, लेकिन बाद में बस ऑपरेटर ने इसे संशोधित कर 14 लोगों की मौत और 20 लोगों के घायल होने की खबर दी। बस राजधानी बैंकॉक से सोंगखला प्रांत के नथावी जिले की ओर जा रही थी। बयान में कहा गया, घायलों को स्थानीय अस्पतालों में ले जाया गया। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

## आज का इतिहास

1060- बेला चैंपियन को हंगरी का राजा घोषित किया गया था।
1723- सम्राट कैरेल ने छठी व्यावहारिक संविधान घोषित किया।
1724- लंदन में कॉली सिब्बेर का नाटक 'सीज़र इन मिस्र' का प्रीमियर शुरू हुआ।
1768- एनसाइक्लोपीडिया ब्रिटैनिका का पहला संस्करण प्रकाशित हुआ।
1774- ऑस्ट्रिया राजकीय शिक्षा व्यवस्था लागू करने वाला पहला देश बना।
1848- फ्रांज शिलक के नेतृत्व में ऑस्ट्रियाई शाही सेना ने हंगरी पर हमला किया।
1865- अमेरिका में दासता को आधिकारिक रूप से समाप्त कर दिया गया।
1877- पहली बार मनुष्य की आवाज रिकॉर्ड हुई, थॉमस एडिसन ने सबसे पहले कहा 'री हेड अ लिटिल लेम्ब'।
1897- लंदन दुनिया का पहला लाइसेंस प्राप्त टैक्सीकैब की मेजबानी का शहर बना।
1907- अमेरिका के मोनोंगह शहर में एक कोयला खदान के विस्फोट में 362 कर्मचारी मारे गए।
1909- रूसी शहर में सेराटोव स्टेट यूनिवर्सिटी की स्थापना हुई।
1911- वेस्टर्न यूनियन ने न्यूयॉर्क और लंदन के बीच अपनी ट्रांस-अटलांटिक केबल सेवा के लिए डिस्काउंट दरों की शुरुआत की।
1917- फिनलैंड की सीनेट ने आधिकारिक तौर पर रूस में देश की आजादी की घोषणा की।
1935- माइकल जोसेफ सैवेज न्यूजीलैंड के 23 वें प्रधान मंत्री बने।
1953- व्लादिमीर नाबोकोव ने अपना विवादास्पद उपन्यास लोलिता पूरा किया, इसे शुरू करने के पांच साल बाद।

**आयोजन** जापान के निचले सदन ने किया पारित

## जापान में यूनिफिकेशन चर्च की संपत्ति के स्थानांनरण रोकने को विधेयक पारित

**टोक्यो,** 5 दिसम्बर (एजेंसियां)। जापान के निचले सदन ने मंगलवार को विवादास्पद यूनिफिकेशन चर्च को संपत्तियों को स्थानांतरित करने से रोकने के लिए एक विधेयक पारित किया। दरअसल जापान में इस प्रकार की चिंताएं बढ़ गई थीं कि धार्मिक समूह मुआवजे की मांग का सामना करते हुए अपने धन को विदेशों में छिपाने का प्रयास करेगा। जापानी संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा द्वारा संसद के पूर्ण सत्र में विधेयक को मंजूरी दे दी गई, ताकि आक्रामक दान आग्रह सहित समूह की गतिविधियों का शिकार हुए लोगों के लिए पर्याप्त वित्तीय सहायता सुनिश्चित की जा सके।

राष्ट्रीय समाचार एजेंसी क्योडो ने बताया कि इसे अगले बुधवार तक मौजूदा संसद सत्र के अंत तक पारित करने का मार्ग प्रशस्त करते हुए, इसे हाउस ऑफ काउंसिलर्स या उच्च सदन के पास भेजा जाएगा।

इससे पहले अक्टूबर में, जापान के शिक्षा और संस्कृति मंत्रालय ने सदस्यों से आर्थिक रूप से विनाशकारी दान मांगने सहित

■ **अब उच्च सदन के पास भेजा जाएगा विधेयक**

कथित दुर्भावनापूर्ण प्रथाओं पर विवादास्पद समूह की एक महीने की लंबी जांच के बाद, यूनिफिकेशन चर्च को भंग करने के लिए एक अदालत के आदेश की मांग करने का फैसला किया।



समूह ने हालांकि पिछले महीने समूह की प्रथाओं से प्रभावित पीड़ितों की सहायता के लिए सरकार द्वारा रखी जाने वाली एक महत्वपूर्ण राशि, कथित तौर पर 10 अरब येन (6.7 करोड़ अमेरिकी डॉलर) तक उपलब्ध कराने का प्रस्ताव रखा था। इसके बावजूद चिंताएँ व्याप्त हो गई हैं कि समूह प्रयास कर सकता है अदालत द्वारा जारी आदेश का सामना करने से पहले अपनी संपत्तियों को विदेशों में स्थानांतरित करना या उन्हें अन्य संस्थाओं में पुनर्निर्देशित करना जो एक धार्मिक निगम के रूप में उसकी स्थिति को रद्द कर सकता है।

मंगलवार को एक अलग अवसर पर जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने चार साल पहले आयोजित एक बैठक की तस्वीरों के जापानी अखबार असाही शिंबुन द्वारा प्रकाशन के बाद, धार्मिक समूह से किसी भी तरह के संबंध होने से फिर से इनकार किया, जहां विवादास्पद यूनिफिकेशन चर्च के वरिष्ठ सदस्य भी मौजूद थे।

## दुनिया को जानें

## नासा के मार्स हेलीकॉप्टर ने मंगल ग्रह पर 67 उड़ानें पूरी कीं

**लॉस एंजिल्स,** 5 दिसम्बर (एजेंसियां)। नासा के मंगल हेलीकॉप्टर ने सप्ताहांत में लाल ग्रह पर अपनी 67वीं उड़ान पूरी की। यह जानकारी नासा के हवाले से सिन्हुआ ने मंगलवार को दी। नासा के अनुसार, हेलीकॉप्टर 12 मीटर की ऊंचाई पर पहुंचा और शनिवार को दो मिनट से ज्यादा समय तक 393 मीटर की यात्रा की। इनजेन्यूटी नाम का हेलीकॉप्टर 18 फरवरी, 2021 को मंगल ग्रह के जेजेरो क्रेटर पर पहुंचा, जो नासा के पर्सिवरेंस रोवर से जुड़ा हुआ है। हेलीकॉप्टर पहली बार किसी अन्य ग्रह पर संचालित उड़ान का परीक्षण करने के लिए एक प्रौद्योगिकी प्रदर्शन है। नासा के अनुसार, हेलीकॉप्टर को एक बार में लगभग 300 मीटर की दूरी और जमीन से लगभग 3 से 4.5 मीटर की दूरी तक 90 सेकंड के लिए उड़ान भरने के लिए डिज़ाइन किया गया था।



# प्रादेशिकी

## फसली विभिन्नता को उत्साहित करने के लिये मुफ्त बांटा सरसों का बीजः खुड्डियां

चंडीगढ़, 5 दिसम्बर (एजेंसियां)। राज्य में फ़सली विभिन्नता को उत्साहित करने के लिए पंजाब के कृषि और किसान कल्याण विभाग द्वारा रबी के सीजन 2023-24 के दौरान सरसों के बीज की 4500 मिनी-किटें चार जिलों में मुफ़्त वितरित की गई हैं। पंजाब के कृषि और किसान कल्याण मंत्री गुरमीत सिंह खुडिडयां ने मंगलवार को बताया कि बठिंडा, फाजिल्का, गुरदासपुर और होशियारपुर जिलों के किसानों को सरसों की आर. एच. - 761 किस्म का 90 क्विंटल बीज मुफ्त उपलब्ध करवाया गया है। उन्होने कहा कि इस साल सरसों की फसल अधीन क्षेत्र तकरीबन चार हजार हेक्टेयर तक बढ़ने की संभावना है। कृषि मंत्री ने कहा कि इस पहलकदमी से पंजाब सरकार की तरफ से मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की दूरदर्शी सोच अनुसार राज्य में शुरू की गई फसली विभिन्नता मुहिम को और बढ़ावा मिलेगा।

## 'व्यवस्था परिवर्तन का एक साल' पूर्ण होने पर धर्मशाला में होगा राज्य स्तरीय समारोह : मुख्यमंत्री

**शिमला, 5 दिसम्बर (देशबन्धु)।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर 11 दिसम्बर, 2023 को कांगड़ा जिला के पुलिस मैदान, धर्मशाला में 'व्यवस्था परिवर्तन का एक साल' विषय पर राज्य स्तरीय समारोह आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में कांग्रेस का केंद्रीय नेतृत्व भी शामिल होगा। उन्होंने यह बात इस समारोह के आयोजन सम्बंधी विभिन्न प्रबंधों की समीक्षा के लिए आज यहां राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों की एक बैठक को सम्बोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इस समारोह के सफल आयोजन के लिए सभी प्रबंध समय रहते पूरे करने तथा इसमें भाग लेने



वाले लोगों को हरसम्भव सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समारोह से सम्बंधित विभिन्न प्रबंधों के लिए राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, विधायक संजय रतन व केवल सिंह पठानिया जिला प्रशासन के साथ समन्वय करेंगे। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सभी विभागों को जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सुरक्षा प्रबंधों, पेयजल व विद्युत

**समारोह से सम्बंधित विभिन्न प्रबंधों के लिए राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, विधायक संजय रतन व केवल सिंह पठानिया जिला प्रशासन के साथ समन्वय करेंगे : ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू, मुख्यमंत्री**

आपूर्ति, स्वच्छता व मोबाइल शौचालय इत्यादि के समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए ताकि आम लोगों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने पुलिस विभाग को वाहनों के सुचारू यातायात व पार्किंग इत्यादि के लिए पुख्ता प्रबंध करने को भी कहा।

उन्होंने कहा कि लोगों की सुविधा के लिए पुलिस मैदान में बड़ी एलईडी स्क्रीन भी स्थापित की जाएंगी। उन्होंने समारोह के दौरान स्थानीय लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने देने के लिए भी समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने वर्चुअल माध्यम से जुड़े कांगड़ा जिला के उपायुक्त एवं अन्य अधिकारियों को भी आयोजन से सम्बंधित दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, विधायक केवल सिंह पठानिया, पुलिस महानिदेशक संजय कुंडु, प्रधान सचिव ओंकार चंद शर्मा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव भरत खेड़ा, प्रधान सचिव वित्त देवेश कुमार, सचिव अभिषेक जैन, एम.सुधा देवी, सी.पॉलरासु व राकेश कंवर, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सतवंत अटवाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## खड़ापत्थर-पटसारी सड़क के अपग्रेडेशन पर होगा 18 करोड़ खर्चः रोहित

शिमला। हिमाचल प्रदेश सरकार में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने मंगलवार को जुब्बल-नावर-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के अधीन 18.30 करोड़ से अपग्रेड की जाने वाली खड़ापत्थर-पटसारी संपर्क सड़क का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने पराली पंचायत क्षेत्र तथा आसपास की पंचायतों के लोगों को बधाई देते हुए श्री ठाकुर ने कहा कि इस 19 किलोमीटर लंबी सड़क को चैड़ा व पक्का कर बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि सड़के क्षेत्र के विकास में अहम भूमिका निभाती है इसलिए इस क्षेत्र को विकास की दृष्टि से आगे बढ़ाने के लिए जहां पीएमजीएसवाई फेस 3 के तहत पूरे प्रदेश के लिए 2600 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत हुई है, वहीं जुब्बल नावर कोटखाई विधानसभा क्षेत्र की सड़कों के लिए 190 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा की जयराम सरकार द्वारा इसी योजना के तहत 2800 करोड़ रुपए की राशि पूरे प्रदेश के लिए स्वीकृत की गई थी जिसमें से इस विधानसभा क्षेत्र को एक भी पैसा स्वीकृत नहीं हुआ था। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र का विकास कांग्रेस की ही देन है।

## हिमाचल प्रदेश काडर के आईएएस अधिकारी पंकज राय पीजीआई चंडीगढ़ नए डिप्टी डायरेक्टर प्रशासन होंगे

**शिमला, 5 दिसम्बर (देशबन्धु)।** हिमाचल प्रदेश काडर के आईएएस अधिकारी पंकज राय पीजीआई चंडीगढ़ नए डिप्टी डायरेक्टर प्रशासन (डीडीए) होंगे। वह 2027 में सेवानिवृत्त होंगे। केंद्रीय परिवार कल्याण एवं स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस पद के लिए पंकज राय के नाम पर मोहर लगाई है। पैनल में दूसरे स्थान पर 2011 बैच के आईएएस ललित जैन थे। वह निदेशक पर्यावरणए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी हैं और चंडीगढ़ के पूर्व सांसद सत्यपाल जैन के भतीजे हैं। पंकज राय इस समय हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार में विशेष सचिव शिक्षा के पद पर तैनात हैं। राय की ये नियुक्ति चार साल के लिए होगी। राय का लंबा प्रशासनिक अनुभव है और वह बिलासपुर के डीसी के अलावा शिमला में नगर निगम आयुक्त भी रह चुके हैं। पंकज राय इन दिनों शिक्षा विभाग में विशेष सचिव के पद पर कार्यरत हैं। पीजीआई के डीडीए कुमार गौरव धवन का कार्यकाल समाप्त होने के बाद वित्तीय सलाहकार एफए कुमार अभय को कार्यवाहक डीडीए बनाया गया था। पीजीआई प्रशासन ने 10 उम्मीदवारों के नाम केंद्र को भेजे थे। कुमार गौरव धवन ने 14 नवंबर 2019 को पीजीआई ज्वाइन किया था। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा पिछले साल विस्तार का अनुरोध करने के बाद उन्हें उनके मूल संगठन केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड से एक साल का विस्तार मिला था। केंद्र सरकार द्वारा आज जारी आदेश में प्रदेश सरकार से पंकज राय को उनकी जिम्मेवारियों से मुक्त करने को कहा गया है ताकि वह अपनी अगली तैनाती संभाल सके।

## माइनस छह डिग्री पहुंचा केदारनाथ का तापमान

**रूद्रप्रयाग, 5 दिसम्बर (देशबन्धु)।** केदारनाथ में सोमवार देर शाम को तापमान माइनस छह डिग्री पहुंच गया। धाम में जमकर बर्फबारी भी हुई। मौसम की बेरुखी से केदारनाथ में पुनर्निर्माण कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। इधर, निचले इलाकों में भी सोमवार को कुछ देर हल्की बारिश हुई, जिससे ठंड बढ़ गई है। सोमवार को सुबह से ही केदारनाथ में हल्के बादल छाए रहे। दिन चढ़ने के साथ यहां मौसम खराब होता गया और दोपहर 3 बजे से हल्की-हल्की बर्फबारी होने लगी। देर रात तक रुक-रुककर हल्की बर्फबारी होती रही। खराब मौसम के कारण केदारनाथ में तापमान में काफी गिरावट आई है, जिससे ठंड बढ़ गई है।



धाम में अधिकतम तापमान दो डिग्री और न्यूनतम माइनस छह डिग्री दर्ज किया गया। जिला आपदा प्रबंधन-प्राधिकरण, लोनिवि के ईई विनय झिक्वांण ने बताया कि खराब मौसम के कारण पुनर्निर्माण कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है आठ दिसंबर तक प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहेगा। इसके बाद पर्वतीय जिलों में बारिश व बर्फबारी होने से तापमान में गिरावट रिकॉर्ड की जाएगी। इसका असर मैदानी इलाकों में भी देखने को मिलेगा।

### उच्च हिमालय में हिमपात से ठिठुरन बढ़ी

पिथौरागढ़। उच्च हिमालय में फिर से हिमपात होने लगा है। वर्षा और हिमपात से सीमांत में ठिठुरन बढ़ चुकी है। मुनस्यारी में न्यूनतम तापमान तीन डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस पहुंच चुका है। वहीं मौसम विज्ञानी वर्षा और हिमपात को फसल के लिए अच्छा मान रहे है। उन्होंने कहा कि फसल को लाभ मिलेगा।मुनस्यारी के खलिया टाप, छिपलाकेदार में हिमपात हुआ।

**सार संक्षेप**

### बैंक प्रबंधक पर धोखाधड़ी का आरोप

**हल्द्वानी।** पंजाब नेशनल बैंक के मुख्य प्रबंधक व अन्य पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग को लेकर पीड़ित ने पुलिस में तहरीर दी है। आरोप है कि बैंक ने कार की रजिस्ट्री कराने के नाम पर सीज की गई कार की पूरी रकम वसूल ली और कार उसके नाम ही नहीं की। अब उसे टहलाया जा रहा है। छतरपुर रुद्रपुर निवासी पंकज काण्डपाल पुत्र पूरन चन्द काण्डपाल ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि 30 मार्च 2023 को पंजाब नेशनल बैंक का रिकवरी एजेन्ट कमल प्रकाश उसके पास आया और बताया कि किच्छा वार्ड आठ में रहने वाली प्रियंका उप्रेती पुत्री भगवती प्रसाद के नाम वाहन हुंडई की बरना कार संख्या यूके06बीबी- 9702 रजिस्टर्ड है। बताया कि बैंक का लोन नहीं चुका पाने की वजह से उनके वाहन सीज कर दिया गया है। प्रियंका कांडपाल पर पीएनबी का 8 लाख 41 हजार 687 का बकाया है। बैंक उस वाहन को अपनी वसूली के लिए बेच रहा है। इस संबंध में रेलवे बाजार हल्द्वानी स्थित बैंक की शाखा में पहुंच और पूरी जानकारी ली। जिसके बाद बैंक के मुख्य प्रबंधक उमाशंकर तिवारी से मुलाकात कर पूरी जानकारी ली। आरोप है कि बैंक ने उनसे वाहन खरीद के नाम पर 8 लाख 41 हजार 687 रूपए की ले ली और वाहन उसके नाम करने का भरोसा दिया। उनकी ओर से वाहन के कागजात सहित अन्य दस्तावेज भी उसे दे दिए। कई महीने बीता जाने के बाद भी वाहन के कागज उसके नाम ट्रांसफर नहीं हो पाए हैं और बैंक की ओर से टाला मटोली की जा रही है। पीड़ित पंकज कांडपाल का कहना है कि उसने जब इस संबंध में बैंक प्रबंधक से जानकारी ली तो उन्होंने भी बेतुका सा जवाब दे दिया।

### समुदाय विशेष के लोगों के कराया जा रहे निर्माण को पुलिस ने रुकवाया

**रूद्रपुर।** किच्छा रोड हाइवे पर खाली पड़ी जमीन पर समुदाय विशेष के लोगों ने रातों रात फर्श का निर्माण करा दिया। इसकी जानकारी मिलते ही हिंदु संगठनों को लोग भड़क गये उन्होंने विरोध प्रकट करते हुए मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच निर्माण कार्य रूकवा दिया। साथ ही दोबारा निर्माण करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। मिली जानकारी के मुताबिक किच्छा हाइवे स्थित उदय रेजेंसी होटल के पास कुछ लोग खाली पड़ी भूमि पर कब्जाकर रातों रात पक्का फर्श का निर्माण कराया जा रहा। मंगलवार सुबह भी वहां निर्माण कार्य चल रहा था। इसकी जानकारी मिलने पर हिंदु नेता विपिन शर्मा समेत कई लोग वहां पहुंच गये और विरोध प्रकट करते हुए मामले की सूचना पुलिस को दी। इस पर कोतवाली से पुलिस टीम मौके पर पहुंच गयी। पुलिस ने मौके पर निर्माण कार्य रुकवा दिया।

### सुडोकू 6397 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 8 | 9 | 6 |
| 2 | 9 | 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 7 | 1 |
| 5 | 8 | 7 | 1 | 9 | 6 | 4 | 3 | 2 |
| 9 | 7 | 2 | 3 | 5 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 4 | 3 | 8 | 7 | 6 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 8 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 | 2 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 2 | 8 | 4 | 1 | 6 | 7 |
| 7 | 2 | 4 | 6 | 1 | 5 | 3 | 8 | 9 |



## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने पीएम मोदी के आगमन को लेकर इन्वेस्टर समिट स्थल का लिया जायजा

**देहरादून, 5 दिसम्बर (देशबन्धु)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ पीएम मोदी के आगमन को लेकर इन्वेस्टर समिट स्थल का जायजा लिया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी के साथ निरीक्षण करते हुए उन्होंने बताया कि समापन समारोह में गृह मंत्री श्री अमित शाह शिरकत करेंगे। ागामी 8 दिसंबर को ग्लोबल इन्वेस्टर समिट को पीएम मोदी के दौरे को लेकर भाजपा ने स्वागत की तैयारियां शुरू कर दी है। इसी क्रम में आज प्रदेश अध्यक्ष ने एफआरआई स्थित आयोजन स्थल, प्रदर्शनी स्थल और आसपास के क्षेत्रों का जायजा लिया । इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य के विकास और युवाओं के लिए रोजगार निर्माण को लेकर यह समिट गेम चेंजर साबित होने वाला है। ऐसे में हम सबका सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी हमारा हौसला बढ़ाने और माग्रदर्शन करने देवभूमि आ रहे हैं।

## मोदी व शाह इन्वेस्टर्स समिट के लिए आएंगे देहरादून

**देहरादून, 5 दिसम्बर (देशबन्धु)।** राजधानी देहरादून में आयोजित होने वाली उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर प्रदेश सरकार समेत तमाम अधिकारी तैयारियों में जुटे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शासकीय आवास में उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियों को लेकर उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में सीएम धामी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उत्तराखंड में आने वाले सभी अतिथियों के रहने-खाने की व्यवस्था के साथ-साथ समिट से जुड़ी अन्य सभी तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह का मार्गदर्शन भी मिलेगा। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में उत्तराखंड राज्य तमाम क्षेत्रों में विकास की नई बुलंदियों को छू रहा है। साथ ही इन्वेस्टर्स समिट के



- राज्य तमाम क्षेत्रों में विकास की नई बुलंदियों को छू रहाः धामी
- उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर सीएम ने ली बैठक
- समय पर तैयारियां पूर्ण करने के लिए आदेश
- निवेश आएगा तो युवाओं को उनके घर के पास ही रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे

आयोजन से उत्तराखंड प्रधानमंत्री के पांच ट्रिलियन इकोनॉमी के लक्ष्य को पूरा करने में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा।

उन्होंने कहा कि गुजरात में जो वाइब्रेंट गुजरात शुरू किया गया था, उसी तर्ज पर उत्तराखंड में डेस्टिनेशन उत्तराखंड शुरू किया गया है, क्योंकि इससे एक तरफ प्रदेश में निवेश आएगा तो दूसरी ओर युवाओं को उनके घर के पास ही रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। बता दें कि 8 और 9 दिसम्बर को आयोजित होने जा रहे उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर तैयारियां जोरों शोरों से चल रही हैं। इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन देहरादून फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टिट्यूट में हो रहा है।

### इन्वेस्टर्स को न हो परेशानीः अग्रवाल

देहरादून। शहरी विकास मंत्री डॉ. प्रेम चन्द अग्रवाल ने विधान सभा स्थित सभागार कक्ष में आवास से संबंधित इन्वेस्टर्स के साथ बैठक ली। मंत्री ने कहा कि आगामी 8 और 9 दिसम्बर को देहरादून में उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 का आयोजन किया जा रहा है जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर कमलों से होगा। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि इन्वेस्टर्स समिट सफल रहे



जिसके माध्यम से राज्य में अधिक से अधिक निवेश हो सके। मंत्री ने कहा कि इन्वेस्टर्स समिट के शुभारम्भ से समापन तक सभी इन्वेस्टर्स को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि सरकार सभी इन्वेस्टर्स को निवेश करने हेतु अनुकुल वातावरण प्रदान करने की दिशा में कार्य करेगी। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव, आनन्द बर्द्धन, सचिव, आवास, सुरेन्द्र एन, पाण्डे, संयुक्त मुख्य प्रशासक, आवास, प्रकाश चन्द्र दुम्का, सचिव, एमडीडीए, मोहन सिंह बर्निया तथा अन्य विभागीय अधिकारी एवं विभिन्न कम्पनी के इन्वेस्टर्स उपस्थित रहे।

## स्वरोजगार स्थापित करने वाले उद्यमियों को किया जाएगा पुरस्कृत

**सिरसा, 5 दिसम्बर (एजेंसियां)।** हरियाणा सरकार द्वारा राज्य में स्थित राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से प्रशिक्षित युवाओं में स्वरोजगार स्थापित करने की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए सफल उद्यमियों को पुरस्कृत करने की योजना लागू की गई है। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य एवं सहायक शिक्षुता सलाहकार राजेंद्र प्रसाद बाना ने बताया कि योजना के तहत सफल उद्यम स्थापित करने व चलाने वाले युवाओं को सम्मानित किया जाएगा। योजना के तहत प्रथम विजेता उम्मीदवार को 10 हजार रुपये, द्वितीय को 7500 रुपए और तृतीय विजेता उम्मीदवार को पांच हजार रुपये की नकद राशि एवं प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। प्रत्येक जिले में 26 जनवरी 2024 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन सभी पुरस्कृत उद्यमियों में से सर्वश्रेष्ठ तीन उम्मीदवारों को राज्य स्तरीय समारोह में प्रथम विजेता उम्मीदवार को 50 हजार रुपये और द्वितीय विजेता उम्मीदवार को 40 हजार रुपये और तृतीय विजेता उम्मीदवार को 30 हजार रुपये की

- **प्रशिक्षित युवाओं में स्वरोजगार स्थापित करने की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए सफल उद्यमियों को पुरस्कृत करने की योजना लागू की गई**

नगद राशि एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवार राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिरसा में 31 दिसंबर 2023 से पहले आवेदन जमा करवा सकता है। आवेदन प्रपत्र एवं योजना के नियम व शर्ते विभाग की वैबसाईट एचटीटीपीएसः//डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूडॉटआईटीआईहरियाणाडॉटजीओवीडॉटइन से डाउनलोड कर सकते हैं।

**'विश्व मृदा दिवस' पर किसानों को पराली प्रबंधन बारे में किया जागरूक**

हरियाणा में सिरसा के कृषि विज्ञान केंद्र में मंगलवार को विश्व मृदा दिवस मनाया गया है। अतिरिक्त उपायुक्त विवेक भारती ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

## पंजाब के सांसद ने आयुष्मान योजना के तहत दावों पर केंद्र से सवाल किया

**चंडीगढ़, 5 दिसम्बर (एजेंसियां)।** राज्यसभा सदस्य विक्रमजीत सिंह साहनी ने मंगलवार को आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना के तहत पंजाब के दावों के निपटान पर सवाल उठाया। विक्रमजीत सिंह साहनी ने संसद में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों में भिन्नता पर प्रकाश डाला और सूचना का अधिकार अधिनियम (आरटीआई) के तहत जवाब दिया। विक्रमजीत सिंह साहनी ने कहा कि जून 2023 में आरटीआई के जवाब में मंत्रालय ने स्वीकार किया कि आयुष्मान भारत के तहत 2022 में 53 और 2023 में 74 प्रतिशत दावे निपटान के लिए लंबित हैं। हालांकि, संसद में मंत्रालय ने कहा कि इन दो वित्तीय वर्षों के लिए अनसुलझे दावे क्रमशः केवल 2.2 और 5.22 प्रतिशत हैं। उन्होंने कहा, 'हमें नहीं पता कि कौन सा डेटा सही है। स्वास्थ्य मंत्रालय को डेटा को सही करना चाहिए और पंजाब में आयुष्मान भारत के तहत दायर एवं निपटान किए गए दावों का सही डेटा भी पेश करना चाहिए।' उन्होंने आशा व्यक्त की कि दावा प्रस्तुत करने के समय 50 प्रतिशत दावे खुद ब खुद जारी हो जाते हैं। सांसद ने कहा, 'लाभार्थियों के कुल दावों में एक गंभीर विसंगति है। आरटीआई के अनुसार, पिछले साल यह 14.85 लाख दावे थे और संसद के जवाब में इसका जिक्र 1.63 करोड़ किया गया था।'



## ट्रांसपोर्टरों की हड़तालः दो हजार ट्रकों के पहिए जाम

**हल्द्वानी, 5 दिसम्बर (देशबन्धु)।** देवभूमि ट्रक आनर्स वेलफेयर महासंघ के आह्वान पर कुमाऊं मंडल में मंगलवार से ट्रांसपोर्टरों ने हड़ताल शुरू कर दी है। इसके तहत दो हजार से अधिक ट्रकों के पहिए जाम हो गये हैं। इससे कुमाऊं भर में आपूर्ति व्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। ट्रांसपोर्टर चालान का अधिकार केवल आरटीओ व टीआई को ही दिये जाने जैसी मांगों को लेकर आंदोलित हैं। उनका कहना है कि पूर्व में शासन-प्रशासन को मांगों से अवगत कराया गया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। ट्रांसपोर्टरों ने कहा कि हड़ताल में जरूरी सेवाएं शामिल नहीं हैं। इधर ट्रांसपोर्ट कारोबारी हरजीत चड्ढा ने बताया कि ट्रांसपोर्टर अपनी जायज मांगों को लेकर रानीबाग में एकत्र हुए।

## ओवर फ्लो से लोगों के घरों में घुसा सीवर का पानी

**हरिद्वार, 5 दिसम्बर (देशबन्धु)।** दुर्गानगर में विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के चलते सीवर लाईन के ओवर फ्लो होने के चलते घरों में सीवर का पानी जमा होने से आक्रोशित क्षेत्रवासियों ने भाजपा नेता अनिरूद्ध भाटी के नेतृत्व में अनुरक्षण शाखा गंगा, उत्तराखण्ड जल संस्थान, हरिद्वार के क्षेत्रीय कार्यालय पर प्रदर्शन कर सीवर लाईन की सफाई व क्षतिग्रस्त चैम्बरों की मरम्मत की आवाज उठायी। इस अवसर पर भाजपा नेता अनिरूद्ध भाटी ने कहा कि दुर्गानगर में अनेक स्थानों पर सीवर लाईन जाम पड़ी है तथा सीवर चैम्बर क्षतिग्रस्त हैं जिस संदर्भ में विगत अप्रैल-मई से वह विभागीय अधिकारियों को इस समस्या से अनेक बार लिखित व मौखिक रूप से अवगत भी करा चुके हैं यही नहीं क्षेत्र का सर्वे करवाकर उन्होंने इस संदर्भ में सीवर लाईन की समूची सफाई व क्षतिग्रस्त सीवर चैम्बरों की मरम्मत तथा नये ढक्कन लगवाने का भी प्रस्ताव दिया था। विभागीय अधिकारियों की हठधर्मिता के चलते उस पर अभी तक कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि जब भी शिकायत करते हैं तो विभागीय अधिकारी दैनिक कर्मियों को मौके पर भेजकर सीवर लाईन चालू करवा देते हैं, समूची लाईन की सफाई का कार्य प्रारम्भ होने में लापरवाही की जा रही है। अनिरूद्ध भाटी ने कहा कि जब तक दुर्गानगर की सीवर लाईन की सफाई का कार्य प्रारम्भ नहीं होगा हम सब लोग कार्यालय से नहीं हटेंगे।

**दुर्गानगर के लोगों में जबरदस्त रोष**

## भाजपा कांग्रेस को देगी करारा जवाब, 11 को धरना प्रदर्शन : बिंदल

**शिमला, 5 दिसम्बर (देशबन्धु)।** हिमाचल प्रदेश की वर्तमान कॉंग्रेस सरकार का एक वर्ष 11 दिसम्बर को पूर्ण होगा। प्रदेश के राजनीतिक इतिहास में किसी भी सरकार का पहला वर्ष इतना नाकारा नहीं रहा जितना वर्तमान कॉंग्रेस सरकार का रहा। सुखविन्द्र सिंह सरकार जिसने एक वर्ष में प्रदेश के विकास को बन्द कर दिया, कानून व्यवस्था पूरी तरह तार-तार कर दी, सब ओर नशे की प्रवृति का फैलाव हो गया। डीजल, पैट्रोल, खाद्य तेल, दाले व बिजली मंहगी करके जनता पर महंगाई का बोझ लाद दिया और पूर्व की भाजपा सरकार द्वारा खोले गए 1500 संस्थान बंद कर दिए। गारंटियों के नाम पर प्रदेश की जनता को धोखा दिया, बेरोजगार युवकों को एक लाख सरकारी नौकरियां और 5 लाख रोजगार देने का झूठा वायदा किया, 22 लाख बहनों को 1500 रू0 महीना देने की झूठी गारंटी दी, किसानो को, बेरोजगारों को, झूठे वायदे करके ठगा।

सुखविन्द्र सिंह सुक्खू सरकार का यह एक वर्ष पूरी तरह से नाकामयाबियों और विफलताओं से भरा हुआ वर्ष है। इस एक वर्ष में कांग्रेस की सारी गारंटियां फेल



हो गई और सरकार इस एक साल के पूर्ण होने का जश्न मनाने की तैयारी कर रही है। यह एक साल विकास के मामले में काले अध्याय के रूप में जाना जाएगा। भारतीय जनता पार्टी 11 दिसम्बर को सभी जिला मुख्यालयों पर प्रदेश सरकार के विरूद्ध विरोध प्रदर्शन करेगी। झूठी गारंटियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन, बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ विरोध प्रदर्शन, संस्थानों को बंद करने के खिलाफ प्रदर्शन। 11 नवंबर को जिला सिरमौर का नाहन में विरोध प्रदर्शन होगा जिसके संयोजक सुखराम चौधरी, पूर्व मंत्री, विधायक, एवं संसदीय क्षेत्र प्रभारी तथा सह संयोजक विनय गुप्ता, जिलाध्यक्ष होंगे तथा मुख्य वक्ता डॉ सिकंदर कुमार, राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश महामंत्री भाजपा होंगे। इसी प्रकार जिला सोलन के विरोध प्रदर्शन में रश्मिधर सूद, प्रदेश उपाध्यक्ष संयोजक, रतन सिंह पाल, जिलाध्यक्ष सह संयोजक तथा सुरेश कश्यप, सांसद एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मुख्य वक्ता होंगे । जिला बिलासपुर के विरोध प्रदर्शन में त्रिलोक जम्वाल, विधायक एवं पूर्व प्रदेश महामंत्री संयोजक, स्वतंत्र संख्यान, जिलाध्यक्ष सह संयोजक तथा रणधीर शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं विधायक मुख्य वक्ता होंगे । जिला हमीरपुर के विरोध प्रदर्शन में वीरेन्द्र कंवर, पूर्व मंत्री एवं प्रदेश उपाध्यक्ष संयोजक, देशराज शर्मा, जिलाध्यक्ष सह संयोजक तथा प्रो0 प्रेम कुमार धूमल, पूर्व मुख्यमंत्री मुख्य वक्ता होंगे । जिला ऊना के विरोध प्रदर्शन में सतपाल सत्ती, विधायक एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संयोजक, बलवीर चौधरी, जिलाध्यक्ष सह संयोजक तथा इंदू गोस्वामी, राष्ट्रीय महामंत्री महिला मोर्चा एवं राज्यसभा सांसद मुख्य वक्ता होंगी।

# प्रादेशिकी

## फर्रुखाबाद में दहेज लोभी ससुर व पति सहित तीन गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद,** 5 दिसम्बर (देशबन्धु)। राजेपुर अतिरिक्त दहेज में 20 लाख ना मिलने पर विवाहिता को उसके मायके छोड़ने आये ससुर,पति व देवर को पुलिस नें गिरफ्तार कर शांति भंग में चालान कर दिया। थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी अमित गुप्ता पुत्र राकेश गुप्ता में दर्ज कराई गई एनसीआर में बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री महिमा गुप्ता का विवाह जनपद मैनपुरी के औछा निवासी राजीव गुप्ता के पुत्र प्रशांत गुप्ता के साथ 28 नवम्बर 2022 को की थी। पीड़ित अमित गुप्ता नें बताया कि अपनी हैसियत के हिसाब से दान-दहेज दिया था। उस उपहार से पुत्री महिमा के ससुराल वाले पति प्रशांत, ससुर राजीव व देवर निशांत, ननद नेहा गुप्ता संतुष्ट नही थे। वह आए दिन महिमा के साथ मारपीट करते रहते थे। 15 नवम्बर 2023 को भैया दूज के दिन महिमा को आरोपी राजेपुर से दो किलोमीटर दूर छोड़कर चले गए।

# जाति के नाम पर विलाप करने वाले लोग देश को कमजोर करते हैं : योगी

**लखनऊ,** 5 दिसम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जाति के नाम पर विलाप करने वाले लोग समाज और देश को

- **मुख्यमंत्री ने मिशन रोजगार के अंतर्गत कार्यक्रम को किया संबोधित**

कमजोर करते हैं। 2017 के पहले प्रदेश में इंसेफेलाइटिस से होने वाली मौतें इनके चेहरों को बेनकाब करती थीं।

40 वर्षों में इंसेफेलाइटिस से पचास हजार से अधिक बच्चों की मौतें हुईं, लेकिन जाति-जाति करने वाले लोग वोट बैंक की राजनीति करते रहे, जो उनकी संवेदनहीनता को प्रदर्शित करती है। आज उत्तर प्रदेश में इंसेफेलाइटिस पूरी तरह से नियंत्रण में है। इससे होने वाली मौतों में 96 से 98 प्रतिशत तक की कमी आई है।



**आज उत्तर प्रदेश में इंसेफेलाइटिस पूरी तरह से नियंत्रण में है : योगी आदित्यनाथ**

उन्होंने कहा कि चिकित्सा शिक्षा और आयुष से जुड़े लेक्चरर, असिस्टेंट प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और चिकित्सा शिक्षा से जुड़े कॉलेजों के प्रिंसिपल नियमित ओपीडी में बैठें। जितने भी पेशेंट देखें, उनकी केस स्टडी तैयार करें। साथ ही चिकित्सा शिक्षा में शोध को बढ़ावा दें। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को लोकभवन में मिशन रोजगार के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि 2017 के पहले उत्तर प्रदेश में विकास की बात तो दूर, यहां के लोगों के सामने पहचान का संकट था। साढ़े छह वर्षों में हमारी सरकार के द्वारा किए गए कार्यों का नतीजा है कि आज यहां का व्यक्ति अपनी पहचान छिपाता नहीं है, बल्कि जो यूपी का नहीं है, वह भी खुद को उत्तर प्रदेश का बताता है। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में पिछले साढ़े छह वर्ष में उत्तर प्रदेश ने अपनी स्वास्थ्य सेवाओं को काफी बेहतर किया है। 1947 से 2017 तक प्रदेश में केवल 12 मेडिकल कॉलेज बन पाए थे। आज उत्तर प्रदेश में 65 मेडिकल कॉलेज हैं, जिनमें कई क्रियाशील भी हो चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी के लिए हमारी सरकार ने जो कार्य किए हैं उसके परिणाम भी हम सबके सामने हैं।

### प्रदेश में विकास की गति बढ़ी : मुख्यमंत्री

योगी ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार होने की वजह से विकास की स्पीड कई गुना बढ़ गई है। रायबरेली और गोरखपुर के एम्स ने कार्य करना प्रारंभ कर दिया है। आज प्रदेश में एलोपैथ के साथ-साथ ट्रेडिशनल मेडिसिन को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा आयुष मंत्रालय के गठन के बाद उत्तर प्रदेश ने भी आयुष विभाग का गठन किया। आज उत्तर प्रदेश के पास आयुष विश्वविद्यालय है, जो नए कॉलेजों की मान्यता देने की कार्रवाई को तेजी के साथ आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि पैरामेडिक्स और स्टाफ नर्स प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं की बैकबोन हैं। पेशेंट के साथ इनका व्यवहार ऐसा होना चाहिए कि ठीक होने के बाद पेशेंट उन्हें हमेशा याद रखे। सीएम योगी ने कहा कि आज प्रदेश में मलेरिया, चिकनगुनिया, कालाजार और डेंगू पूरी तरह से नियंत्रण में है। 2017 से पहले और उसके बाद के आंकड़ें इसके गवाह हैं।

## ड्रोन के माध्यम से छात्र छात्राओं ने जाना उर्वरक के प्रयोग का प्रदर्शन

**मेरठ,** 5 दिसम्बर (देशबन्धु)। शोभित विश्वविद्यालय मेरठ स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी द्वारा 10 दिवसीय वर्कशॉप ऑन ड्रोन टेक्नोलॉजी इन एग्रीकल्चर मे आज प्रशिक्षण कार्यक्रम के दुसरे दिन केंद्रीय आलू संस्थान अनुसंधान केंद्र के सहयोग से आलू के खेत में ड्रोन के अनुप्रयोग पर एक



दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उन्होंने आलू के अनुसंधान क्षेत्र में ड्रोन की मदद से उर्वरक के प्रयोग का प्रदर्शन किया। प्रधान वैज्ञानिक डॉ. एस के लूथरा ने आलू की विभिन्न किस्मों के साथ-साथ जारी की गई किस्मों के बारे में बताया। डॉ. अनुज भटनागर, प्रमुख वैज्ञानिक कीटविज्ञान, ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। डॉ. राजेश कुमार सिंह, केंद्र अध्यक्ष द्वारा सभी को संबोधित किया गया उनमें उन्होंने किसान नमो ड्रोन दीदी योजना के बारे में और इसके फायदे बताए। मुख्य अतिथि डॉ एन सी उपाध्याय, पूर्व प्रधान वैज्ञानिक, सीपीआरआई, मोदीपुरम ने कृषि उत्पादकता के लिए मिट्टी और पानी के महत्व के बारे में बताया।

## रुद्रा इंस्टीट्यूट ऑफटेक्नोलॉजी में सेमिनार का आयोजन



**मेरठ/मवाना,** 5 दिसम्बर (देशबन्धु)। रुद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के गृह विज्ञान विभाग में कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित की, जिसमें महिला उद्यमिता की गहरी समझ को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ज्ञानवर्धक और आकर्षक कार्यक्रमों का एक स्पेक्ट्रम शामिल है। प्राचार्या डॉ. उर्मिला मोरल के मार्गदर्शन और निदेशक डॉ. मनोज शर्मा के अटूट समर्थन के तहत गृह विज्ञान विभाग की डीन निधि शर्मा ने कार्यक्रमों की एक प्रभावशाली श्रृंखला का आयोजन किया। करियर ज्वेल्स इन होम साइंस होममेकर टू सोसाइटी मेकर शीर्षक वाले सेमिनार ने इच्छुक छात्रों के लिए एक प्रकाश स्तंभ के रूप में काम किया, जबकि श्पोषण शीर्षक वाली खाद्य प्रदर्शनी, टेक्सटाइल लैब

- **सेमिनार ने इच्छुक छात्रों के लिए प्रकाश स्तंभ के रूप में काम किया**

प्रदर्शनी और पोषण गार्डन ने प्रत्यक्ष अनुभव और अंतर्दृष्टि प्रदान की। प्रोफेसर आरजीपीजी कॉलेज, मेरठ से मिस सोनिका चौधरी, दीवान पब्लिक स्कूल, मेरठ से डॉ. मोनिका जोशी, लोकप्रिय हॉस्पिटल, मेरठ से डॉ. भावना गांधी और दयावती मोदी अकादमी, मोदीनगर से मिस अभिरुचि चौहान सहित विशिष्ट अतिथि इस अवसर पर उपस्थित थे।

## सार संक्षेप

### न्यूटिमा हॉस्पिटल पर सीलिंग की कार्रवाई टली

**मेरठ।** गढ़ रोड स्थित न्यूटीमा अस्पताल प्रकरण लगातार चर्चाओं में है। बेसमेंट सीलिंग मामले में अस्पताल को एक बड़ी राहत मिली है। एसपी सिटी पीयूष सिंह द्वारा फोर्स उपलब्ध न कराने पर फिलहाल अस्पताल की सील की कार्रवाई रुक गई है। वहीं न्यूटिमा अस्पताल में मंगलवार की सुबह आईएमए के पदाधिकारी व नर्सिंग होम के संचालक न्यूटिमा हॉस्पिटल में पहुंच गए और कार्रवाई का विरोध शुरू कर दिया। वहीं सील की कार्रवाई फिलहाल रुकने से चिकित्सकों ने राहत की सांस ली है। वहीं कलेक्ट्रेट परिसर में मंगलवार को निजी अस्पतालों के खिलाफ चल रहा आमरण अनशन दूसरे भी जारी रहा। इस दौरान धरने पर बैठे विधायक अतुल प्रधान ने अपने जन्म दिन पर सुंदर कांड का पाठ कराया। पाठ के बाद पूजा की, आरती उतारी। उन्होंने कहा कि सबको पता है 2014 से न्यूटिमा अस्पताल कागजों में पार्किंग स्थल दिखाकर वहां पर अपनी ओपीडी कर रहा था। कहा कि ऐसा भी नहीं है कि यह अधिकारियों को पता नहीं था।

### ओटीएस योजना में बकायेदारों ने 10.50 करोड़ जमा कराए

**मवाना।** बकायेदार बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने वाली एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) का फायदा उठाने के लिए अब उपभोक्ता जागरूक हो गए हैं। मवाना विद्युत वितरण खंड द्वितीय में 10.50 करोड़ रुपये की वसूली हो गई है। उम्मीद है कि इस योजना में दिसम्बर माह में 15 करोड़ की वसूली हो जाएगी। मवाना विद्युत वितरण खंड द्वितीय के अधिशासी अभियंता महेश विश्वकर्मी ने बताया कि बड़े बकायेदारों में से अभी तक 13 प्रतिशत उपभोक्ताओं ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया है, जिसके तहत उन्होंने 4.79 करोड़ रुपए जमा किए हैं। इसी तरह से चोरी के प्रकरणों में 30 फीसदी उपभोक्ताओं ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया और उन्होंने 4.60 करोड़ रुपए जमा किए हैं।

## एसबीआई ने किया टाउन हॉल मीट का आयोजन, ग्राहकों ने रखे विचार

**मेरठ,** 5 दिसम्बर (देशबन्धु)। बॉम्बे बाजार कैंट स्थित चौंबर ऑफ कॉमर्स के सभागार में भारतीय स्टेट बैंक मेरठ क्षेत्र प्रथम की ओर से ग्राहकों के साथ टाउन हॉल मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करने पहुंचे एसबीआई मेरठ मंडल प्रमुख आर. के. सिंह ने टाउन हॉल मीट का शुभारंभ किया। प्रोग्राम में स्टेट बैंक के अलग-अलग शाखाओं के ग्रहको के साथ साथ क्षेत्रीय प्रबंधक रविंद्र कुमार व मेरठ की शाखाओं के तमाम प्रबंधकों ने हिस्सा लिया। डीजीएम आर. के. सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्राहकों के साथ सीधा संवाद व उनसे जुड़ी समस्याओं को



सुनना और उसके साथ-साथ बैंक से जुड़े ग्राहक की ओर से बैंकिंग सेवाओं में सुधार के लिए उनके सुझावों को लेना है। सभी ग्राहकों से आह्वान किया कि वह खुलकर बिना किसी झिझक के एसबीआई की सेवाओं से अगर

- **ग्राहकों की समस्याओं को रखने का टाउन हॉल मीट सर्वोच्च मंच : आर.के. सिंह**
- **मोबाइल एप्स के प्रयोग में सावधानी बरतने की जरूरत: जे.के. श्रीवास्तव**

उनको कोई परेशानी है या कोई शिकायत है तो व्यावहारिक तौर पर अपनी बात इस मीट में रख सकता है। कैंट शाखा के ग्राहक एसपी ट्रैफिक जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव भी कार्यक्रम में पहुंचे। उन्होंने बैंकिंग सेवाओं से जुड़े अनुभवों को साझा किया।

## धूमधाम से मना बाबा भैरवनाथ का जन्मोत्सव

**फर्रुखाबाद,** 5 दिसम्बर (देशबन्धु)। शहर में बाबा भैरवनाथ का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। जिसमे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं नें भाग लिया। जगह-जगह हबन में आहुतियां दी गई। ढोल नगाड़ा, शंख, धण्डा घड़ियाल के साथ पूजन और आरती की गई। शहर के प्राचीन मंदिर गंगा तट पर भैरो घाट, मंदिर भैरो मंदिर नितगंजा, खतराना मोहल्ला फर्रुखाबाद महाकाल भैरो मन्दिर में प्रात: काल मंगला-दर्शन के साथ शुरू किया गया। विद्वान पण्डितों द्वारा पवित्र गंगा जल से अभिषेक हवन-यज्ञ के साथ आवाहन किया। आहुतिया डाल और दीर्घायु के लिये मंगल कामना की। मंदिर के महन्त चैतन्य रस्तोगी ने भव्य एवं दिव्य श्रंगार के साथ महा आरती, छप्पन भोग लगाया कन्या भोग के साथ विशाल भण्डारा का किया गया।

## विनायक विद्यापीठ में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

**मेरठ,** 5 दिसम्बर (देशबन्धु)। विनायक विद्यापीठ में एक कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। जिसमें भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के अधिकारियो ने कॉलेज में विजिट कर 9 विधार्थियो को चयनित एवं 29 विद्यार्थियो को शॉर्टलिस्टेड किया। इस कैम्पस प्लेसमेंट का आरम्भ कम्पनी




के अधिकारियो ने प्रीप्लेसमैंट वार्ता से शुरू किया। तत्पश्चात कम्पनी के अधिकारियों ने व्यक्तिगत साक्षात्कार के आधार पर 9 विधार्थियो को चयनित एवं 29 विद्यार्थियो को शॉर्टलिस्टेड किया। विनायक विद्यापीठ की प्राचार्या डा0 अनुप्रिता शर्मा ने कंपनी के अधिकारियों का स्वागत किया और चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए शॉर्टलिस्टेड विद्यार्थियों को अंतिम साक्षत्कार में सफलता प्राप्त करने के लिए भी अपनी शुभकामनायें दी। निदेशक इंजि. विकास कुमार ने कहा कि रोजगार प्राप्त करने के लिए शैक्षणिक योग्यता के साथ-साथ व्यक्ति्व विकास की ओर भी ध्यान देना चाहिए, उन्होने कहा कि आज कम्पनी में कर्मठ, मेहनती एवं अनुशासन प्रिय विद्यार्थियों की जरूरत है जिसको पूरा करने के लिए विनायक विद्यापीठ प्रयासरत है। महाविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट ऑफिसर प्रवीन शर्मा ने कंपनी से आए अधिकारियो का धन्यवाद किया।

## उप जिलाधिकारी ने उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**मवाना।** नगर स्थित ए एस इंटर कॉलेज में मंगलवार को मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत उत्कृष्ट करने वाले छात्र-छात्राओं को उप जिलाधिकारी अखिलेश यादव प्रबंध समिति के प्रबंधक पवन कुमार रस्तोगी तथा डॉक्टर मेघराज सिंह ने सम्मान पत्र व चेक के रूप में प्रोत्साहन राशि वितरित किया। भारत निर्वाचन आयोग के तत्वावधान में स्वीप गैलरी के साथ विद्यालय को चुनावी पाठशाला के रूप में स्थापित किया जा रहा है जिसके लिए छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन करने हेतु प्रत्येक गतिविधि को मतदाता जागरूकता में परिवर्तित किया जा रहा है उप जिलाधिकारी अखिलेश यादव ने बताया निश्चय ही यह विद्यालय मतदाता जागरुकता के रूप में मवाना तहसील का एक आकर्षण का केंद्र है।





## कार्यालय : खण्ड विकास अधिकारी मवाना (मेरठ)

पत्रांक: 4611/राज्य वित्त/2023-24 दिनांक : 04-12-2023

**-: निविदा आमन्त्रण सूचना :-**

मान्यता प्राप्त एवं पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से दिनांक 06/12/2023 से 20/12/2023 तक किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किये जा सकते हैं तथा निविदा 21/12/2023 को अपरान्ह 12:00 बजे तक डाली जा सकेंगी तथा उसी तिथि को अपरान्ह 2:00 बजे उपस्थित ठेकेदारों / प्रतिनिधियों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी द्वारा खोली जायेंगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार बिना कारण बताये अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। यदि उक्त तिथि को सरकारी अवकाश हो तो अगले दिन माना जायेगा। निविदादाता किसी भी कार्य दिवस में कार्य कराये जाने वाले स्थल को सुनिश्चित कर लें तथा कार्य सम्बन्धी एवं अन्य जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | कार्य का नाम | कार्य की लम्बाई मी0 | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | जमानत की 2% धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचम वित्त | ग्राम पंचायत कोहला में हाई मास्ट सॉफ्ट लाईट का निर्माण कार्य। | 1No. | 150000.00 | 3000.00 | 300.00 | तीन माह |
| 2 | पंचम वित्त | ग्राम पंचायत मंदवाड़ी में माड़ी वाले रास्ते पर हाई मास्ट सॉफ्ट लाईट का निर्माण कार्य। | 1No. | 395500.00 | 8000.00 | 600.00 | तीन माह |
| 3 | पंचम वित्त | ग्राम पंचायत झुनझुनी में हाई मास्ट सॉफ्ट लाईट का निर्माण कार्य। | 1No. | 395500.00 | 8000.00 | 600.00 | तीन माह |
| 4 | पंचम वित्त | विकास खण्ड मवाना में स्वतंत्रता संग्राम में शहीद सैनानियों के शिलापट के सौंदर्यकरण का कार्य। | 1No. | 826000.00 | 16500.00 | 1300.00 | तीन माह |
| 5 | 15वां वि0 (अनटाईड) | ग्राम नगली ईशा में सतबीर के मकान से अमर सिंह के मकान तक व पवन के मकान से बब्ली के मकान तक सी0सी0 टाईल्स की मरम्मत व उच्चीकरण का कार्य। | 275.00 | 996500.00 | 19900.00 | 1500.00 | तीन माह |
| 6 | 15वां वि0 (अनटाईड) | ग्राम ततीना में बूढे बाबू के स्थान से ततीना-परीक्षितगढ़ की ओर - सी0सी0 रोड का कार्य। | 166.00 | 998000.00 | 20000.00 | 1500.00 | तीन माह |
| 7 | 15वां वि0 (अनटाईड) | ग्राम ततीना में अजब सिंह के मकान के मकान से अमित के मकान तक सी0सी0 टाईल्स कार्य। | 22.60 | 115800.00 | 2300.00 | 200.00 | तीन माह |
| 8 | 15वां वि0 (अनटाईड) | ग्राम मीरपुर में कृष्णपाल के मकान से अजब सिंह के मकान तक सी0सी0 टाईल्स का कार्य। | 26.50 | 165700.00 | 3300.00 | 300.00 | तीन माह |
| 9 | 15वां वि0 (अनटाईड) | ग्राम बनां में पप्पु पुत्र बुद्ध के मकान से जगमाल नाई के मकान तक सी0सी0 टाईल्स का कार्य। | 123.00 | 496100.00 | 9900.00 | 800.00 | तीन माह |
| 10 | 15वां वि0 (अनटाईड) | ग्राम पहाडपुर के मंजरा दूधलीबागर में प्राईमरी स्कूल से पुलिया की ओर- सी0सी0 टाईल्स का कार्य। | 105.80 | 993100.00 | 19900.00 | 1500.00 | तीन माह |
| 11 | 15वां वि0 (अनटाईड) | ग्राम पंचायत मन्दवाडी में संत्संग भवन के पास हाई मास्ट सॉफ्ट लाईट का निर्माण कार्य। | 1 No. | 395500.00 | 8000.00 | 600.00 | तीन माह |
| 12 | 15वां वि0 (टाईड) | ग्राम अकबरपुरसादात में संदीप के मकान से पहलवान के मकान की ओर-नाला निर्माण कार्य। | 125.00 | 981500.00 | 19700.00 | 1500.00 | तीन माह |
| 13 | 15वां वि0 (टाईड) | ग्राम अकबरपुरसादात में नैपाल के मकान से रोहताश के खेत की ओर-ताला निर्माण कार्य। | 115.00 | 979200.00 | 19600.00 | 1500.00 | तीन माह |

1-निर्माण कार्य लोक निर्माण एवं ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग की विशिष्टियों के अनुरुप होगा। 2- जमानत की दो प्रतिशत धनराशि नियमानुसार राष्ट्रीय बचत पत्र/एफ0डी0आर0 निविदा पत्र के साथ अधोहस्ताक्षरी के पद नाम बन्धक कराकर मूल रूप में संलग्न की जानी आवश्यक है। 3-शेष आठ प्रतिशत जमानत राशि कार्य के भुगतान के समय बिल से काट ली जायेगी जो कि कार्य सन्तोषजनक पूर्ण होने के उपरान्त लौटाई जायेगी। 4- सर्शत निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। 5-कोई भी निविंदा बिना कारण बताये अस्वीकृत की जा सकती है। 6-निविदा दाता को जी0एस0टी0 आयकार कार्यालय में रजिस्ट्रेशन की छाया प्रति पैन कार्ड नम्बर, जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन का नम्बर, चरित्र-पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा जारी तथा स्वयं का हैसियत प्रमाण-पत्र एवं पी0डब्लू0डी0, ग्रा0अभि0वि0, जिला पंचायत अथवा अन्य अधिकृत विभाग में पंजीकृत होने के प्रकाण-पत्र की छाया प्रति निविंदा डालते समय सलंग्न करना आवश्यक है। 7-कार्य की गुणवत्ता में यदि कोई कमी पाई जायेगी तो उसकी वसूली निविदादाता से कर ली जायेगी। 8-उपरोक्त कार्य की मात्रा आवश्यकतानुसार घट-बढ़ सकती है। 9-उपलब्ध धनराशि के आधार पर ही कार्य स्वीकृति जारी की जायेगी।

**अवर अभियन्ता (ग्रा0अ0वि0)**
**विकास खण्ड मवाना (मेरठ)**

**खण्ड विकास अधिकारी**
**मवाना (मेरठ)**



# मवाना ब्लॉक में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन

**मवाना,** 5 दिसम्बर (देशबन्धु)। विकास खण्ड मवाना की ग्राम पंचायत पहाड़पुर व झिझांडपुर में मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा अपनी अपनी योजनाओं का प्रदर्शन किया गया तथा लाभार्थियों की समस्या का निस्तारण किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 35 रोगियों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर दवाई दी गई। ग्राम पंचायत पहाडपुर के जूनियर हाई स्कूल परिसर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर स्वास्थ विभाग, खाद्य विभाग, पेंशन विभाग, कृषि विभाग, बैंकिंग विभाग, जल जीवन मिशन, स्वयं सहायता समूह, प्रधानमंत्री आवास योजना, पंचायती राज विभाग आदि के स्टॉल लगाये गये। कृषि विभाग द्वारा किसान सम्मान निधि, फसलों में विभिन्न रोगों तथा कृषि की उन्नत तकनीक का जानकारी उपलब्ध कराते हुए ड्रोन एवं कृषि स्वास्थ कार्ड का भी प्रदर्शन किया। खाद्य विभाग ने नि:शुल्क खाद्यान्न, कार्यक्रम में आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मनरेगा योजना, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, खाद्य एवं रसद विभाग, कृषि विभाग आदि के लाभार्थियों द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी द्वारा योजनाओ का वर्णन किया गया। आंगनबाडी कार्यकत्रियों द्वारा दो महिलाओं की गोद भराई करायी गयी, तथा फल, सब्जी व प्रोटीन युक्त खाद्यान्न भेंट किया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शुगर, उच्च रक्तचाप व अन्य रोगो से पीडित 35 लोगो का मौके पर चेकअप कर दवाई दी, इस मौके पर नोडल अधिकारी द्वारा आयुष्मान योजना के पांच लाभार्थियों को कार्ड भी वितरित किए।

पहाडपुर में नोडल अधिकारी एनके सहानिया व झिंझांडपुर में नोडल अधिकारी उपायुक्त उद्योग मोहित कुमार की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



- **विभिन्न विभागों ने किया योजनाओं का प्रदर्शन**
- **लाभार्थियों की समस्या का हुआ निस्तारण**

## 8 को मास्क टीवी पर प्रसारित होगी वेबसीरीज नुक्कड़

**मुंबई।** वेबसीरीज नुक्कड़ ओटीटी प्लेटफार्म मास्क टीवी पर 8 दिसम्बर को रिलीज होगी। 6 एपिसोड की वेबसीरिज नुक्कड़ मास्क टीवी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आगामी 8 दिसम्बर से प्रसारित होने के लिए तैयार है। निर्माताद्वय चिरंजीवी भट्ट और अंजू भट्ट ने नुक्कड़ का निर्माण किया है। मास्क ओटीटी प्लेटफ़ॉर्म की चैनल प्रोड्यूसर मानसी भट्ट ने बताया कि नुक्कड़ वेबसीरिज में दर्शकों को अभिक बेनजीर और सनम जिया के साथ वेद प्रकाश भी बेहद महत्वपूर्ण चरित्र में दिखने वाले हैं। इन तीनो ने अब तक डार्क या ग्रे शेड्स और कॉमेडी प्रधान फिल्में की थी लेकिन नुक्कड़ में इनलोगों ने कुछ लीक से हटकर काम किया है। मास्क टीवी ओटीटी का हाल फिलहाल में एक साल का सफर भी पूरा होने वाला है लेकिन इस वर्षगांठ से पहले ही नुक्कड़ की सौगात देना भी इस प्लेटफॉर्म की एक शानदार उपलब्धि ही है।

# 2023 में जीवाश्म सीओ2 उत्सर्जन रिकॉर्ड स्तर पर, भारत में भी बढ़ा

**लंदन,** 5 दिसम्बर (एजेंसियां)। एक नए शोध के अनुसार, जीवाश्म ईंधन से वैश्विक कार्बन उत्सर्जन 2023 में फिर से बढ़ कर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। भारत (8.2 प्रतिशत) और चीन (4 प्रतिशत) में 2023 में उत्सर्जन में वृद्धि का अनुमान है। इनके विपरीत यूरोपीय संघ (7.4 प्रतिशत), अमेरिका (3.0 प्रतिशत) और शेष विश्व में गिरावट (-0.4) की गिरावट का अनुमान है।

**ग्लोबल वार्मिंग लगभग सात वर्षों में लगातार 1.5 डिग्री सेल्सियस से होगी अधिक**

'ग्लोबल कार्बन प्रोजेक्ट' विज्ञान टीम ने 2023 में 36.8 अरब टन जीवाश्म कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ2) उत्सर्जन का अनुमान लगाया है, जो 2022 की तुलना में 1.1 प्रतिशत अधिक है। अनुसंधान दल में एक्सेटर विश्वविद्यालय, ईस्ट एंग्लिया विश्वविद्यालय (यूईए), सिसरो सेंटर फॉर इंटरनेशनल क्लाइमेट रिसर्च, लुडविग-मैक्सिमिलियन-यूनिवर्सिटी म्यूनिख और दुनिया भर के 90 अन्य संस्थान शामिल थे। अर्थ सिस्टम साइंस डेटा जर्नल में प्रकाशित शोध में कहा गया है कि यूरोप और अमेरिका सहित कुछ क्षेत्रों में जीवाश्म सीओ2 उत्सर्जन गिर रहा है, लेकिन कुल मिलाकर बढ़ रहा है। वैज्ञानिकों के अनुसार, खतरनाक जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए जीवाश्म ईंधन में कटौती की वैश्विक कार्रवाई इतनी तेजी से नहीं हो रही है। भूमि-उपयोग परिवर्तन (जैसे वनों की कटाई) से उत्सर्जन में थोड़ी कमी आने का अनुमान है, लेकिन अभी भी पुनर्वनीकरण और वनरोपण (नये वन) के मौजूदा स्तर से इसकी भरपाई नहीं की जा सकती है। रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि 2023 में कुल वैश्विक सीओ2 उत्सर्जन (जीवाश्म और भूमि-उपयोग परिवर्तन) 40.9 अरब टन होगा। यह




लगभग 2022 के स्तर के समान है, और 10 वर्ष से लगभग स्थिर है - उत्सर्जन में भारी गिरावट से बहुत दूर जो वैश्विक जलवायु लक्ष्यों को पूरा करने के लिए तत्काल आवश्यक है। अध्ययन का नेतृत्व करने वाले एक्सेटर ग्लोबल सिस्टम्स इंस्टीट्यूट के प्रोफेसर पियरे फ्रीडलिंगस्टीन ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के प्रभाव हमारे चारों ओर स्पष्ट हैं, लेकिन जीवाश्म ईंधन से कार्बन उत्सर्जन को कम करने की कार्रवाई बेहद धीमी है।फ्रिडलिंगस्टीन ने कहा कि अब यह अपरिहार्य लगता है कि हम पेरिस समझौते के 1.5 डिग्री सेल्सियस लक्ष्य को पार कर जाएंगे, और सीओपी28 में बैठक करने वाले नेताओं को 2 डिग्री सेल्सियस लक्ष्य को जीवित रखने के लिए भी जीवाश्म ईंधन उत्सर्जन में तेजी से कटौती पर सहमत होना होगा।

वर्तमान उत्सर्जन स्तर पर, ग्लोबल कार्बन बजट टीम का अनुमान है कि 50 प्रतिशत संभावना है कि ग्लोबल वार्मिंग लगभग सात वर्षों में लगातार 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो जाएगी।

यूईए के स्कूल ऑफ एनवायर्नमेंटल साइंसेज में रॉयल सोसाइटी रिसर्च प्रोफेसर कोरिन ले क्वेरे ने कहा कि नवीनतम सीओ2 डेटा से पता चलता है कि वर्तमान प्रयास वैश्विक उत्सर्जन को नेट ज़ीरो की ओर कम करने के लिए पर्याप्त गहरे या व्यापक नहीं हैं, लेकिन उत्सर्जन में कुछ रुझान कम होने लगे हैं, जिससे पता चलता है कि जलवायु नीतियां प्रभावी हो सकती हैं।

## 'फाइटर' में दीपिका पादुकोण बनी हैं स्क्वाड्रन लीडर मीनल राठौड़



**मुंबई,** 5 दिसम्बर (एजेंसियां)। हाल ही में 'कॉफी विद करण' में अपनी उपस्थिति के बाद सुर्खियां बटोरने वाली अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने अपनी आगामी एक्शन फिल्म 'फाइटर' से अपने किरदार के नाम का खुलासा किया है, जिसमें वह अभिनेता ऋतिक रोशन के साथ अभिनय कर रही हैं। फिल्म में दीपिका स्क्वाड्रन लीडर मीनल राठौड़ का किरदार निभाती नजर आएंगी, जिन्हें उनके कॉल साइन 'मिन्नी' के नाम से जाना जाता है।

एयर ड्रैगन्स यूनिट में एक पायलट के रूप में उनकी भूमिका लचीलेपन और वीरता को दर्शाती है। यह एक हेलीकॉप्टर पायलट के रूप में उनका पहला 'मिशन' है। अभिनेत्री ने अपने सोशल मीडिया पर एक्सक्लूसिव लुक साझा किया और कैप्शन में लिखा कि स्क्वाड्रन लीडर मीनल राठौड़, कॉल साइन मिन्नी। डेजिग्नेशन स्क्वाड्रन पायलट, यूनिट- एयर ड्रेगन। फिल्म में उनका किरदार धैर्य, दृढ़ संकल्प और 'फाइटर' की अटूट भावना का प्रतीक है। इससे पहले ऋतिक ने बहुप्रतीक्षित फिल्म से इस किरदार का लुक साझा किया था।अभिनेता ने सोमवार को अपने सोशल मीडिया पर पहला लुक साझा किया। पैटी उर्फ स्क्वड्रन लीडर शमशेर पठानिया के अपने किरदार के बारे में बताते हुए ऋतिक ने कैप्शन में लिखा, 'स्क्वाड्रन लीडर शमशेर पठानिया। कॉल साइन- पैटी। डेजिग्नेशन- स्क्वाड्रन पायलट। यूनिट - एयर ड्रेगन्स। 'फाइटर' का निर्देशन रितिक की 'वॉर' और 'बैंग बैंग' के निर्देशक सिद्धार्थ आनंद ने किया है, इसमें पैटी के रूप में रितिक के भारत के सर्वश्रेष्ठ फाइटर पायलट बनने के सफर को दर्शाया गया है।

## नुक्कड़ नाटक व रैली निकालकर मतदाताओं को किया जागरुक






**ग्रेटर नोएडा,** 5 दिसम्बर (देशबन्धु)। भारतीय निर्वाचन आयोग के एसवीईईपी अभियान के तहत मतदाता जागरुकता आईआईएमटी कॉलेज में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. शैलेंद्र बहादुर और जिला दिव्यांगाजन अधिकारी आशीष मौजूद रहे। इस दौरान डॉ. शैलेंद्र बहादुर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले छात्र फार्म-6 भरकर मतदाता के रूप में पंजीकरण जरूर करें। इसी के साथ ही उन्होंने निवास परिवर्तन, मतदाता सूची में संशोधन मतदाता फोटो पहचान पत्र का प्रतिस्थापन तथा दिव्यांग मतदाताओं के चिन्हाकन के लिए फार्म-8 का प्रयोग करें। इस दौरान विद्यार्थियों ने कॉलेज के बाहर हाथों में स्लोगन लिखकर लोगों को नुक्कड़ नाटक के जरिए जागरूक भी किया। इस दौरान आशीष ने भी मतदान के बारे में छात्रों को मतदान के महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज समूह के ग्रुप डॉयरेक्टर केके पालीवाल, कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी की डॉयरेक्टर डॉ. पूनम पांडेय, डॉयरेक्टर उमेश कुमार, गीता भाटी सहित मतदाता जागरुकता के लोग मौजूद रहे।

### ग्लोबल आयुर्वेद फेस्टिवल में खुलासा

## रोगाणुरोधी प्रतिरोध से लाखों लोगों की मौत

**तिरुवनंतपुरम,** 5 दिसम्बर (एजेंसियां)। एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस (रोगाणुरोधी प्रतिरोध) के कारण सबसे अधिक मृत्यु दर वाले देशों में भारत शामिल है। आंकड़े बताते हैं कि एंटीबायोटिक दवाओं का विरोध करने वाले कीड़ों के कारण होने वाली बीमारियों से हर नौ मिनट में एक बच्चे की मौत हो जाती है। यह चौंकाने वाला खुलासा मंगलवार को ग्लोबल आयुर्वेद फेस्टिवल (जीएएफ) के एक पूर्ण सत्र में किया गया, जहां विशेषज्ञों ने एएमआर के खतरे पर काबू पाने में पारंपरिक दवाओं की भूमिका पर चर्चा की, जो दुनिया के लगभग हर हिस्से में बढ़ रहा है, जिसके चलते डब्ल्यूएचओ ने इसे शीर्ष स्वास्थ्य खतरों में से एक घोषित किया है।

इस मुद्दे पर बोलते हुए जर्मनी में डुइसबर्ग-एसेन विश्वविद्यालय से प्रोफेसर, चिकित्सा विशेषज्ञ थॉमस रैम्प ने कहा कि अमेरिका और यूरोपीय देशों को भी एएमआर




■ **दुनिया में उत्पादित 80 प्रतिशत से अधिक एंटीबायोटिक्स का उपयोग खेतों और मत्स्य पालन**

से खतरा है लेकिन एशिया और लैटिन अमेरिका के देशों के लिए खतरा बड़ा है। एंटीबायोटिक दवाओं के प्रति प्रतिरोध को एक 'नई घटना' बताते हुए उन्होंने याद दिलाया कि पेनिसिलिन के प्रति प्रतिरोध 1940 में रिपोर्ट किया गया था, हालांकि दवा को 1928 तक उपयोग में लाया गया था। इससे उस पर काबू पाने के लिए नए एंटीबायोटिक्स का निर्माण हुआ, लेकिन पिछले तीन दशकों में कोई भी नई एंटीबायोटिक्स विकसित नहीं हुई है और इससे समस्या और बढ़ गई है।

प्रोफेसर रैम्प ने यह भी कहा कि एंटीबायोटिक दवाओं के उपयोग और अति प्रयोग से उनमें प्रतिरोध बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह चिकित्सा क्षेत्र तक सीमित नहीं है, क्योंकि दुनिया में उत्पादित 80 प्रतिशत से अधिक एंटीबायोटिक्स का उपयोग खेतों और मत्स्य पालन में किया जाता है, जो अनिवार्य रूप से हमारी खाद्य श्रृंखला में प्रवेश करते हैं। उन्होंने कहा कि एंटीबायोटिक्स के प्रति प्रतिरोध का कारण मरीजों को अधिक मात्रा में एंटीबायोटिक्स लिखना, मरीजों द्वारा उपचार ठीक से पूरा न करना, पशुधन और मछली पालन में एंटीबायोटिक्स का अत्यधिक उपयोग, अस्पतालों में खराब संक्रमण नियंत्रण और खराब स्वच्छता है।

## शोध विद्यार्थी तराना सिंह की स्मार्ट होम ऊर्जा प्रबंधन का हुआ प्रकाशन

**ग्रेटर नोएडा,** 5 दिसम्बर (देशबन्धु)। गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के डिपार्टमेंट ऑफ कंप्यूटर साइंस सहयोग



इंजीनियरिंग स्कूल ऑफ इनफार्मेशन सहयोग कम्युनिकेशन टेक्नॉलॉजी की शोधार्थी तराना सिंह ने स्मार्ट होम ऊर्जा प्रबंधन अनुशंसा प्रणाली के लिए नॉवेल का सफलतापूर्वक एक कॉपीराइट प्रकाशित किया। उनके प्रकाशित कार्य का उद्देश्य स्मार्ट घरों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इंटरनेट ऑफ थिंग्स का उपयोग करके ऊर्जा अनुकूलन करना है जो भारत जैसे विकासशील देशों की स्मार्ट सिटी परियोजनाओं को ध्यान में रखते हुए स्वच्छ और हरित समाधान प्रदान करता है। युवा शोधकर्ता ने इस प्रकाशन पर अपने सुपरवाइजर संजय कुमार शर्मा डीन स्कूल ऑफ इनफार्मेशन कम्युनिकेशन एवं टेक्नोलॉजी और डॉ. अरुण सोलंकी असिस्टेंट प्रोफेसर डिपार्टमेंट ऑफ़ कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय का आभार व्यक्त किया।



## ऐश्वर्या खरे ने शो में बच्चे जैसा किरदार निभाने के लिए श्रीदेवी और प्रियंका चोपड़ा से ली प्रेरणा

**मुंबई,** 5 दिसम्बर (एजेंसियां)। शो 'भाग्य लक्ष्मी' में किरदार निभाने वाली अभिनेत्री ऐश्वर्या खरे ने शो के सीक्वेंस के लिए एक बच्चे की तरह व्यवहार करना शुरू कर दिया है। अभिनेत्री ने बताया कि ट्रैक में प्रामाणिकता कैसे लाई जाए, इसको लेकर वह 'सदमा' और 'बर्फी' जैसी फिल्मों से सीख रही हैं। हाल ही में दर्शकों ने लक्ष्मी (ऐश्वर्या) और ऋषि (रोहित सुचांती) को एक बड़ी दुर्घटना का शिकार होते देखा, जिसके बाद सभी ने लक्ष्मी के व्यवहार में बदलाव देखा।

वह सात साल के बच्चे की तरह व्यवहार करने लगी है, जिससे सभी सदमे में हैं। इस कठिन समय में ऋषि ने लक्ष्मी का हर कदम पर ख्याल रखते हुए उनका भरपूर समर्थन किया है। शो ने हर किसी को बांधे रखा है। इस बच्चे जैसे किरदार को निभाने के लिए ऐश्वर्या भी अतिरिक्त प्रयास कर रही हैं।

इस बारे में बात करते हुए ऐश्वर्या ने कहा कि जब मुझे मेरे किरदार में इस बड़े बदलाव के बारे में बताया गया, तो मुझे तुरंत श्रीदेवी मैम की फिल्म 'सदमा' की याद आ गई, खासकर हमारी रचनात्मक टीम ने भी यही संदर्भ दिया था। मैंने नई प्रेरणा के लिए वह फिल्म दोबारा देखी।

उन्होंने साझा किया कि हालांकि, मैं कुछ नया करने के लिए काफी उत्साहित थी, लेकिन टीवी शो के लिए हर दिन ऐसा करना काफी चुनौतीपूर्ण है। मैंने इस किरदार के लिए अच्छी तैयारी करने का फैसला किया और यहां तक कि बर्फी भी देखी, जिसमें प्रियंका चोपड़ा के किरदार झिलमिल की शारीरिक भाषा भी एक बच्चे की तरह है। ऐश्वर्या ने आगे कहा कि यहां तक कि मेरे निर्देशक भी बहुत मददगार रहे हैं। वह हर दृश्य में मेरा मार्गदर्शन करते हैं और एक बच्चे की तरह अभिनय करने और उसके साथ आगे बढ़ने के बीच की रेखा खींचने में मेरी मदद करते हैं।

## शांति की शुरुआत हर एक मनुष्य से होती है : प्रेम रावत

**नई दिल्ली,** 5 दिसम्बर (एजेंसियां)। विश्व प्रसिद्ध शिक्षक, बेस्टसेलर लेखक और मानवतावादी प्रेम रावत ने राज विद्या केंद्र, छत्तरपुर में आयोजित एक विशाल कार्यक्रम में एक लाख से अधिक लोगों को शांति का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में दिल्ली के स्थानीय निवासियों के अलावा कई निकटवर्ती राज्यों से लोग आये हुए थे और स्थानीय मीडिया, छात्रगण और जीवन के सभी क्षेत्रों के गणमान्य व्यक्तियों के अलावा विदेशों से आए अतिथि शामिल हुए। शांति सभी मनुष्यों की मूलभूत आवश्यकता है।

कार्यक्रम के दौरान, प्रेम ने 'खुद को जानने' के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वो यहां जटिल चीजों को सरल बनाने के लिए हैं। जीवन में सभी चीजों की दो अलग-अलग प्रकृति होती है - एक वह जो आपको अपने करीब लाती है और दूसरी वह जो आपको खुद से दूर ले जाती है। उन्होंने दर्शकों के सामने एक सवाल रखा कि आपके जीवन में किन चीजों की संख्या अधिक है, वो जो आपको खुद के करीब लाती हैं या वो जो आपको खुद से दूर ले जाती हैं? प्रेम ने इस बात पर जोर दिया कि हमें जीवन में उन चीजों को महत्व देना चाहिए जो हमें खुद के करीब लाने में मदद करती हैं। तभी हमारे जीवन में शांति और आनंद आएगा। प्रेम के अनुसार, शांति एक ऐसी चीज है



जिसका अनुभव प्रत्येक मनुष्य को अपने हृदय में करना चाहिए। जिस शांति की हम तलाश कर रहे हैं वह हमारे भीतर है और हम उसे वहीं पा सकते हैं। इस गूढ़ किन्तु सरल संदेश को उपस्थित श्रोताओं ने मंत्रमुग्ध होकर सुना।

लाखों लोगों द्वारा ध्यानपूर्वक शांति के संदेश को सुनना और शांति की यात्रा में एक कदम और आगे बढ़ाते देखना, निश्चित रूप से एक शानदार दृश्य था। 2 अप्रैल, 2023 को लखनऊ में प्रेम रावत ने किसी एक लेखक द्वारा पुस्तक पढ़ने के कार्यक्रम में भाग लेने वाले अब तक के सबसे बड़े दर्शकों

■ **'एक अकेले वक्ता को सुनने आए सबसे बड़ी उपस्थिति' का नया गिनीज़ विश्व रिकार्ड बनाया**

■ **लाखों लोगों द्वारा ध्यानपूर्वक शांति के संदेश को सुनना एक शानदार दृश्य**

का विश्व रिकॉर्ड बनाया। उस कार्यक्रम में, 1,14,704 लोगों ने उनकी न्यूयॉर्क टाइम्स की सबसे अधिक बिकने वाली पुस्तक, 'हियर योरसेल्फ' का हिंदी संस्करण 'स्वयं की आवाज़' को उनके द्वारा पढ़ते हुए सुना। दिल्ली में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान, प्रेम रावत को हार्पर कॉलिन्स पब्लिशर्स, इंडिया के संपादक सचिन शर्मा ने सराहना प्रमाण-पत्र से सम्मानित किया। यह इन पुस्तकों की उस शानदार उपलब्धि के लिए दिया गया, जिसने एक साल से कम समय में अकेले भारत में 1,25,000 से अधिक की बिक्री का आंकड़ा छू लिया। 26 नवम्बर, 2023 को बोधगया में, प्रेम रावत ने एक कार्यक्रम को सम्बोधित किया जिसमें 3,75,603 दर्शकों ने भाग लिया, जिसने 'एक अकेले वक्ता को सुनने आए सबसे बड़ी उपस्थिति' का नया गिनीज़ विश्व रिकार्ड बनाया। इस प्रकार प्रेम रावत ने एक साल के अंदर दो गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए।

## इस बार भी लीजिए मजा, जंस्कार नदी पर चद्दर ट्रेकिंग और पैंगांग झील पर मैराथन दौड़ का

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 5 दिसम्बर (देशबन्धु)। सच में अगर आप रोमांच में इच्छा रखते हैं तो लद्दाख में दो रोमांच आपका इंतजार कर रहे हैं। यह है सर्दियों में बफ में बदल जाने

■ **लगभग 105 किमी लंबे इस ट्रेक को पूरा करने में लगता है 9-15 दिनों का समय**

■ **700 वर्गकिमी में फैली पैंगांग झील का सर्दियों के दौरान तापमान माइनस 30 डिग्री सेल्सियस**

वाली जंस्कार नदी पर ट्रेकिंग का आनंद, जिसे चद्दर ट्रैक कहा जाता है और दूसरा पैंगांग झील पर एक बार फिर जमी हुई झील पर मैराथन दौड़ का।

यह खबर आपके लिए ही हो सकती है। दुनिया की सबसे ऊंचाई पर स्थित खारे पानी की झील, पैंगांग लेक जो एक अथाह समुद्र की तरह इसलिए है क्योंकि यह 150 किमी के करीब लंबी है, पर आप मैराथन में हिस्सा ले सकते हैं। पानी



पर नहीं बल्कि इसके जम जाने पर अर्थात बर्फ में बदल जाने पर। इस बार यह मैराथन 20 फरवरी 2024 को संपन्न होगी। हालांकि जंस्कार नदी के जम जाने के बाद इस पर होने वाली कई किमी की ट्रेकिंग, जिसे चद्दर ट्रैक कहा जाता है, कई सालों से हो रही है पर पैंगांग लेक पर मैराथन दूसरी बार होगी। मैराथन करवाने के लिए लद्दाख आटोनोमस हिल डिवलेपमेंट कांउसिल अर्थात एलएएचडीसी ने इसकी योजना को इस बार भी मंजूरी दे दी है। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख ने 13,862 फीट ऊंची पैंगांग झील में शून्य से कम तापमान में अपनी पिछले साल पहली 21 किलोमीटर दौड़ का सफलतापूर्वक आयोजन करके इतिहास रचा था। इसे गिनीज विश्व रिकार्ड में दुनिया की सबसे ऊंची जमी हुई झील पर हुई हाफ मैराथन के रूप में दर्ज किया जा चुका है। जानकारी के लिए भारत और चीन की सीमा पर 700 वर्ग किलोमीटर में फैली पैंगांग झील का सर्दियों के दौरान तापमान माइनस 30 डिग्री सेल्सियस तक होता है जिससे खारे पानी की झील बर्फ से जम जाती है। और इसी झील के किनारों पर कब्जे की जंग चीन और भारतीय सेना के बीच चार सालों से चल रही है। यह सब लद्दाख में विंटर टूरिज्म की योजनाओं के तहत किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त भी और कई योजनाओं को एलएएचडीसी की बैठक में



अंतिम रूप दिया गया है। पर एलएएचडीसी के चेयरमेन तथा चीफ काउंसलर ताशी गयालसन ने इन दो रोमांचकारी योजनाओं को ज्यादा से ज्यादा प्रचारित करने पर जोर दिया।



उन्होंने बताया कि अगर चीन सीमा पर स्थित पैंगांग झील के आसपास परिस्थितियां समान्य रहीं तो वे सर्दी के मौसम में जम जाने वाली इस झील पर फिर से मैराथन करवाना चाहेंगे। वे लोगों को इस पर चलने का न्यौता भी दे रहे हैं। जानकारी के लिए पैंगांग झील के किनारों पर कब्जा जमाए बैठी चीनी सेना के साथ पिछले चार सालों से तनातनी के माहौल के बावजूद पैंगांग झील तक टूरिस्टों को जाने की अनुमति प्रदान की जा रही है।

जबकि लद्दाख की जंस्कर घाटी में जंस्कर नदी पर होने वाला चद्दर ट्रेक सिर्फ लद्दाख प्रेमियों को ही नहीं बल्कि एडवेंचर के उन शौकिनों को भी आकर्षित करता है जो जोखिम उठाने में बहुत मज़ा आता है। सर्दियों के मौसम में जम चुकी जंस्कर नदी की बर्फीली चादर से ही इस ट्रेक को अपना नाम चद्दर ट्रेक मिला है। जम चुकी बर्फीली नदी पर चलते हुए इस ट्रेक को पूरा करना जितना चुनौतीपूर्ण होता है उतना ही एडवेंचरस भी होता है।

चद्दर ट्रेक की गिनती कठिनतम ट्रेक में होती है। इसका बेस कैंप लेह से करीब 60-70 किमी दूर तिलाद में होता है। इसलिए सबसे पहले आपको लेह पहुंचना होगा और वहां से बेस कैंप जाना पड़ेगा। तिलाद से ट्रेकिंग शुरू कर चिलिंग के माध्यम से चद्दर ट्रेक के डेस्टिनेशन पर पहुंचा जाता है। चिलिंग से आप जैसे-जैसे जंस्कर नदी के किनारे-किनारे आगे बढ़ते हैं, जंस्कर नदी जमने लगती है। लगभग 105 किमी लंबे इस ट्रेक को पूरा करने में लगभग 9-15 दिनों का समय लगता है।

हालांकि चद्दर ट्रेक में शामिल होने वालों की सेहत और दुर्घटनाओं से निपटने की तैयारियां भी लेह स्वास्थ्य विभाग ने आरंभ कर दी है और यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि इसमें शामिल होने वालों की जान व सेहत का बीमा होना आवश्यक शर्त के तौर पर लागू किया जाए।

## सेमिनार में न्यूट्रिशन व संतुलित आहार के महत्व को विद्यार्थियों को कराया रुबरू




**ग्रेटर नोएडा,** 5 दिसम्बर (देशबन्धु)। इन्नोवेटिव कॉलेज ऑफ फार्मेसी ग्रेटर नोएडा में मंगलवार को नेशनल सेमिनार का आयोजन कराया गया। जिसका शीर्षक रोल ऑफ इंटेस्टाइनल माइकोबेक्टा एण्ड प्रोबायोटिक्स इन हेल्थ एंड डिजीज था। सेमीनार का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ. अंशिका शर्मा डिप्टी मैनेजर सांइस डिपार्टमेंट याकूल्ट इण्डिया प्रा. लिमिटेड ने किया। इस दौरान डॉ. अंशिका शर्मा ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए न्यूट्रिशन एण्ड बैलेंस डाइट के महत्व के बारे में छात्रों को विस्तार से बताया तथा अपने सम्बोधन में उन्होंने प्रोबायोटिक्स एवं आतों के विषय में प्रकाश डाला। इस अवसर पर संस्था की अकैडिमिक डायरेक्टर डॉ. तितिक्षा शर्मा, प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. अमरजीत सिंह ने प्रोत्साहित किया। इसी के साथ इन्नोवेटिव कॉलेज ऑफ फार्मेसी ग्रेटर नोएडा द्वारा वैदिक कन्या इन्टर कॉलेज दादरी में आयोजित चिकित्सा शिविर में 200 से अधिक शिक्षकों एवं छात्राओं की कराई गई नि:शुल्क जांच किया गया।

# [अर्थ जगत]

| सर्वाधिक बढने वाले शेयर | |
|---|---|
| पावरग्रिड | 4.46 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 3.89 प्रतिशत |
| एसबीआई | 2.31 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 2.28 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.71 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 1.49 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 1.45 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 0.74 प्रतिशत |
| विप्रो | 0.74 प्रतिशत |
| इंफ़ोसिस | 0.73 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत



**नई दिल्ली,** 5 दिसम्बर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

# 'भारत अब दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था': सीतारमण

**नई दिल्ली,** 5 दिसम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि सरकार की गैर-निष्पादित संपत्तियों (एनपीए) से निपटने के तरीके पर सवाल उठाने वाले विपक्षी सांसदों को पहले यह पहचानना चाहिए कि भारत अब दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। वित्त मंत्री ने कहा कि 1 दिसंबर तक 15,186.64 करोड़ रुपए की संपत्ति ईडी ने जब्त की है। राज्यसभा में चर्चा के दौरान निर्मला सीतारमण ने कहा, 'फोन बैंकिंग' उस समय की बात है जब लोग बैंकों को फोन करके कहते थे कि व्यक्ति आपके बैंक से कर्ज़ (लोन) मांगने आएगा, कृपया दे दो।' मतलब यह कि उनकी पात्रता आदि देखने की कोई जरूरत नहीं है, और लोन अवश्य दिया जाना चाहिए। वित्त मंत्री ने कहा समस्या की जड़ 2004 से 2014 के बीच यूपीए शासन के 10 वर्षों के दौरान थी, जब ऐसे लोगों को लोन देने के लिए फोन किए गए थे, जो लोन पाने के योग्य नहीं थे। भारतीय बैंकों के सुधारों के साथ व्यवस्थित करने का बोझ हम पर आ गया। उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मेरे पूर्ववर्ती अरुण जेटली समेत हम सभी के साथ बैठे। हमने यह समझने में काफी समय बिताया कि समस्या कहां है और आरबीआई के साथ मिलकर काम किया।' उन्होंने यह भी कहा कि तो 'फोन बैंकिंग' वह तरीका था, जिसके माध्यम से राजनीतिक हस्तक्षेप ने हमारे सभी बैंकों को बर्बाद कर दिया और उन्हें घाटे की स्थिति में पहुंचा दिया।




**समस्या की जड़ 2004 से 2014 के बीच यूपीए शासन के 10 वर्षों के दौरान थी, जब ऐसे लोगों को लोन देने के लिए फोन किए गए थे, जो लोन पाने के योग्य नहीं थे। भारतीय बैंकों के सुधारों के साथ व्यवस्थित करने का बोझ हम पर आ गया:-**
**निर्मला सीतारमण, केंद्रीय वित्त मंत्री**

इसके अलावा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, 'सबसे पहले यह देखा जाना चाहिए कि एनपीए में किसका योगदान है और भारतीय बैंकों को वास्तव में दोहरी बैलेंस-शीट की समस्या है, जिसने भारतीय अर्थव्यवस्था को 'कमजोर 5' में पहुंचा दिया। आज भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है, जिसने पिछली तिमाही में 7.6 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि दर दर्ज की है। राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा, 'जानबूझकर कर्ज नहीं चुकाने वालों से निपटने के लिए क्या अतिरिक्त और विशेष कदम उठाए जा रहे हैं?' रमेश ने यह भी कहा कि 2,623 व्यक्तियों पर बैंकों का 1.96 लाख करोड़ रुपये बकाया है। क्या वह उनका नामकरण करने और उन्हें शर्मिंदा करने पर विचार करेंगी? इस पर सीतारमण ने जवाब दिया, 'विलफुल डिफॉल्टर्स पर कार्रवाई की जा रही है। लोकसभा में मेरा जवाब इस बात का संकेत है कि बैंक इन लोगों से पैसा लेने की दिशा में कदम उठा रहे हैं।' 31 मार्च तक 13,978 खातों के खिलाफ मुकदमा दायर किया गया था। 11,483 सरफेसी मामलों में कार्रवाई शुरू की गयी है। 5,674 मामलों में एफआईआर दर्ज की गई है। कुल 33,801 करोड़ रुपये की वसूली की गई है। वित्त मंत्री ने कहा, 'जिन डिफॉल्टरों पर पीएमएलए कार्रवाई की गई थी, उनसे लगभग 15,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि बैंकों को वापस कर दी गई। 1 दिसंबर तक ईडी द्वारा 15,186.64 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की गई है।'

## मौद्रिक नीति : आरबीआई बरकरार रख सकता है रेपो रेट

**चेन्नई,** 5 दिसम्बर (एजेंसियां)। क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों और बैंक ऑफ बरौदा के अर्थशास्त्रियों ने कहा है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) को रेपो दर 6.5 प्रतिशत पर बनाए रखने की संभावना है और इस वित्तीय वर्ष में इसमें कोई परिवर्तन नहीं होगा। उन्होंने यह भी कहा कि आरबीआई की एमपीसी अपनी आगामी बैठक में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के पूर्वानुमान को संशोधित करेगी। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी केयर रेटिंग्स के मुताबिक, आरबीआई 6.5 फीसदी पर रेपो रेट के साथ अपनी रोक जारी रखेगा। रेपो रेट वह दर है जिस पर बैंक आरबीआई से उधार लेते हैं। केयर रेटिंग्स ने कहा, 'पहली छमाही में आर्थिक उत्पादन में मजबूत विस्तार के साथ आर्थिक परिदृश्य में काफी सुधार हुआ है, जिससे दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि में आश्चर्यजनक वृद्धि हुई है। आरबीआई वित्त वर्ष 2024 के लिए अपने पहले के विकास अनुमानों को लगभग 20-30 बीपीएस तक संशोधित कर सकता है।' हालांकि कुछ क्षेत्रों में, विशेषकर ग्रामीण मांग में, विशिष्ट चुनौतियां बनी हुई हैं। केयर रेटिंग्स के अनुसार, उम्मीद से कम ख़रीफ उत्पादन और रबी की बुआई के कारण कृषि विकास दर धीमी बनी हुई है। मुद्रास्फीति का दबाव कम हुआ है, लेकिन खाद्य कीमत चिंता का कारण बनी हुई है। कृषि उत्पादन में गिरावट से मुद्रास्फीति के आंकड़ों में अतिरिक्त वृद्धि का जोखिम पैदा हो सकता है। मुद्रास्फीति पर सतर्क रहते हुए आरबीआई द्वारा आर्थिक वृद्धि को समर्थन जारी रखने की संभावना है। केयर रेटिंग्स ने कहा, 'हमारा अनुमान है कि आरबीआई अपनी नीतिगत दरों और रुख को अपरिवर्तित रखेगा। हमें इस वित्तीय वर्ष में आरबीआई द्वारा दरों में कोई और बढ़ोतरी की उम्मीद नहीं है।'



आईसीआरए लिमिटेड की अदिति नायर ने कहा, 'वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही के लिए जीडीपी डेटा एमपीसी के पिछले पूर्वानुमान की तुलना में काफी अधिक है, और खाद्य मुद्रास्फीति के विभिन्न पहलुओं पर जारी चिंताओं के साथ, हम उम्मीद करते हैं कि एमपीसी दिसंबर 2023 की समीक्षा में रोक को जारी रखेगी।' बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा, 'जीडीपी में दूसरी तिमाही में देखी गई उच्च वृद्धि यह आश्वासन देती है कि अर्थव्यवस्था पटरी पर है।

## 2023 में स्मॉल और मिडकैप ने निफ्टी से बेहतर प्रदर्शन किया

**नई दिल्ली**, 5 दिसम्बर (एजेंसियां)। मिड और स्मॉल कैप ने 2023 में लार्जकैप से बेहतर प्रदर्शन किया है और कैलेंडर वर्ष 2023 में निफ्टी में 11 फीसदी की बढ़ोतरी के मुकाबले क्रमश: 36 फीसदी और 46 फीसदी वृद्धि दर्ज की है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज की एक रिपोर्ट में ये बात सामने आई है। नवंबर 2023 में मिडकैप/स्मॉलकैप ने लार्जकैप से 4.9 फीसदी/6.5 फीसदी बेहतर प्रदर्शन किया। अक्टूबर 2023 में मजबूत होने के बाद निफ्टी ने नवंबर 2023 में 5.5 प्रतिशत लाभ के साथ वापसी की। रिपोर्ट में कहा गया है कि केलेंडर ईयर 2023 में निफ्टी 11.2 फीसदी ऊपर है। वैश्विक और घरेलू बाजारों ने शानदार वापसी की है। निवेशक आश्वस्त रहे कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने अपने दर-वृद्धि चक्र को रोक दिया है, मजबूत संस्थागत प्रवाह के साथ एफआईआई दो महीने तक बिकवाली करने के बाद नवंबर 2023 में 2.3 अरब डॉलर के खरीददार बन गए। अक्टूबर 2023 में 3.4 बिलियन डॉलर के निवेश के बाद नवंबर' 2023 में डीआईआई ने 1.7 बिलियन डॉलर का निवेश किया। रूस (1 प्रतिशत नीचे) को छोड़कर, नवंबर 2023 में ब्राजील (प्लस 13 प्रतिशत), कोरिया (प्लस 11 प्रतिशत), ताइवान ( प्लस 9 प्रतिशत), अमेरिका (प्लस9 प्रतिशत), जापान (प्लस 9 प्रतिशत), एमएससीआई ईएम (प्लस 8 प्रतिशत), भारत (प्लस 6 प्रतिशत), इंडोनेशिया (प्लस 5 प्रतिशत), यूके (प्लस 2 प्रतिशत), और चीन (प्लस 0.4 प्रतिशत) स्थानीय मुद्रा के संदर्भ में उच्चतर बंद हुए।

# पिछले 8 सत्रों में एफआईआई ने की 17 हजार करोड़ रुपए से अधिक की शुद्ध खरीददारी

**नई दिल्ली,** 5 दिसम्बर (एजेंसियां)। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा अनुसंधान प्रमुख सिद्धार्थ खेमका का कहना है कि पिछले आठ कारोबारी सत्रों में एफआईआई ने 17,133 करोड़ रुपए की शुद्ध खरीददारी की है। निफ्टी ने लगातार छठे दिन बढ़त का सिलसिला जारी रखा और 168 अंक (प्लस 0.8 फीसदी) की बढ़त के साथ 20,855 पर बंद हुआ। उन्होंने कहा कि धातु, बैंकिंग, तेल एवं गैस और उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुएं शीर्ष लाभ में रहे। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के बाद अमेरिकी एजेंसी के इस निष्कर्ष पर पहुंचने के बाद कि अडानी समूह के खिलाफ आरोप सही नहीं थे, इसके शेयरों में तेजी देखी गई। ओपेक प्लस द्वारा अपने उत्पादन में कटौती को कैलेंडर वर्ष 2024 की पहली तिमाही तक बढ़ाने के बाद ऑयल कंपनियां भी फोकस में थीं। वैश्विक और घरेलू बाजारों ने शानदार वापसी की। निवेशक आश्वस्त रहे कि दर-वृद्धि का चक्र समाप्त हो गया है। उन्होंने कहा कि मजबूत संस्थागत प्रवाह और आर्थिक आंकड़ों के चलते सेंटीमेंट्स पॉजिटिव है। बोनान्ज़ा पोर्टफोलियो के रिसर्च एनालिस्ट वैभव विदवानी का कहना है कि निफ्टी एनर्जी और निफ्टी मेटल क्रमश: 3.24 फीसदी और 3.07 फीसदी की बढ़त के साथ बेहतर प्रदर्शन करने वाले सेक्टर में से थे। नवंबर 2023 के साधारण आर्थिक आंकड़ों के बावजूद आज (मंगलवार) बाजार थोड़ा सकारात्मक रहा। भारत की सेवा पीएमआई 58 की भविष्यवाणी से कम होकर 56.9 पर आ गई। हालांकि, कच्चे तेल की कीमत में गिरावट ने नकारात्मक प्रभावों को कम कर दिया। उन्होंने कहा कि आरबीआई द्वारा इस सप्ताह के अंत में अपनी मौद्रिक नीति की घोषणा करने से पहले निवेशक सतर्क रुख अपना रहे हैं। निफ्टी पर अडानी एंटरप्राइजेज, अडानी पोर्ट्स, पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन, एनटीपीसी और एसबीआई शीर्ष मुनाफे में रहे, जबकि एलटीआईमाइंडट्री, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, डिविस लैब्स, एचयूएल और बजाज ऑटो शीर्ष घाटे में रहे।




# सेंसेक्स और निफ्टी सार्वकालिक उच्चतम स्तर पर

मुंबई, 5 दिसम्बर (एजेंसियां)। विश्व बाजार की गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की बिकवाली थमने और चार में से तीन राज्य विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की विजय से यूटिलिटीज, पावर, सर्विसेज और कमोडिटीज़ समेत चौदह समूहों में साढ़े छह प्रतिशत की तेजी से आज सेंसेक्स और निफ्टी एक बार फिर सार्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गए।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 431.02 अंक अर्थात् 0.63 प्रतिशत की छलांग लगाकर पहली बार 69 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 69,296.14 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 168.30 अंक यानी 0.81 प्रतिशत की तेजी के साथ 20,855.10 अंक के नये रिकॉर्ड स्तर पर रहा। बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली की रफ्तार दिग्गज कंपनियों के मुक़ाबले थोड़ी धीमी रही। इससे मिडकैप 0.14 प्रतिशत बढ़कर 35,049.27 अंक और स्मॉलकैप 0.12 प्रतिशत उठकर 41,099.21 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3875 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1787 लाभ जबकि 1969 नुक़सान में रहे वहीं 119 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 32 कंपनियों में तेजी जबकि 18 में गिरावट रही।

विश्लेषकों के अनुसार, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने अपनी बिक्री रणनीति को उलट दिया है और पिछले सात सत्रों के दौरान लगातार खरीदार बने हुए हैं। निकट अवधि में बाजार में पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी की संभावना है। बीएसई के 14 समूहों में जमकर लिवाली हुई। इस दौरान यूटिलिटीज 6.54, पावर 6.09, सर्विसेज 3.93, कमोडिटीज़ 2.04, सीडी 0.39, ऊर्जा 1.17, वित्तीय सेवाएं 0.77, इंडस्ट्रियल्स 0.16, ऑटो 0.49, बैंकिंग 1.21, कैपिटल गुड्स 0.46, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.21, धातु 0.15 और तेल एवं गैस समूह के शेयर 1.84 प्रतिशत के लाभ में रहे।



वहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.18, जापान का निक्केई 1.37, हांगकांग का हैंगसेंग 1.91 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.90 प्रतिशत लुढ़क गया। हालांकि जर्मनी के डैक्स में 0.29 प्रतिशत की बढ़त रही। कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 303 अंक की तेजी के साथ 69,168.53 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 68,954.88 अंक के निचले स्तर पर आ गया। वहीं लिवाली होने की बदौलत यह दोपहर से पहले 69,381.31 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 68,865.12 अंक के मुकाबले 0.63 प्रतिशत उछलकर 69,296.14 अंक पर रहा। इसी तरह निफ्टी भी 122 अंक चढ़कर 20,808.90 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 20,711.15 अंक के निचले जबकि 20,864.05 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले दिवस के 20,686.80 अंक की तुलना में 0.81 प्रतिशत की छलांग लगाकर 20,855.10 अंक पर रहा।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में पावरग्रिड 4.46, एनटीपीसी 3.89, एसबीआई 2.31, आईसीआईसीआई बैंक 2.28, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.71, टाइटन 1.64, मारुति 1.09, एशियन पेंट 1.00, नेस्ले इंडिया 0.94, एचडीएफसी बैंक 0.89, सन फार्मा 0.70, रिलायंस 0.68, कोटक बैंक 0.59, टीसीएस 0.59, एक्सिस बैंक 0.52, टाटा स्टील 0.50, टाटा मोटर्स 0.40, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.38 और एलटी 0.05 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.49, एचसीएल टेक 1.45, बजाज फाइनेंस 0.74, विप्रो 0.74, इंफ़ोसिस 0.73, इंडसइंड बैंक 0.59, आईटीसी 0.51, टेक महिंद्रा 0.27, अल्ट्रासिमको 0.19 और बजाज फिनसर्व के शेयर 0.03 प्रतिशत के नुकसान में रहे।

## बाइक-टैक्सी स्टार्टअप रैपिडो ने इंट्रा-सिटी मोबिलिटी सॉल्यूशन के साथ कैब बिजनेस में की एंट्री

**नई दिल्ली,** 5 दिसम्बर (एजेंसियां)। बाइक-टैक्सी स्टार्टअप रैपिडो ने मंगलवार को रैपिडो कैब्स के साथ इंट्रा-सिटी, सास-बेस्ड मोबिलिटी सॉल्यूशन लॉन्च करने के साथ कैब बिजनेस में अपनी स्ट्रैटेजिक एंट्री की घोषणा की। रैपिडो ने मंगलवार को रैपिडो कैब्स के साथ इंट्रा-सिटी, सास-आधारित गतिशीलता समाधान लॉन्च करने के साथ कैब व्यवसाय में अपनी रणनीतिक प्रविष्टि की घोषणा की। बाइक टैक्सियों में 60 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ, स्टार्टअप ने रैपिडो कैब्स के साथ अपने पदचिह्न का विस्तार किया है, जिसमें 1 लाख वाहनों का शुरुआती बेड़ा पेश किया गया है। रैपिडो के सह-संस्थापक पवन गुंटुपल्ली ने कहा, 'हमारा इनोवेटिव सास-बेस्ड प्लेटफॉर्म एग्रीगेटर्स के साथ कमीशन शेयरिंग करने की लगातार चुनौती से निपटते हुए, ड्राइवरों के लिए कमीशन सिस्टम में क्रांतिकारी बदलाव लाता है। यह अग्रणी दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करता है कि ड्राइवरों को केवल मिनिमल सॉफ़्टवेयर यूजेस फीस देना होगा, जो इंडस्ट्री में एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है।'




सास-बेस्ड प्लेटफॉर्म मार्केट पर नियंत्रण स्थापित किए बिना ड्राइवरों और ग्राहकों को जोड़ता है। रैपिडो इकोसिस्टम के भीतर, ड्राइवर रैपिडो के किसी भी हस्तक्षेप से मुक्त होकर ग्राहकों से सीधे पेमेंट लेते हैं। ड्राइवरों को सब्सक्रिप्शन फीस का भुगतान करना आवश्यक है। कंपनी ने कहा कि रैपिडो ऐप से 10,000 रुपये की कमाई तक पहुंचने पर ड्राइवरों को 500 रुपए की मामूली सब्सक्रिप्शन फीस देनी होगी। रैपिडो ने कहा, 'साथ ही, यात्रियों को कैब सेगमेंट में प्रतिस्पर्धी किराए से लाभ होता है, क्योंकि सास-आधारित प्लेटफॉर्म विभिन्न आवागमन समाधानों को एक सिंगल, यूजर-फ्रेंडली ऐप में समेकित करता है।' रैपिडो, जिसकी स्थापना 2015 में हुई थी, अब 100 से अधिक शहरों में काम करता है और इसके 25 मिलियन से अधिक ऐप डाउनलोड हैं।

## जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 5 दिसम्बर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में जारी गिरावट के दबाव में आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में दिसंबर का पाम ऑयल वायदा 39 रिंगिट उतरकर 3639 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह दिसंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.10 सेंट फिसलकर 51.14 सेंट प्रति पौंड बोला गया।



इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पड़े रहे।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

# झारखंड के बोकारो एयरपोर्ट से अगले साल 28 फरवरी से शुरू होंगी नियमित उड़ानें

**रांची,** 5 दिसम्बर (एजेंसियां)। झारखंड के बोकारो एयरपोर्ट से अगले साल की शुरुआत में विमान सेवाएं शुरू हो जाएंगी। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने अगले साल 28 फरवरी से इस हवाईअड्डा से परिचालन शुरू करने की स्वीकृति दे दी है। यह जानकारी बोकारो के भाजपा विधायक बिरंची नारायण ने दी। रांची, देवघर और जमशेदपुर के बाद यह राज्य का चौथा एयरपोर्ट है, जहां से कॉमर्शियल घरेलू उड़ानें शुरू की जाएगी।

भारत सरकार की योजना 'उड़ान' (उड़े देश का आम नागरिक) के तहत इस एयरपोर्ट से रेगुलर एयर कनेक्टिविटी की मंजूरी पहले ही दे दी गई थी, लेकिन कई तरह की तकनीकी औपचारिकताओं के चलते इसमें विलंब हो रहा था। बोकारो स्थित एयरपोर्ट को सेल ने विकसित किया है, लेकिन यहां से फिलहाल कॉमर्शियल उड़ानें नहीं हैं। यहां सेल ने कॉमर्शियल उड़ानों के लिए आवश्यक तमाम सुविधाएं उपलब्ध करा दी हैं। यहां एटीसी टावर, रनवे, फायर फीट, पैसेंजर लॉबी, मेन गेट सहित अन्य संरचनाओं का काम पूरा हो चुका है।



बोकारो एयरपोर्ट से विमान सेवा शुरू करने के लिए एयरपोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इंडिया का एमओयू जनवरी में दोबारा हुआ था। इसके बाद से ही लाइसेंस की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी थी। लेकिन, पेड़ों की कटाई नहीं होने के कारण प्रक्रिया धीमी हो गयी थी।

सोमवार को बोकारो एयरपोर्ट पर फायर ब्रिगेड का विशेष वाहन रैपिड इंटरवेंशन व्हीकल पहुंचा। इस वाहन को हवाई अड्डे में खासकर स्थापित किया जाता है, ताकि आग लगने जैसी बड़ी दुर्घटना को रोका जा सके। एयरपोर्ट के लिए अग्निशमन विभाग के 16 प्रशिक्षित कर्मी भी पहुंचे। एयरपोर्ट के अगल-बगल में चल रहे अवैध बूचड़खाने को हटाने का काम शेष है। इस एयरपोर्ट उड़ान के लिए दो कंपनियां एलाइंस एयर और फ्लाई वीक को अनुमति दी गयी है।

## सार संक्षेप

### ऋण स्तर बढ़ने से मूडीज ने चीन के बांड पर आउटलुक घटाकर नेगेटिव किया

**नई दिल्ली।** मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने चीन के बढ़ते कर्ज स्तर पर बढ़ती चिंताओं के बीच चीनी सॉवरेन बांड के लिए अपने आउटलुक को घटाकर नकारात्मक कर दिया है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि मूडीज ने चीन के सॉवरेन बांड पर ए1 की रेटिंग बरकरार रखते हुए अपने आउटलुक को स्थिर से घटाकर नकारात्मक कर दिया है। स्थानीय सरकारों और राज्य के स्वामित्व वाली कंपनियों का समर्थन करने के लिए उच्च राजकोषीय व्यय देश की अर्थव्यवस्था के लिए नकारात्मक जोखिम पैदा कर रहा है। चीनी सरकार धीमी अर्थव्यवस्था को सुधारने के लिए सरकारी समर्थन बढ़ा रही है। इसके लिए वो उधार का सहारा ले रही है। सरकार का राजकोषीय घाटा रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया है और वर्तमान में चालू वर्ष के लिए 3.8 प्रतिशत जीडीपी पर मंडरा रहा है, जो पिछले वर्षों में 3 प्रतिशत से अधिक है। सरकार ने अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए धन जुटाने के लिए अधिक बांड जारी किए हैं। रियल एस्टेट क्षेत्र में भारी गिरावट के बाद कम्युनिस्ट देश की जीडीपी वृद्धि धीमी हो गई है। मूडीज के एक बयान के अनुसार, 'सरकारी समर्थन की राजकोषीय लागत को नियंत्रित करते हुए वित्तीय बाजार की स्थिरता बनाए रखना बहुत चुनौतीपूर्ण है।'

### अगले दो दिनों तक निवेशकों को बाजार में सतर्क रहने की सलाह

**नई दिल्ली।** व्यापक रैली के बावजूद, शेयर बाजार में डर बना हुआ है। रुपीज़ी के निदेशक और वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक शीर्शम गुप्ता का कहना है कि आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक तक व्यापारियों को अगले दो दिनों तक सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। उन्होंने कहा, 'बाजार पहले से ही गर्म है और नीति में बदलाव या प्रतिकूल टिप्पणी से बाजार में तीखी प्रतिक्रिया हो सकती है।' निफ्टी मंगलवार को फिर उछला, जो फंड-आधारित खरीद की ताकत को दर्शाता है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के रिटेल रिसर्च प्रमुख दीपक जसानी ने कहा, निकट अवधि में बाजार में करेक्शन हो सकता है। 'हम इस बात पर नजर रखेंगे कि क्या अगले कुछ सत्रों में क्रमिक बढ़ोतरी होती है। बढ़त 20,910 तक जारी रह सकती है। इस स्तर के टूटने से निफ्टी अगले कुछ हफ्तों में 21,558 तक पहुंच सकता है। गिरावट होने पर, 20,508 का अंतर स्तर समर्थन प्रदान कर सकता है। निफ्टी में 7 दिसंबर से हल्की गिरावट शुरू होने की पूरी संभावना है।' मंगलवार को निफ्टी लगातार छठे सत्र में ऊंचे स्तर पर बंद हुआ। अंत में निफ्टी 0.81 फीसदी या 168.3 अंक ऊपर 20,855.1 पर था। एफपीआई सहित संस्थानों की बढ़ती गतिविधि के बीच एनएसई पर नकदी की मात्रा 1.2 लाख करोड़ रुपए को पार कर गई। उन्होंने कहा, व्यापक बाजार सूचकांक निफ्टी की तुलना में कम बढ़े, जबकि अग्रिम गिरावट अनुपात 0.91:1 तक गिर गया।

# खेल जगत

## न्यूजीलैंड की तैयारी पर भरोसा है : सोढ़ी

**मीरपुर,** 5 दिसंबर (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड के लेग स्पिनर ईश सोढ़ी को उम्मीद है कि उनकी टीम बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में अपनी लय हासिल कर लेगी। सिलहट में दोनों पक्षों के बीच पहले मुकाबले में बांग्लादेश ने बेहतरीन फॉर्म दिखाया और 150 रनों के अंतर से जीत हासिल की। पहली पारी में मामूली बढ़त लेने के बाद, न्यूजीलैंड टाइगर्स की बराबरी नहीं कर सका और उसे हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, कीवी स्पिनर सोढ़ी मीरपुर में दूसरे और अंतिम टेस्ट से पहले अपनी टीम की संभावनाओं को लेकर आशावादी हैं। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार, उनका मानना है कि टीम इस हार से जल्दी उबरने में सफल रहेगी। सोढ़ी ने कहा, पिछले एक दशक में इस टीम को बड़ी सफलता इस तरह की चीजों को जल्दी से हासिल करने में मिली है। चाहे यह सफलता हो या हार। सिलहट में उस पहले मैच में हार से बाहर आना स्पष्ट रूप से कठिन है, लेकिन मुझे लगता है कि जैसे-जैसे टेस्ट आगे बढ़ा हमें थोड़ी और लय मिली।



# अरिजित हुंदल की हैट्रिक से भारत का द. कोरिया पर 4-2 से जीत से आगाज

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 5 दिसंबर (देशबन्धु)। अनुभवी स्ट्राइकर -ड्रैग फ्लिकर अरिजित सिंह हुंदल के साथी स्ट्राइकर कप्तान उत्तम सिंह और बॉबी सिंह धामी के डी के बढिया पासों पर शानदार हैट्रिक तथा अमनदीप के एक गोल की बदौलत भारत ने दक्षिण कोरिया को मंगलवार को क्वालालंपुर के बुकित जलील स्टेडियम में 13 वें एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में पूल सी के मैच में 4-2 से हरा अपना अभियान शुरू किया। भारत को तीसरे क्वॉर्टर के अंतिम आखिरी तीन मिनट में अपने कप्तान उत्तम सिंह के हरा कार्ड लेकर दो मिनट और अगले ही मिनट रोहित के पीला कार्ड लेकर पांच मिनट के लिए मैदान से बाहर होने जैसी गलतियों से बचना होगा। दक्षिण कोरिया को मैच में छह पेनल्टी कॉर्नर मिले और उसमें इस पर उसकी ओर से दो पर लिम दोहयुन और मिंकवॉन किम ने एक-एक गोल किया। दक्षिण कोरिया ने अंतिम दो क्वार्टर मे दबाव बना कर जिस तरह दो गोल उतारे वह जीत के बावजूद भारत के लिए आने वाले मैच से पहले आंखें खोलने वाला है।



मैन ऑफ द मैच इस टूर्नामेंट मे शिरकत कर छह फुट दो इंच लंबे स्ट्राइकर भारत के अरिजीत सिंह हुंदल ने कहा, % हम अब स्पेन के खिलाफ अगले मैच मे दक्षिण कोरिया के खिलाफ पहले मैच की कुछ गलतियों से सबक लेकर बेहतर खेल दिखाने से उतरेंगे। हमने दक्षिण कोरिया के खिलाफ मैच में बढिया आगाज किया लेकिन कुछ गलतियां भी की इससे हमें आगे बचना होगा क्योंकि जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप जैसे बड़े मंच पर इस तरह की गलतियां गवारा नहीं कर सकते। हम किसी भी मैच को हल्के में नहीं ले सकते हैं।

कप्तान उत्तम सिंह की अगुआई में अरिजित सिंह हुंदल, बाबी सिंह धामी, सुखविंदर सिंह, राजिंदर सिंह जैसे स्ट्राइकरों से सज्जित भारतीय अग्रिम पंक्ति ने आक्रामक मिडफील्डर विष्णुकांत सिंह से मिले पास पर बराबर दक्षिण कोरिया के गोल पर दबाव बनाए रखा। अमनदीप ने भारत को 11 वें मिनट में पहला पेनल्टी कॉर्नर दिलाया। इस पेनल्टी कॉर्नर पर अमनदीप के फ्लिक को दक्षिण कोरिया के गोलरक्षक सिंह युन किम ने अपने बाएं गोता लगा रोका लेकिन लौटती गेंद को कप्तान उत्तम सिंह ने डी में संभाला और साथी स्ट्राइकर अरिजीत हुंदल की ओर सरकाया और उन्होंने तेजी से गेंद को फ्लिक कर गोल में डाल कर भारत का खाता खोला। उत्तम सिंह के दूसरे क्वार्टर के पहले ही मिनट में बाएं से जोरदार हमले पर गेंद को दाएं बॉबी सिंह धामी ने संभाला और उनसे मिली गेंद को अरिजीत सिंह हुंदल ने तेजी से फ्लिक कर गोल में डाल कर भारत की बढ़त 2-0 कर दी। अमनदीप ने दूसरा क्वॉर्टर खत्म होने से कुछ ही सेकंड पहले राजिंदर सिंह से मिली गेंद पर तेज वाली लगाकर भारत को 3-0 से आगे कर दिया था। भारत ने शुरू के दो हाफ बाद 3-0 की बढ़त लेकर मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली।

■ जीत के बावजूद भारत को आगे के मुकाबलों में गलतियों से बचना होगा

दक्षिण कोरिया के ड्रैग फ्लिकर लिम दोहयुन ने तीसरे क्वार्टर के आठवें मिनट में मिले दूसरे पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर स्कोर 1-3 कर दिया। अरिजित हुंदल ने तीसरे क्वॉर्टर के खत्म होने से चार मिनट पहले रिबाउंड पर लौटती गेंद पर अपनी हैट्रिक पूरी कर भारत को फिर 4-1 से आगे कर दिया। इसके तुरंत बाद कप्तान उत्तम सिंह ने रफ टैकल पर हरा कार्ड दो मिनट के लिए और अगले ही मिनट रोहित ने बेवजह की रफ टैकल पर पीला कार्ड हासिल किया और तीसरा क्वार्टर खत्म होने से तीन मिनट पहले नौ खिलाड़ी रह गए। उत्तम तीसरा क्वॉर्टर खत्म होने से पहले मैदान पर लौट आए लेकिन दक्षिण कोरिया ने तीसरा खत्म होने से पहले मैच का अपना तीसरा पेनल्टी कार्नर हासिल किया इस पर भारत के गोलरक्षक मोहित ने लिम दोहयुन को पैड से रोका लेकिन लौटती गेंद को मिंकवॉन किम ने संभाल तेजी से फ्लिक कर गोल में डाल स्कोर 2-4 कर दिया। दक्षिण कोरिया ने इसके बाद सभी पेनल्टी कॉर्नर पर भारत के गोलरक्षक मोहित ने अच्छे बचाव कर उसे और गोल नहीं करने दिया।

## मैक्सवेल की निगाहें चौंकाने वाली रेड-बॉल वापसी पर

**दुबई,** 5 दिसंबर (एजेंसियां)। सीमित ओवरों के विशेषज्ञ ग्लेन मैक्सवेल ने टेस्ट क्रिकेट में वापसी की उम्मीद नहीं छोड़ी है और मौजूदा आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र के अंत में उपमहाद्वीप में एक विदेशी सीरीज पर नजर गड़ाए हुए हैं।

आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार, मैक्सवेल ने अपने देश के लिए केवल सात टेस्ट खेले हैं, जिनमें से प्रत्येक लाल गेंद की प्रतियोगिता ऑस्ट्रेलिया के बाहर हुई है और उनकी सबसे हालिया उपस्थिति छह साल से अधिक पहले हुई थी। उस समय मैक्सवेल ने ऑस्ट्रेलिया को 2021 में दुबई में अपने शुरुआती आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप खिताब का दावा करने में मदद करने में एक प्रमुख भूमिका निभाई और फिर भारत में ऑस्ट्रेलियाई टीम के हालिया सफल आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप अभियान के दौरान एक बार फिर अपनी भूमिका निभायी।

जबकि मैक्सवेल को पता है कि वह खेल के सीमित ओवरों के प्रारूप के लिए बेहतर अनुकूल हैं, 35 वर्षीय को अभी भी लगता है कि वह टेस्ट स्तर पर प्रभाव डाल सकते हैं और ऑस्ट्रेलिया की वर्तमान विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र की अंतिम श्रृंखला से पहले चयन के लिए अपना नाम आगे बढ़ाना जारी रखना चाहते हैं। ऑस्ट्रेलिया का 2025 की शुरुआत में वार्न-मुरलीधरन ट्रॉफी के लिए श्रीलंका की यात्रा करने का कार्यक्रम है, जो उस वर्ष के अंत में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल से पहले एक महत्वपूर्ण श्रृंखला के रूप में सामने आती है और मैक्सवेल इसमें शामिल होने की आकांक्षा रखते हैं।

मैक्सवेल ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलियाई रेडियो स्टेशन एसईएन पर कहा, मैं वर्तमान पक्ष की परिस्थितियों को भली-भांति समझ रहा हूं। वे वास्तव में अच्छा क्रिकेट खेल रहे हैं, वे विश्व टेस्ट चैंपियन हैं। जहां तक घरेलू मैदान पर टेस्ट मैचों की बात है तो ज्यादा जगहें नहीं बची हैं, लेकिन मुझे पता है कि जब उपमहाद्वीप दौरे की बात आती है तो मैं उस टीम में भूमिका निभाने के लिए एक वास्तविक व्यवहार्य विकल्प हो सकता हूं। मुझे नहीं लगता कि 2025 की शुरुआत तक कोई और उपमहाद्वीप दौरा होगा। इसलिए, मैं इसके लिए कड़ी मेहनत करता रहूंगा और उम्मीद है कि उस स्तर पर एक मौका मिलेगा।



मैक्सवेल वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया में अपने घर वापस आ गए हैं और खुद को एक और घरेलू बिग बैश लीग अभियान के लिए तैयार कर रहे हैं, जबकि उनके कई विश्व कप विजेता टीम के साथी एक व्यस्त टेस्ट समर की शुरुआत के लिए तैयारी कर रहे हैं जिसमें विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला और वेस्ट इंडीज के खिलाफ दो मुकाबले शामिल हैं।

गर्मियों में होने वाली अधिकांश चर्चा इस बात को लेकर है कि क्या अनुभवी सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर सिडनी में पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू टेस्ट के बाद टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे, जैसा कि उन्होंने इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया के सफल विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल अभियान से पहले सुझाव दिया था। टीम के पूर्व साथी मिशेल जॉनसन ने हाल ही में वार्नर को लेकर कुछ शिकायतें व्यक्त करते हुए संकेत दिया था कि अनुभवी सलामी बल्लेबाज को अपनी सेवानिवृत्ति की तारीख का चयन करने में सक्षम नहीं होना चाहिए। लेकिन मैक्सवेल ने इस चर्चा में शामिल होने से इनकार कर दिया और इसके बजाय अपने साथी विश्व कप विजेता के लिए एक शानदार समर्थन प्रदान करने का विकल्प चुना। मैक्सवेल ने कहा, मैं इस बारे में कुछ सुर्खियों में अपना नाम नहीं उछालूंगा। लेकिन डेवी लंबे समय तक ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के पूर्ण चैंपियन रहे हैं और चयनकर्ता इस बारे में बहुत स्पष्ट थे कि वे इसके बारे में क्या सोचते हैं (उनके चयन के बारे में)। मैं डेवी को उस पहले टेस्ट में और उसे इस गर्मी में बहुत सारे रन बनाते हुए देखने के लिए उत्सुक हूं।

## बड़े रिकॉर्ड तोड़ना मायने रखता है : गिल

**नई दिल्ली,** 5 दिसंबर (एजेंसियां)। भारत के युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने कहा कि वह स्थायी सफलता के क्षितिज पर अपनी नजरें गड़ाए हुए हैं और बिना किसी विशिष्ट व्यक्तिगत उपलब्धि को ध्यान में रखे लगातार प्रमुख रिकॉर्डों को पार करने का लक्ष्य बना रहे हैं। क्रिकेट के प्रतिभाशाली खिलाड़ी गिल इस साल की शुरुआत में हैदराबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ 149 गेंदों में 208 रन बनाकर वनडे दोहरा शतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए थे । साथ ही वो सबसे तेज़ 1000 वनडे रन बनाने वाले भारतीय भी बन गए। एक पुरस्कार समारोह में बोलते हुए 24 वर्षीय सलामी बल्लेबाज ने कहा कि सबसे कम उम्र में 200 का स्कोर बनाना एक बड़ी उपलब्धि है लेकिन वह दीर्घकालिक सफलता पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।



गिल ने कहा, 200 का स्कोर हासिल करने वाले सबसे कम उम्र के होने का गौरव प्राप्त करना वास्तव में एक उपलब्धि है। लेकिन, मेरा प्राथमिक ध्यान दीर्घकालिक सफलता पर है। लगातार महत्वपूर्ण रिकॉर्ड को पार करना मेरे लिए मायने रखता है। फिलहाल कोई व्यक्तिगत रिकॉर्ड मेरे दिमाग में नहीं है। गिल ने अपने प्रेरणास्रोत सचिन तेंदुलकर की प्रशंसा करते हुए कहा, सचिन तेंदुलकर सर्वकालिक महान हैं और मैंने उनकी वजह से क्रिकेट खेलना शुरू किया। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज ने भारत के विश्व कप 2023 अभियान पर भी विचार किया और कहा, यह हम सभी के लिए दिल तोड़ने वाला था। हालांकि, खिलाड़ी के रूप में भविष्य की चुनौतियों के लिए तत्पर रहना हमें आगे बढ़ाता है। इसलिए आगे बढ़ना हमारी यात्रा का एक अनिवार्य पहलू है। गिल, जिन्हें आखिरी बार अहमदाबाद में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल के दौरान एक्शन में देखा गया था। दक्षिण अफ्रीका में आगामी मैचों के लिए तैयारी कर रहे हैं।

## बल्लेबाज रोहित शर्मा से ज्यादा कप्तान रोहित की जरूरत है : मोहम्मद कैफ

**विशाखापत्तनम,** 5 दिसंबर (एजेंसियां)। आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप 2023 के कड़े मुकाबले के बाद, जहां एक रोमांचक फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत के सपनों को चकनाचूर कर दिया, अब क्रिकेट जगत का ध्यान टी20 विश्व कप 2024 पर केंद्रित हो गया है।

पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ का मानना है कि हार के मलबे के बीच, रोहित शर्मा का नेतृत्व पहले से कहीं अधिक चमक रहा है। उन्होंने कहा, टी20 विश्व कप 2024 में टीम का नेतृत्व करने के लिए आपको बल्लेबाज रोहित शर्मा से ज्यादा कप्तान रोहित की जरूरत है। एकदिवसीय विश्व कप फाइनल तक भारतीय टीम की यात्रा लगातार दस जीतों से चिह्नित थी, जिसका समापन अहमदाबाद में आस्ट्रेलियाई टीम के साथ हुआ। हालाँकि, 240 के निम्न-बराबर स्कोर और लगातार ऑस्ट्रेलियाई पीछा करने से उन्हें टूर्नामेंट में पहली हार का सामना करना पड़ा, जिससे उन्हें 50 ओवर का विश्व खिताब जीतने का सपना टूट गया। अब, जैसे कि टी20 विश्व कप नजदीक है, सवाल उठता है- क्या रोहित शर्मा भारतीय टीम का नेतृत्व करना जारी रखेंगे, या कोई नया कप्तान पद संभालेगा?



कैफ, जो एक खिलाड़ी और एक नेता दोनों के रूप में रोहित की प्रतिभा को स्वीकार करते हैं, का तर्क है कि मुंबईकर की कप्तानी अपरिहार्य है, खासकर हार्दिक पांड्या की अनुपस्थिति में।

कैफ ने कहा, रोहित शर्मा को वहां रहना होगा क्योंकि उनमें नेतृत्व की गुणवत्ता है। उन्होंने वनडे विश्व कप के दौरान लचीलापन और कौशल का प्रदर्शन करने वाली टीम का मार्गदर्शन करने में रोहित की भूमिका के महत्व पर जोर दिया। जिस तरह से उन्होंने 50 साल के विश्व कप में नेतृत्व किया, उन्होंने एक नेता के रूप में शानदार काम किया है। आपके प्रमुख ऑलराउंडर (हार्दिक पांड्या) के बिना टीम को फाइनल में पहुंचाया है, आप इस बात की सराहना करेंगे। भारत को टी20 में भी उनके अनुभव की जरूरत होगी, रोहित ने कप्तान और बल्लेबाज के तौर पर शानदार काम किया जिसकी भारत को टी20 में भी जरूरत होगी। जैसे-जैसे टी20 विश्व कप नजदीक आ रहा है, रोहित शर्मा के नेतृत्व गुणों को भारत की सफलता के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। विराट कोहली और रोहित के सफेद गेंद वाले क्रिकेट से ब्रेक लेने के साथ, दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए टेस्ट टीम में चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे की अनुपस्थिति पर सवाल उठ रहे हैं। कैफ ने विशेष रूप से पुजारा की चूक के बारे में भी चिंता व्यक्त की, उन्होंने कहा, श्रेयस अय्यर आपके लिए पुजारा की जगह भरना कठिन होगा। कैफ ने कहा, मुझे नहीं पता कि पुजारा को क्यों नहीं चुना गया है। आप अपने प्रमुख बल्लेबाज के बिना अफ्रीकी दौरे पर नहीं जा सकते, आप मौजूदा या पिछले फॉर्म पर भरोसा नहीं कर सकते, जिस चीज की आपको सबसे ज्यादा जरूरत है उसे अनुभव कहा जाता है और भारत को इसकी कमी खलेगी।

## पीसीबी का ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज से अपना नाम वापस लेने पर रऊफ को नोटिस

**लाहौर** 5 नवंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने हारिस रऊफ, उसामा मीर और जमान खान को बीबीएल में खेलने के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) देते ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज से नाम वापस लेने वाले रउफ को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। पीसीबी की मंजूरी मिलने के बाद तीनों खिलाड़ी 28 दिसंबर तक बीबीएल में खेल सकेंगे। बोर्ड ने कहा है कि 'खिलाड़ियों के कार्यभार और राष्ट्रीय पुरुष टीम के भविष्य के दौरे के कार्यक्रम' को ध्यान में रखते हुए यह मंजूरी दी गई है। ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद पाकिस्तान की टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज खेलनी है।



उल्लेखनीय है कि सात दिसंबर को (बिग बैश लीग) बीबीएल 2023-24 का पहला मैच खेला जाएगा। इन खिलाड़ियों के पास सिर्फ 28 दिसंबर तक बीबीएल में खेलने की अनुमति है। ऐसे में उसामा और रऊप मेलबर्न स्टार्स के लिए केवल पांच ही मैच खेल पाएंगे। वहीं जमान भी सिडनी थंडर्स के लिए इतने ही मैच खेल सकेंगे।

बोर्ड ने कहा, पीसीबी समझता है कि कार्यभार प्रबंधन के साथ-साथ इस मसले से जुड़े हुए सभी पक्षों के लिए यह एक संतुलित निर्णय है। इसमें सभी हितधारकों का ध्यान रखा गया है।

■ पीसीबी की मंजूरी मिलने के बाद तीनों खिलाड़ी 28 दिसंबर तक बीबीएल में खेल सकेंगे

■ मेलबर्न स्टार्स की टीम अभी से ही रऊफ के स्थान पर खिलाड़ी ढूंढने कर दिया है

वहीं मेलबर्न स्टार्स की टीम अभी से ही रऊफ के स्थान पर खिलाड़ी ढूंढने कर दिया है। उन्होंने ऑली स्टोन को अभ्यास सत्र के लिए बुलाया था। स्टोन को उनकी टीम में शामिल किया जा सकता है। रऊफ के हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज नहीं खेलने के फैसले से नाराज पीसीबी के कई सदस्यों उनकी आलोचना भी की है। इसी संदर्भ में उन्होंने रऊफ को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया है।

## मुख्य कोच मुजुमदार फिटनेस, फील्डिंग पर ध्यान देंगे, विश्व कप में गौरव का लक्ष्य

**मुंबई,** 5 दिसंबर (देशबन्धु) भारतीय महिला क्रिकेट टीम इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार दो सीरीज और दो विश्व कप - बांग्लादेश में टी20 विश्व कप और 2025 में घरेलू मैदान पर वनडे विश्व कप के साथ 18 से 20 महीने की व्यस्तताओं के लिए तैयार हो रही है जिसके लिए नवनियुक्त मुख्य कोच अमोल मुजुमदार ने खिलाड़ियों की फिटनेस और फील्डिंग पर ध्यान देने के लिए दो पहलुओं को चुना है। मुजुमदार ने कहा कि उनके कार्यकाल के दौरान टीम का हर साल तीन फिटनेस टेस्ट होगा। खेल के ये दो पहलू टीम के लिए कमजोर साबित हुए हैं क्योंकि वे शीर्ष टीमों और आईसीसी टूर्नामेंटों में बार-बार पिछड़ रहे हैं। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बहु-प्रारूप श्रृंखला के बाद महिला प्रीमियर लीग के दूसरे संस्करण में भाग लेने के लिए तैयार खिलाड़ियों के साथ, 2024 के मध्य में टी20 विश्व कप से पहले फिटनेस उनके लिए एक प्रमुख मुद्दा होगा। आगे इस तरह के चुनौतीपूर्ण मुकाबलों को देखते हुए, मुजुमदार ने ध्यान केंद्रित करने के लिए दो क्षेत्रों को चुना है क्योंकि टीम को दो पहलुओं में पिछड़ते हुए पाया गया है। मुजुमदार ने कहा कि उन्होंने खिलाड़ियों की फिटनेस और क्षेत्ररक्षण को खेल के दो पहलुओं के रूप में रेखांकित किया है और इसे सख्ती से और धार्मिक रूप से लागू करने की योजना बना रहे हैं। मुजुमदार ने बुधवार को वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले पहले टी20 मैच की पूर्वसंध्या पर मुख्य कोच के रूप में अपनी पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, फील्डिंग और फिटनेस सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसका मैंने पहले ही उल्लेख किया है।

# भारत या इंग्लैंड, तीन मैचों की टी20 सीरीज में कौन मारेगा बाजी?

**मुंबई,** 5 दिसंबर (एजेंसियां)। जब भारतीय महिला टीम और इंग्लैंड महिला टीम के बीच टी20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबलों की बात आती है तो पसंदीदा की तलाश में मत रहिए। इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ 27 मैचों में से केवल सात गंवाए हैं। इतना ही नहीं भारतीय सरजमीं पर भी उन्होंने अपना दबदबा कायम रखा है और अब तक खेले गए नौ टी20 मैचों में से सात में जीत हासिल की है।

आखिरी बार भारत ने महिला टी20 मैच में इंग्लैंड को 2018 में हराया था। इसलिए, बुधवार से वानखेड़े स्टेडियम में शुरू होने वाली तीन मैचों की श्रृंखला मेजबान टीम के लिए एक बड़ी चुनौती होगी। क्या हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली भारतीय महिला टीम सीरीज में इंग्लैंड से बेहतर प्रदर्शन कर पाएगी? यह सवाल प्रशंसकों के मन में सबसे महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत की महिलाएं और इंग्लैंड की महिलाएं दोनों बुधवार को वानखेड़े स्टेडियम में खेले जाने वाले तीन मैचों की टी20 सीरीज के पहले मैच के लिए अपनी पूरी ताकत लगाने के लिए तैयार हैं।

दूसरा मैच 9 दिसंबर को उसी स्थान पर खेला जाएगा और उसके अगले दिन तीसरा और अंतिम टी20 मैच खेला जाएगा। दोनों टीमें 14 दिसंबर से नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में एकमात्र टेस्ट में भिड़ेंगी। उनके खिलाफ इंग्लैंड के शानदार रिकॉर्ड के अलावा, भारतीय महिलाओं को इस श्रृंखला में कुछ अन्य चुनौतियों से भी पार पाना होगा। वे सितंबर 2023 में श्रीलंका के खिलाफ एशियाई खेलों के फाइनल के बाद अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलेंगे और 18 फरवरी, 2023 के बाद पहली बार इंग्लैंड से भिड़ेंगे, जब वे आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में प्रारंभिक ग्रुप मुकाबले में हार गए थे।



संयोग से इंग्लैंड की महिलाओं ने भी अपना आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच श्रीलंका के खिलाफ नॉर्थम्प्टन में एकदिवसीय श्रृंखला का तीसरा मैच खेला, जिसका कोई नतीजा नहीं निकला।

भारतीय घरेलू परिस्थितियों पर भरोसा करने की उम्मीद कर रहे होंगे। जो कप्तान हीथर नाइट, नैट साइवर-ब्रंट, सोफी एक्लेस्टोन, सोफिया डंकले और एलिस कैप्सी जैसे इंग्लैंड के खिलाड़ियों के लिए उतनी अलग नहीं होगी, क्योंकि यह सभी खिलाड़ी महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) का हिस्सा थीं। वो भारतीय खिलाड़ियों को अच्छी तरह से समझते हैं। साथ ही उनमें से कुछ के साथ ड्रेसिंग रूम साझा किया है और दूसरों को करीब से देखा है।

लेकिन इंग्लैंड की महिला कप्तान हीथर नाइट ने कहा कि यह दोनों तरीकों से काम करता है क्योंकि भारतीय खिलाड़ियों ने भी डब्ल्यूपीएल के दौरान उनके खिलाड़ियों की ताकत और कमजोरियों को देखा होगा।

हीदर नाइट ने कहा, मुझे लगता है कि यह दोनों तरीकों से काम करता है। जाहिर है, मैं उन खिलाड़ियों को बेहतर जानती हूं जो टीम में आ रहे हैं लेकिन वे मेरे खेल और इस तरह की चीजों को भी बेहतर जानते हैं। लेकिन हां, मुझे लगता है कि यह काफी रोमांचक गतिशीलता पैदा करता है। डब्लूपीएल में आपके साथियों के खिलाफ अलग-अलग तरह की कहानियां चल रही हैं। कुछ अन्य टीमों में भी ऐसा ही है। तो हां, मुझे लगता है कि यह एक शानदार श्रृंखला होने जा रही है।

भारतीय टीम इस श्रृंखला में अपने मजबूत शीर्ष क्रम की बल्लेबाजी और स्पिन गेंदबाजी पर भरोसा करेगी। जिसे शैफाली वर्मा, स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स और कप्तान हरमनप्रीत कौर से सबसे अधिक फायदा मिलने की उम्मीद है। गेंदबाजी विभाग में सभी की निगाहें स्पिनर श्रेयंका पाटिल और सायका इशाक पर होंगी, जो डब्ल्यूपीएल की दो खोज हैं जो अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण की उम्मीद कर रही होंगी। गति विभाग में फोकस मध्यम तेज गेंदबाज तितास साधु पर होगा। जिन्होंने इस साल की शुरुआत में बांग्लादेश के खिलाफ डेब्यू किया था।

## सार संक्षेप

### जिम्बाब्वे ने आयरलैंड टी-20 श्रृंखला के लिए टीम में किया नये चेहरों को शामिल

**हरारे।** टी-20 विश्वकप के लिए क्वालीफाइ करने में विफल रही जिम्बाब्वे ने आयरलैंड के खिलाफ आगामी टी-20 सीरीज के लिए टीम में नये चेहरों को जगह दी है। जिम्बाब्वे ने आयरलैंड के खिलाफ टी-20 के लिए टीम में कई बदलाव किए गए हैं। मध्यक्रम के बल्लेबाज ब्रायन बेनेट और तेज गेंदबाज ट्रेवर ग्वांडू को टीम में शामिल किया है। लेग स्पिनर ब्रेंडन मावुता और बल्लेबाज टोनी मुनयोंगा को भी टीम वापस बुला लिया गया है तथा अफ्रीका क्वालीफायर के पहले मुकाबले में कमर में चोट के कारण बाहर हुए क्रेग एर्विन की भी 15 सदस्यीय टीम में वापसी हुई है। तेज गेंदबाज तेंडाई चटारा, बाएं हाथ के स्पिनर वेलिंगटन मसाकाद्जा, सलामी बल्लेबाज इनोसेंट कैया और निक वेल्च को टीम से बाहर किया है। तीन मैचों की टी-20 सीरीज सात दिसंबर को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में शुरू होगी।

### आईएसएल में ईस्ट बंगाल एफसी ने एनई यूनाइटेड एफसी को 5-0 से हराया

**कोलकाता।** ईस्ट बंगाल एफसी ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में नॉर्थईस्ट युनाइटेड एफसी को 5-0 से हराकर अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। सोमवार की रात यहां विवेकानन्द युवा भारती क्रीड़ांगन (साल्ट लेक स्टेडियम) में खेले गये इस मुकाबले में क्लिटन सिल्वा ने 24वे मिनट, 66वे मिनट में और नंदकुमार सेकर ने 62वे मिनट, 81वे मिनट में ने दो-दो गोल किए। जिसकी बदौलत ईस्ट बंगाल एफसी ने नॉर्थईस्ट युनाइटेड एफसी 5-0 से हरा दिया। ससे पहले, उन्होंने 24वें मिनट में मंदार राव देसाई के क्रॉस पर सिर हिलाया था और रात के लिए अपना खाता खोला था।

### राजेश्वरी, विवान ने सीज़न का पहला ट्रैप शूटिंग राष्ट्रीय ट्रायल जीता

नई दिल्ली। पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा विजेता राजेश्वरी कुमारी ने मंगलवार को यहां शहर के कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में महिलाओं के ट्रैप राष्ट्रीय चयन ट्रायल 1 में जीत हासिल की जबकि, विवान कपूर ने पुरुषों के ट्रैप में जीत हासिल की। महिलाओं के ट्रैप में भारत की नंबर एक महिला ट्रैप निशानेबाज राजेश्वरी ने तीन दिनों तक चले क्वालिफिकेशन राउंड में 118 के स्कोर के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। रजत पदक जीतने वाली दिल्ली की किशोरी भाव्या त्रिपाठी ने 114 का स्कोर बनाकर छह क्वालीफाइंग स्थानों में से एक पर कब्जा कर लिया। लेकिन, अपने पांचवें स्थान में सुधार करते हुए फाइनल में राजेश्वरी के साथ 43-हिट के साथ बराबरी पर रहीं।